CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 29° C
न्यूनतम : 15° C

लखनऊ, शनिवार 7 मार्च 2026 लखनऊ संस्करण: वर्ष 17 अंक 120 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | फाल्गुन कृष्ण पक्ष 2 विक्रमी सम्वत् 2082 | 17 रमज़ान 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



लंबे युद्धों के लिए मजबूत रक्षा औद्योगिक क्षमता जरूरी: एडमिरल त्रिपाठी पेज 2



विश्वकप फाइनल में खेलना, मेरे बेहतरीन पलों में एक: संजू सैमसन खेल टाइम्स



न्याय की कछुआ चाल और बढ़ते महिला अपराध सम्पादकीय



लंबी जंग लड़ने के लिए ईरान पूरी तरह तैयार: आईआरजीसी पेज 12

# UPSC 2025 का अंतिम परिणाम घोषित

## अनुज अग्निहोत्री बने टॉपर, दूसरे स्थान पर राजेश्वरी सुवे एम. व तीसरा स्थान अकांश ढुल ने हासिल किया

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने सिविल सेवा परीक्षा (सीएसई) 2025 का अंतिम परिणाम शुक्रवार को घोषित कर दिया। इस वर्ष विभिन्न अखिल भारतीय और केंद्रीय सेवाओं में नियुक्ति के लिए कुल 958 उम्मीदवारों की सिफारिश की गई है जिनमें 659 पुरुष और 299 महिलाएं शामिल हैं।

यूपीएससी के अनुसार सिविल सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा 25 मई 2025 को आयोजित की गई थी। इस परीक्षा के लिए 9,37,876 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था, जिनमें से 5,76,793 उम्मीदवार परीक्षा में शामिल हुए। इसके बाद अगस्त 2025 में आयोजित लिखित (मुख्य) परीक्षा में बैठने के लिए 14,161 उम्मीदवारों ने योग्यता प्राप्त की। मुख्य परीक्षा के बाद 2,736 उम्मीदवारों को व्यक्तित्व परीक्षण (इंटरव्यू) के लिए बुलाया गया था। अंतिम परिणाम के आधार पर विभिन्न सेवाओं में नियुक्ति के लिए कुल 958 अभ्यर्थियों की अनुशंसा की गई है। इस वर्ष की परीक्षा में अनुज अग्निहोत्री ने पहला स्थान हासिल किया है। उन्होंने -शेष पृष्ठ दो पर



अनुज अग्निहोत्री



राजेश्वरी सुवे एम.



अकांश ढुल

■ विभिन्न सेवाओं में नियुक्ति के लिए कुल 958 अभ्यर्थियों की अनुशंसा की गई

## शामली की आस्था जैन ने हासिल की नौवीं रैंक

**शामली।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा घोषित सिविल सेवा परीक्षा 2025 के परिणामों ने शामली जनपद का नाम रोशन किया है।

शहर की होनहार बेटी आस्था जैन ने इस प्रतिष्ठित परीक्षा में ऑल इंडिया नौवीं रैंक प्राप्त कर नया इतिहास रचा है। आस्था की इस असाधारण उपलब्धि ने न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे जनपद को गौरवान्वित किया है। आस्था जैन का बचपन से ही मेधावी छात्रा के रूप में एक उज्ज्वल भविष्य रहा है। उन्होंने अपनी स्कूली शिक्षा शहर के प्रतिष्ठित स्कॉटिश स्कूल से प्राप्त की। वर्ष 2018-19 में उन्होंने सीबीएसई कक्षा 12वीं की परीक्षा में राष्ट्रीय स्तर पर चौथा स्थान हासिल कर अपनी शैक्षणिक क्षमता का लोहा मनवाया था। आस्था जैन ने अपनी यूपीएससी की तैयारी के लिए किसी भी कोचिंग संस्थान का सहारा नहीं लिया। उन्होंने स्वयं अध्ययन और दृढ़ संकल्प के बल पर इस परीक्षा को उत्तीर्ण किया।



## सिर्फ व्हाट्सएप चैट से तलाक नहीं: बॉम्बे हाईकोर्ट

**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने कहा है कि बिना सबूत सिर्फ व्हाट्सएप चैट के आधार पर तलाक का आदेश नहीं दिया जा सकता। जस्टिस भारती डांगरे और जस्टिस मंजुषा देशपांडे की बेंच ने महिला की फैमिली कोर्ट अपील पर सुनवाई में यह बात कही। बेंच ने कहा कि हिंदू मैरिज एक्ट, 1955 की धारा 13(1)(आई-ए) के तहत क्रूरता के आरोप कानूनी तौर पर मंजूर सबूतों से साबित होने चाहिए, जिस सामग्री पर भरोसा किया गया, विरोधी पक्ष को उसका खंडन करने का मौका मिलना चाहिए। महिला ने फैमिली कोर्ट के 27 मई 2025 के एकतरफा फैसले और आदेश को चुनौती दी थी।

## 17वां रोज़ा

### आखिरत की फिक्र और अल्लाह का जिक्र है रोज़ा



मगफिरत के अशरे के आईने में देखें तो सत्रहवां रोज़ा आखिरत की फिक्र है, अल्लाह का ज़िक्र है। इस बात को इस तरह समझना होगा-किसी भी शख्स के सामने मोटे तौर पर दो ही तरह से फिक्र होती है, दुनियावी और दीनी। दुनियादारी के दलदल से निकलकर दीनदारी के जरिये ही दरअसल आखिरत की फिक्र है। आखिरत की फिक्र असल में मगफिरत की फिक्र है, रोज़ा जिसका रूहानी रास्ता है। सत्रहवां रोज़ा चूंकि रमज़ान माह के मगफिरत के अशरे का हिस्सा है, इसलिए आखिरत की फिक्र के साथ-साथ मगफिरत की मंजिल पर पहुंचने के लिए अल्लाह के ज़िक्र में रोज़ेदार को मशगूल रखने का सिलसिला भी है।




# ईरान का अमेरिका की 'आंख' पर हमला

## लगभग 1.1 अरब डॉलर की लागत का 5000 किमी रेंज वाला वॉर्निंग सिस्टम किया तबाह

दोहा, वार्ता

**पश्चिम एशिया** में अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के बीच ईरान ने एक ऐसा हमला किया है, जिसे अमेरिका के लिए एक बड़ा झटका माना जा रहा है। रिपोर्ट्स के अनुसार ईरान ने कतर में स्थित अमेरिका के एक प्रमुख मिसाइल वार्निंग रडार सिस्टम को निशाना बनाया है, जिसकी रेंज 5000 किलोमीटर बताई जा रही है।

इस हमले को अमेरिका के लिए बड़ा नुकसान करार दिया जा रहा है। यह खबर ऐसे वक्त पर सामने आई है, जब अमेरिका ने हिंद महासागर में एक ईरानी पोत को डुबो दिया, जिसमें 80 से अधिक लोगों के मारे जाने की खबर है। ईरानी इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) द्वारा किए गए इस हमले ने कतर में तैनात अमेरिकी सेना की मिसाइल चेतावनी प्रणाली को क्षतिग्रस्त कर दिया है। इस प्रणाली को क्षेत्र में अमेरिका की आंख के रूप में देखा जाता था और यह अमेरिकी मिसाइल रक्षा नेटवर्क का एक महत्वपूर्ण हिस्सा थी। लगभग 1.1 अरब डॉलर की लागत वाला यह रडार सिस्टम, संभावित मिसाइल हमलों का समय रहते पता लगाने की अमेरिका की क्षमता को कमजोर कर सकता है। अंतरिक्ष से ली गई सैटेलाइट तस्वीरों ने अमेरिकी सैन्य ढांचे को हुए नुकसान की पुष्टि की है। प्लैनेट लैब्स द्वारा जारी इन तस्वीरों में अमेरिकी स्पेस फोर्स के एएन/एफपीएस-132 (ब्लॉक 5) बैलिस्टिक मिसाइल अर्ली वार्निंग रडार सिस्टम के आसपास क्षति और आग बुझाने की गतिविधियां दिखाई दी हैं। यह मध्य पूर्व में अमेरिकी सेना द्वारा संचालित सबसे बड़ा मिसाइल चेतावनी रडार माना जाता है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह हमला संभवत: कम लागत वाले हमलावर ड्रोन, शायद शाहेद जैसे से किया गया होगा। मिसाइलों और ड्रोन के एक साथ बड़े हमले के दौरान, यह ड्रोन रक्षा तंत्र को भेदने में सफल रहा। यह रडार सिस्टम अमेरिकी रक्षा कंपनी रेथियान द्वारा अपग्रेडेड अर्ली वार्निंग रडार (यूईडब्ल्यूआर) कार्यक्रम के तहत विकसित किया गया था। इसकी 5000 किलोमीटर तक की दूरी पर बैलिस्टिक मिसाइलों और अन्य हवाई खतरों को ट्रैक करने की क्षमता इसे अत्यंत महत्वपूर्ण बनाती है। पूरे मध्य पूर्व क्षेत्र में मिसाइल लॉन्च का शुरुआती अलर्ट देने में यह प्रणाली महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। कतर में इसकी रणनीतिक स्थिति के कारण, यह ईरान, इराक, सीरिया, तुर्किये, मध्य एशिया के कुछ हिस्सों और हिंद महासागर तक की निगरानी कर सकता था।



■ कम लागत वाले शाहेद ड्रोन से उड़ाया
■ सैटेलाइट तस्वीरों से पुष्टि व हमले के तरीके का खुलासा

## जंग से इजरायल को हर हफ्ते अरबों डॉलर का नुकसान

**यरूशलम।** ईरान के साथ जारी युद्ध के कारण इजरायल की अर्थव्यवस्था को हर सप्ताह भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है।

इजरायल के वित्त मंत्रालय ने चेतावनी दी है कि मौजूदा प्रतिबंधों के कारण देश की अर्थव्यवस्था को हर हफ्ते लगभग 9.4 अरब शेकेल (करीब 3 अरब डॉलर) का नुकसान हो सकता है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, वित्त मंत्रालय के महानिदेशक इलान रोम ने होम फ्रंट कमांड के प्रमुख मेजर जनरल शाई क्लैपर को पत्र लिखकर आर्थिक गतिविधियों पर लगे कड़े प्रतिबंधों में ढील देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा जरूरतों को ध्यान में रखते हुए भी अर्थव्यवस्था को पूरी तरह बंद रखना बेहद महंगा साबित हो रहा है। पिछले ढाई वर्षों से सुरक्षा जरूरतों और युद्ध के असर के कारण देश की अर्थव्यवस्था पर पहले ही भारी बोझ पड़ा है। ऐसे में अब ऐसा समाधान तलाशना जरूरी है, जिससे सुरक्षा और आर्थिक गतिविधियों दोनों का संतुलन बना रहे। दरअसल, पिछले सप्ताह शनिवार को इजरायल व अमेरिका की ओर से ईरान पर किए गए हमले के बाद इजरायली रक्षा बलों के होम फ्रंट कमांड ने पूरे देश में सख्त दिशानिर्देश लागू कर दिए थे। इसके तहत सभी तरह की सार्वजनिक सभाओं, शैक्षणिक गतिविधियों और गैर-जरूरी कार्यस्थलों को बंद करने का आदेश दिया गया था।

## ईरान ने 22वीं बार इजरायल पर दागीं मिसाइलें

**तेल अवीव/तेहरान।** अमेरिका- इजरायल और ईरान जंग का शुक्रवार को सातवां दिन था। ईरान ने इजरायल के खिलाफ मिसाइलों की 22वीं खेप दागी है। साथ ही कुवैत में मौजूद अमेरिकी सैन्य बेस को सुसाइड ड्रोन से निशाना बनाकर हमला करने का दावा किया है। ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने कहा कि ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस-4 की 22वीं लहर के तहत इजरायल के कब्जे वाले क्षेत्रों के अंदरूनी हिस्सों को निशाना बनाया गया। इस दौरान खोर्रमशहर-4, खैबर और फत्ताह जैसी उन्नत मिसाइलें दागी गईं। दूसरी ओर ईरानी सेना ने कहा कि उसके जमीनी बलों ने कुवैत में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर बड़े पैमाने पर सुसाइड ड्रोन से हमला किया। ईरानी सरकारी टीवी के मुताबिक कई विनाशकारी ड्रोन अमेरिकी बेस की ओर भेजे गए। ईरानी सेना ने कहा कि आने वाले समय में भी ऐसे हमले जारी रहेंगे। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि ईरान ने गुरुवार रात को इजरायल के खिलाफ कलस्टर बमों का इस्तेमाल किया है।

■ कुवैत में अमेरिकी मिलिट्री बेस पर भी हमला, सुसाइड ड्रोन से निशाना बनाया

# अमेरिका ने भारत को रूस से तेल खरीद में दी अस्थायी छूट

**वाशिंगटन/नई दिल्ली।** अमेरिकी ट्रंप प्रशासन ने विशेष रूप से भारत के लिए अपने प्रतिबंधों में ढील देते हुए उसे 30 दिन तक रूस से कच्चा तेल और पेट्रोलियम उत्पाद खरीदने की छूट दी है, हालांकि यह छूट समुद्र में तेल वाहक जहाजों में पहले से लदे तेल के लिए ही है।

अमेरिका ने किसी भी देश के रूस से कच्चा तेल और दूसरे पेट्रोलियम उत्पाद खरीदने पर एकतरफा प्रतिबंध लगाया हुआ है। उसका कहना था कि रूस कच्चे तेल की बिक्री से प्राप्त पैसे का इस्तेमाल यूक्रेन के खिलाफ युद्ध के वित्त पोषण के लिए कर रहा है। यहां तक कि रूस से कच्चे तेल की खरीद जारी रखने के लिए उसने अगस्त 2025 में भारत पर 25 प्रतिशत का दंडात्मक आयात शुल्क भी लगाया था, जिसे इस साल फरवरी के पहले सप्ताह में हटा लिया गया था। उस समय अमेरिका ने कहा था कि भारत ने रूस से तेल खरीदना बंद कर दिया है, हालांकि भारत सरकार ने अमेरिका के इस दावे को कभी स्वीकार नहीं किया और कहा कि भारत अपने हितों के अनुरूप तेल की खरीद जारी रखेगा। अमेरिका ने पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच भारत को 30 दिन के लिए विशेष छूट देने की घोषणा की और कहा कि इसका उद्देश्य वैश्विक स्तर पर ऊर्जा की आपूर्ति बाधित करने के ईरान के प्रयासों को विफल करना है। अमेरिका के वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में बताया कि वैश्विक बाजार में कच्चे तेल उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए वित्त विभाग ने भारतीय तेल रिफाइनरियों को 30 दिन के लिए (4 अप्रैल तक) रूस से कच्चा तेल खरीदने की छूट दे रहा है। उन्होंने लिखा कि सोझ-समझकर दी गई इस कुछ दिन की छूट से रूस की सरकार को बहुत ज्यादा वित्तीय लाभ नहीं होगा, क्योंकि यह सिर्फ समुद्र में फंसे (तेल वाहक जहाजों में लदे) तेल की खरीद के लिए है।



■ प्रतिबंधों में ढील 30 दिन तक समुद्र में तेल वाहक जहाजों में पहले से लदे तेल के लिए ही सीमित

## अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के संयुक्त निदेशक शेषनाथ पांडेय बर्खास्त

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने गंभीर वित्तीय और प्रशासनिक अनियमितताओं के आरोप सिद्ध होने पर अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के संयुक्त निदेशक शेषनाथ पांडेय को सेवा से बर्खास्त कर दिया है। साथ ही उन्हें भविष्य में किसी भी सरकारी सेवा के लिए अयोग्य घोषित कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार जांच अधिकारी की रिपोर्ट, अभिलेखीय साक्ष्य, संबंधित अधिकारी के स्पष्टीकरण और लोक सेवा आयोग की सहमति के बाद यह कठोर कार्रवाई की गई। पांडेय पर लगाए गए 15 आरोपों में से 14 आरोप जांच में सिद्ध पाए गए। जांच में सामने आया कि उन्होंने वित्तीय अनियमितताएं, कदाचार, तथ्यों को छिपाने, न्यायिक आदेशों की अनदेखी और नियमों के विरुद्ध आदेश पारित कर अनुचित लाभ पहुंचाने जैसे गंभीर कृत्य किए। इसे उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक (आचरण) नियमावली, 1956 का स्पष्ट उल्लंघन माना गया है। आरोप है कि एक मदरसे में पहले से सेवा समाप्त किए जा चुके व्यक्ति के लिए बिना वैध पुनर्नियुक्ति आदेश के वित्तीय अनुमोदन बहाल कर वेतन भुगतान का आदेश दिया गया।

# कर्नाटक में बच्चों के सोशल मीडिया यूज पर लगेगा बैन

**बेंगलुरु।** कर्नाटक सरकार ने शुक्रवार को 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया के इस्तेमाल पर रोक लगाने का ऐलान किया। कर्नाटक ऐसा करने वाला देश का पहला राज्य है।

सीएम सिद्धारमैया ने बजट भाषण के दौरान कहा कि बच्चों में मोबाइल और सोशल मीडिया का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है, जिससे उन पर गलत असर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि इस बैन को किस तरह लागू किया जाएगा, इसकी तैयारी चल रही है और जल्द ही नियम बनाए जाएंगे। वहीं आंध्र प्रदेश सरकार भी 13 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर बैन लगाने की तैयारी में है। मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने शुक्रवार को विधानसभा में इसकी जानकारी दी। सिद्धारमैया ने कहा कि स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालय बच्चों के स्वास्थ्य, उनके व्यक्तित्व और उनके भविष्य को बनाने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सरकार शैक्षणिक संस्थानों में नशे की समस्या को रोकने के लिए कदम उठाएगी। इसके लिए स्कूल और कॉलेजों में जागरूकता अभियान चलाए जाएंगे। साथ ही सख्त नियम लागू किए जाएंगे, ताकि छात्र नशे से दूर रहें। छात्रों की मदद के लिए सहायता और काउंसलिंग केंद्र भी बनाए जाएंगे, जहां वे अपनी समस्याएं खुलकर बता सकें। 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया बैन का प्रस्ताव डेटा सुरक्षा कानून डिजिटल पर्सनल डाटा प्रोटेक्शन एक्ट 2023 (डीपीडीपी) और पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन रूल्स 2025 से भी जुड़ा है। इसके तहत बच्चों को अकाउंट बनाने से पहले माता-पिता की अनुमति और उम्र का वैरिफिकेशन जरूरी होगा। इसके लिए सरकारी पहचान प्रणाली या डिजिटल लॉकर का उपयोग किया जा सकता है। ऑस्ट्रेलिया सरकार ने नवम्बर 2024 में 'ऑनलाइन सेफ्टी अमेंडमेंट बिल' पास किया था। इस कानून का मकसद बच्चों को ऑनलाइन हानिकारक कंटेंट और साइबर जोखिमों से बचाना है। इसमें 16 साल से कम उम्र के बच्चों को ज्पाज्वा, एक्स, फेसबुक, इंस्टाग्राम, स्नैपचौट, यूट्यूब जैसी बड़ी सोशल मीडिया साइटों से दूर रखने का प्रावधान है। इन प्लेटफॉर्म्स को नाबालिगों के अकाउंट हटाने और उम्र की सख्त जांच (एज वेरिफिकेशन) करने की जिम्मेदारी दी गई है, हालांकि इस कानून को लेकर वहां अभिव्यक्ति की आजादी और डिजिटल अधिकारों पर बहस भी चल रही है।




■ ऐसा निर्णय लेने वाला देश का पहला राज्य, पैरेंट्स की परमिशन जरूरी, आंध्र में भी तैयारी

# सुखोई विमान दुर्घटना में दोनों पायलटों की मौत

**नई दिल्ली।** वायुसेना का लड़ाकू विमान सुखोई 30 गुरुवार को असम के कार्बी आंगलोंग इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गया और इसमें सवार दोनों पायलटों की मौत हो गई है। वायुसेना के प्रवक्ता ने शुक्रवार सुबह विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने की पुष्टि करते हुए बताया कि दुर्घटना में विमान के दोनों पायलटों स्क्वाड्रन लीडर अनुज और फ्लाइट लेफ्टिनेंट प्रवेश दुर्गाकर की मौत हो गई है। प्रवक्ता ने कहा कि वायुसेना दुख और संकट की इस घड़ी में पीड़ित परिवारों के प्रति शोक और संवेदना व्यक्त करती है। दुर्घटना जोरहाट से 60 किमी दूर हुई। दुर्घटना के तुरंत बाद से वायुसेना की ओर से व्यापक बचाव अभियान चलाया जा रहा है। इससे पहले वायुसेना ने बताया था कि एक सुखोई विमान के निर्धारित समय पर वापस नहीं आने पर खोज और बचाव अभियान शुरू किया गया था। प्रवक्ता ने कहा था कि एक सुखोई लड़ाकू विमान के निर्धारित समय पर वापस नहीं आने की सूचना मिली है। इस विमान ने असम के जोरहाट हवाई अड्डे से नियमित प्रशिक्षण उड़ान भरी थी और इससे गुरुवार शाम सात बजकर 42 मिनट पर अंतिम बार संपर्क हुआ था।

■ स्क्वाड्रन लीडर अनुज व फ्लाइट लेफ्टिनेंट प्रवेश दुर्गाकर हुए हादसे का शिकार

तुरन्त आवश्यकता

इंडस्ट्रियल एरिया, बिजनौर स्थित फैक्ट्री के लिये

- अलमीरा कारीगर-10
- पार्टिकल बोर्ड के लिये कारपेंटर-4
- सुपरवाइजर मशीन चलाने हेतु- 2

सम्पर्क करें- मो. 7017517607, 9389076177

## संक्षिप्त समाचार

### कश्मीर के कुछ हिस्सों में सख्त प्रतिबंध लागू

**श्रीनगर।** ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या के विरोध में जम्मू-कश्मीर में शुक्रवार की सामूहिक नमाज के बाद विरोध प्रदर्शनों की आशंका के मद्देनजर कश्मीर घाटी के बड़े हिस्से में कड़ी सुरक्षा पाबंदियां लागू कर दी गई हैं। श्रीनगर के कई संवे. दनशील इलाकों, विशेषकर लाल चौक के आसपास और कई शिया बहुल क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था जारी है। लाल चौक की ओर जाने वाली सड़क पर कांटेदार तार लगाकर उसे सील कर दिया गया, जिससे पैदल यात्रियों और वाहनों की आवा. जाही बाधित हुई है। प्रतिबंधों को लागू करने के लिए इलाके में बड़ी संख्या में पुलिस और सीआरपीएफ कर्मियों को तैनात किया गया। अधिकारियों ने बताया कि आज किसी भी अप्रिय घटना को रोकने और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की गई। श्रीनगर के मुख्य इलाकों में भी सख्त पाबंदियां लागू हैं।

### पूर्व बीजेपी विधायक ने मुसलमानों को बताया राक्षस

**सिद्धार्थ नगर।** सिद्धार्थ नगर जिले के डुमरियागंज के पूर्व प्रदेश प्रभारी हिंदू युवा वाहिनी और पूर्व बीजेपी विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह ने शाहपुर स्थित हिंदू भवन में आयोजित होली मिलन समारोह के दौरान उन्होंने एक बार फिर अपनी मर्यादा को तोड़ते हुए मुस्लिम समुदाय पर तीखा हमला बोलते हुए खुले मंच से मुसलमानों पर निशाना साधा। बीजेपी के पूर्व विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह ने मुसलमानों की तुलना राक्षसों से कर दी, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। उन्होंने कहा कि राक्षसों का वध करने के लिए संकल्प करिए और जब राक्षस नहीं रहेंगे, तो सनातन सुरक्षित रहेगा।

## किसानों की सुरक्षा और कृषि को मजबूत करने के लिए हैं सरकार की नीतियां

# दस करोड़ किसानों को पीएम सम्मान निधि मिली

नई दिल्ली, वार्ता



■ वेबिनार में बोले पीएम मोदी- सरकार भारतीय कृषि क्षेत्र को दुनिया के बाजार में मजबूती से खड़ा करना चाहती है

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि केंद्रीय बजट से कृषि और ग्रामीण क्षेत्र में प्रगति को बल मिला है और सरकार की नीतियों तथा कार्यक्रमों से किसानों के लिए जोखिम कम हुए है, जिससे बुनियादी आर्थिक सुरक्षा बढ़ी है।

उन्होंने शुक्रवार को कहा कि उनकी सरकार भारतीय कृषि क्षेत्र को दुनिया भर के बाजार में मजबूती से खड़ा होने के लिए तैयार करना चाहती है। प्रधानमंत्री बजट के बाद परंपरागत वार्षिक वेबिनारों की श्रृंखला में आज तीसरे वेबिनार के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। दिन भर के आज का विषय था- 'कृषि और ग्रामीण बदलाव'। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज की चर्चा केंद्रीय बजट में घोषित पहलों को ज़मीन पर ठोस नतीजों में बदलने के लिए महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री ने कृषि कार्यक्रमों को असरदार तरीके से लागू करने के लिए केंद्र और राज्यों के बीच मज़बूत सहयोग की भी अपील की। संविधान के तहत कृषि अभी भी राज्य का विषय है। उन्होंने राज्यों से जिला स्तर पर बजट नियमों को मज़बूत करने और केंद्रीय पहलों का ज्यादा से ज्यादा असर डालने के लिए पॉलिसी को एक जैसा करने की अपील की। मोदी ने उद्यमियों और निवेशकों को ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए एग्री-फिनटेक (किसानों को आनलाइन प्रौद्योगिकी आधारित कर्ज प्लेटफार्मो), भंडारण सुविधा और आपूर्ति श्रृंखला के क्षेत्र में उभर रहे मौकों की तलाशने के लिए आगे आने का आह्वान किया। श्री मोदी ने किसानों की बुनियादी आर्थिक सुरक्षा बढ़ाने, उनकी फसलों का उचित लाभदायक मूल्य दिलाने और कृषि में जोखिमों को कम करने तथा संस्थागत कर्ज की सुविधा बढ़ने की दिशा में अपनी सरकार के कुछ प्रमुख कामों को गिनाया।

उन्होंने कहा कि करीब 10 करोड़ किसानों को चार लाख करोड़ रुपये से अधिक की पीएम किसान सम्मान निधि मिली है। प्रधानमंत्री ने कहा कि न्यूनतम समर्थन मूल्य में हुए सुधारों से अब किसानों को उनकी उपज पर डेढ़ गुना तक प्रतिफल मिल रहा है।

### मोदी की नीतियों के कारण कमजोर हुई विदेश नीति: खड़गे-राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मोदी सरकार पर अमेरिकी दबाव में काम करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि जिम्मेदार राष्ट्र के रूप में भारत ने अपने फैसले हमेशा खुद लिए हैं, लेकिन इधर जिस तरह से अमेरिका के इशारों पर काम हो रहा है उससे लगता है कि हम अपनी कूटनीतिक की गौरवशाली परंपरा को खो रहे हैं।रूस से तेल खरीदने की 'अनुमति' देने की अमे. रिकी घोषणा, जो कि '30 दिनों की छूट' है, स्पष्ट रूप से दर्शाती है कि मोदी सरकार लगातार कूटनीतिक स्वतंत्रता खो रही है। उन्होंने आगे कहा कि ऑपरेशन सिदूर के दौरान सबसे पहले पाकिस्तान के साथ सैन्य कार्रवाई रोकने की घोषणा मोदी के मित्र ट्रम्प ने की, हमने नहीं। अब, अमेरिका ने भारत को 'अस्थाई 30 दिन की छूट' दी है और भारतीय रिफाइनरियों को रूसी तेल खरीदने की 'अनुमति' दे दी है। व्यापार से लेकर तेल तक, आंकड़ों से लेकर मित्र देशों के साथ भारत के दीर्घकालिक संबंधों तक, मोदी जी ने सब कुछ त्याग दिया।

## विस चुनाव: मिशन 2027 की तैयारी में जुटे सीएम योगी

कानपुर।



■ कानपुर में सीएम का आरएसएस संग महामंथन पूरा

शहर के नवाबगंज थाना क्षेत्र स्थित पं. दीनदयाल उपाध्याय सनातन धर्म विद्यालय में हुई राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) की समन्वयक बैठक में शुक्रवार को सीएम योगी पहुंचे। इसमें आरएसएस के प्रमुख अनुसांगिक संगठनों के पदाधिका. रियों भी सम्मिलित हुए। दोपहर 1.10 बजे यह बैठक खत्म हो गई।

बता दें कि 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव व शहर के विकास को लेकर सीएम योगी की यह कानपुर की बैठक अहम मानी जा रही है। चर्चा है कि बैठक में आगामी चुनावी रणनीति को लेकर अहम चर्चा की गई है, इसमें संघ के भी सभी बड़े पदाधिकारी मौजूद रहे। यहां जैसे ही बैठक शुरू हुई, तो आरएसएस के विभिन्न अनुसां. गिक संगठनों के पदाधिकारियों ने सीएम से कहा कि उनके नेतृत्व में प्रदेश की कानून व्यवस्था बेहतर हुई, अपराध पर काफी हद तक अंकुश लगा है। ये भी कहा कि सूबे में शंकराचार्य मामले को लेकर चिंतन करना होगा। इसी तरह पुलिस और प्रशासनिक कार्यशैली को और सुदृढ़ बढ़ाने, जनता से अफसरों का संवाद बेहतर करने की बात भी पदाधिक. ारियों ने सीएम के समक्ष रखी। बैठक के दौरान भ्रष्टाचार के मुद्दे पर कड़ा प्रहार करने को लेकर भी बात कही गई। पदाधिकारी बोले-सरकार की ओर से यूपी को उत्तम प्रदेश बनाने के लिए बहुत अच्छा काम किया जा रहा है। इसी तरह साल 2027 में होने वाले यूपी विधानसभा चुनाव को लेकर सभी पदाधिकारियों ने सीएम से कहा कि वह एकजुट हैं और लोगों तक सरकार की योजनाओं व गति. विधियों की जानकारी पहुंचाएंगे। संघ और सरकार में किसी तरह का कोई विरोधाभास न रहे, इसके लिए सभी अपने स्तर से प्रयासरत हैं। क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने बताया क बैठक में सीएम ने कार्यकर्ताओं की समस्याओं को सुना, साथ ही कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र में हर जिले की प्रगति को लेकर बात की और जिम्मेदार पदा. धिकारियों ने सीएम को पूरा फीडबैक दिया।

## पीडीए दिवस के जवाब में बसपा करेगी शक्ति प्रदर्शन

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ 15 मार्च को लखनऊ में होगी बड़ी जनसभा

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी संस्थापक कांशीराम की जयंती को समाजवादी पार्टी की तरफ से 'पीडीए दिवस' के रूप में मनाने की घोषणा का जवाब देने की तैयारी बसपा ने कर ली है।

कांशीराम की 92वीं जयंती पर 15 मार्च को लखनऊ में आयोजित जनसभा को पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती की तरफ से सम्बोधित करने की संभावना है। हालांकि अभी इसकी औपचारिक पुष्टि पार्टी की तरफ से नहीं की गई है। 15 मार्च को लखनऊ के मान्यवर कांशीराम स्मृति स्थल पर आयोजित भव्य कार्यक्रम के लिए पार्टी ने कार्यकर्ताओं और समर्थकों से 'लखनऊ चलो' का आह्वान किया है। कार्यक्रम में प्रदेश के करीब 12 मंडलों से कार्यकर्ताओं और समर्थकों के शामिल होने की संभावना है। इसके अलावा नोएडा में भी एक अलग कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें छह मंडलों के कार्यकर्ता हिस्सा लेंगे।

वहीं पार्टी के राष्ट्रीय समन्वयक आकाश आनंद उसी दिन राजस्थान के भरतपुर में एक बड़ी जनसभा को संबोधित करेंगे। बसपा के लगातार हाशिए पर जाने और पार्टी के पुराने नेताओ द्वारा दूसरे दलों में चले जाने की वजह से प्रदेश में दलित वोटों पर एकाधिकार को लेकर भाजपा व सपा लगातार प्रयासरत हैं।

## ट्रंप के आगे मोदी नतमस्तक: केजरीवाल

### पीएम देशवासियों के सामने चुप्पी का जवाब दें

नई दिल्ली, वार्ता



आम आदमी पार्टी ने अमे. रिका के वित्त मंत्री की ओर से भारत को रूस से तेल खरीदने के लिए 30 दिन की इजाजत देने के बयान पर केंद्र की मोदी सरकार पर हमला करते हुए कहा कि आखिर ऐसी कौन सी मजबूरी है कि हर कदम पर आप अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के आगे नतमस्तक हैं।

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल समेत अन्य वरिष्ठ नेताओं ने प्रधानमंत्री की चुप्पी पर सवाल खड़े करते हुए देशवासियों के सामने आकर स्थिति साफ करने की मांग की है। केजरीवाल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से पूछा कि भारत को रूस से तेल खरीदने की इजाजत देने वाला अमेरिका कौन होता है? आखिर ऐसी कौन सी मजबूरी है कि हर कदम पर आप ट्रम्प के आगे नतमस्तक हैं? भारत का नेतृत्व तो कभी इतना कमजोर नहीं था। प्रधानमंत्री, आप भारत और भारतीय लोगों के हितों के लिए इस्तीफा दे दीजिए। उन्होंने एक्स पर कहा कि भारत को रूस से तेल खरीदने की इजाजत देने वाला अमेरिका कौन होता है? भारत को अमेरिका से इघघ्त की घ्रूरत क्यों है? पिछले कुछ महीनों में देशवासियों ने बहुत पीड़ा के साथ देखा है कि किस तरह एक के बाद एक, हर कदम पर आप ट्रम्प के सामने झुक गए और आपकी उसके सामने बोलने तक की हिम्मत नहीं हुई। मोदी आखिर आपकी ऐसी कौन सी मजबूरी है जिस की वजह से आप ट्रम्प के सामने नतमस्तक हैं। केजरीवाल ने कहा कि भारत हघरों वर्ष पुराना देश है। भारत 140 करोड़ लोगों का एक महान देश है। भारत ने एक से बढ़कर एक वीर योद्धा पैदा किए हैं।

आज तक भारत ने किसी भी देश के सामने इस तरह सिर नहीं झुकाया। आज तक भारतीय इतिहास में कभी भी भारत का नेतृत्व इतना कमजोर नहीं रहा। अगर आपकी वाकई कोई ऐसी मजबूरी है, जिसका घयदा ट्रम्प उठा रहा है, तो भारत और भारतीय हितों की खातिर, कृपया इस्तीफा दे दीजिए, पर ऐसे भारत मां का सिर मत झुकाइए। सभी देशवा. सियों को बेहद पीड़ा हो रही है। वरिष्ठ नेता व पंजाब प्रभारी मनीष सिसोदिया ने कहा कि अमेरिका के वित्त मंत्री का ट्वीट पढ़कर, एक भारतीय होने के नाते खून खौल रहा है।

### नीतीश को कर दिया किनारे: कांग्रेस

**लखनऊ।** यूपी कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने बीजेपी पर नीतीश कुमार की राजनीति खत्म करने का आरोप लगाया और कहा कि चुनाव में भी काफी दबाब के बाद नीतीश कुमार के मुख्यमंत्री की घोषणा हुई थी, लेकिन अब बीजेपी ने उनकी राजनीति खत्म कर उनको किनारे कर दिया है। अजय राय लखनऊ में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने हालिया तेल संकट पर अमेरिका द्वारा रूस से 30 दिन खरीद की छूट देने पर भी बीजेपी पर तंज कसा और विदेश नीति पर सवाल उठाए। अजय राय ने कहा कि हमें रशिया से परमिशन लेकर तेल लेना पड़ रहा है, ये शर्मिंदगी का विषय है। नीतीश कुमार मामले में बयान देते हुए कहा कि देखिए बिहार के विधानसभा चुनावों में ही तय हो गया था कि नीतीश कुमार को ये पूरी तरीके से किनारे करेंगे और उनको उनकी राजनीति पूरी तरीके से खतम करेंगे। ये तय हो गया था, क्योंकि उनको मुख्यमंत्री की घोषणा कर नहीं रहे थे, काफी जन दबाव के बाद उनके नाम की घोषणा की गई, जिससे प्रतीत होता है कि नीतीश कुमार को भारतीय जनता पार्टी ने पूरी तरीके से निपटा दिया।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

## अर्थ व्यापार



सेंसेक्स 78918.90
निफ्टी 24450.45



सोना 159409
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)




चांदी रु. 263210
प्रति किलो



## शेयर बाजारों में बड़ी गिरावट सेंसेक्स 1,097 अंक लुढ़का

मुंबई, पीएम



पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच घरेलू शेयर बाजारों में शुक्रवार को बड़ी गिरावट देखी गई और बीएसई का सेंसेक्स 1,097 अंक (1.37 प्रतिशत) टूटकर 10 महीने से ज्यादा के निचले स्तर 78,918.90 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 315.45 अंक यानी 1.27 प्रतिशत गिरकर 24,450.45 अंक पर आ गया, जो इसका छह महीने से अधिक का निचला स्तर है। लगातार पांच कारोबारी दिवस में यह शेयर बाजार में चौथी बड़ी गिरावट है। गुरुवार को बाजार में तेजी रही थी। मझौली और छोटी कंपनियों पर आज दबाव कम रहा। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.86 प्रतिशत गिर गया। स्मॉलकैप-100 सूचकांक में भी 0.24 प्रतिशत की गिरावट रही। बाजार में उथल-पुथल को नापने वाला इंडिया वीआईएक्स सूचकांक 11 से ऊपर रहा जो दिखता है कि बाजार में अनिश्चितता बढ़ी हुई है। आईटी और रसायन को छोड़कर अन्य सेक्टरों के सूचकांक लाल निशान में बंद हुए। बैंकिंग और रियलटी सेक्टरों में दो प्रतिशत से ज्यादा गिरावट रही। ऑटो, मीडिया और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद सेक्टरों के सूचकांक भी लाल निशान में रहे। संसेक्स की कंपनियों में इटरनल और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर सवा तीन फीसदी से अधिक टूटे। एक्सिस बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, एचडीएफसी बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, बजाज फिनसर्व, एलएंडटी और इंडिगो के शेयर दो से तीन प्रतिशत के बीच टूटे। मारुति सुजुकी, भारती एयरटेल, ट्रेंट, कोटक महिंद्रा बैंक, अडानी पोर्ट्स, बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनीलिवर, टाटा स्टील और टीसीएस के शेयरों में एक से दो प्रतिशत की गिरावट रही।

### सोना और चांदी की कीमतों में गिरावट

**नई दिल्ली।** सोने और चांदी के दामों में शुक्रवार को लगातार तीसरे दिन गिरावट दर्ज की गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 1,177 रुपए घटकर 1,59,409 पर आ गया है। इससे पहले गुरुवार को इसकी कीमत 1,60,586 रुपए प्रति 10 ग्राम थी। सोना 3 दिन में 8,000 सस्ता हुआ है। वहीं एक किलो चांदी 902 रुपए गिरकर 2,63,210 पर आ गई है। इससे पहले इसकी कीमत 2,64,212 लाख रुपए प्रति किलो थी। सोना-चांदी के दाम में ये गिरावट प्रॉफिट बुकिंग की वजह से आई है। सोना एक शहर से दूसरे शहर ले जाने में ईंधन और भारी सुरक्षा का खर्च आता है। आयात केंद्रों से दूरी बढ़ने पर ट्रांसपोर्टेशन कॉस्ट बढ़ जाती है, जिससे स्थानीय दाम बढ़ जाते हैं। दक्षिण भारत जैसे इलाकों में खपत ज्यादा (करीब 40 प्रतिशत) होने के कारण ज्वेलर्स भारी मात्रा में सोना खरीदते हैं। बल्क खरीदारी पर मिलने वाली छूट का फायदा ग्राहकों को कम दाम के रूप में मिलता है। हर राज्य और शहर के अपने ज्वेलरी एसोसिएशन (जैसे तमिलनाडु में मद्रास ज्वेलर्स एसोसिएशन) होते हैं। ये संगठन स्थानीय मांग और सप्लाई के आधार पर अपने इलाके के लिए सोने का रेट तय करते हैं। ज्वेलर्स ने अपना स्टॉक किस रेट पर खरीदा है, यह भी मायने रखता है। जिन ज्वेलर्स के पास पुराने और सस्ते रेट पर खरीदा हुआ स्टॉक होता है, वे ग्राहकों से कम कीमत वसूल सकते हैं। इस साल सोने-चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। 31 दिसंबर 2026 को सोने के दाम 1.33 लाख रुपए थे, जो 29 जनवरी को बढ़कर 1.76 लाख रुपए के सबसे ऊपरी स्तर पर पहुंच गए थे।

## दिल्ली हवाई अड्डा एशिया-प्रशांत क्षेत्र का पांचवां सबसे व्यस्त: डायल

नई दिल्ली, वार्ता

दिल्ली का इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा सिगापुर के चांगी और दक्षिण कोरिया के इंचियोन हवाई अड्डों को पीछे छोड़ते हुए एशिया-प्रशांत क्षेत्र का पांचवां सबसे व्यस्त हवाई अड्डा बन गया है। दिल्ली अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा लिमिटेड (डायल) ने शुक्रवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में एविएशन एनालिटिक्स फर्म (ओएजी) के हवाले से बताया कि जाने वाले विमानों में साल 2025 में 4.62 करोड़ सीटों की उपलब्धता के साथ दिल्ली हवाई अड्डा पांचवें स्थान पर पहुंच गया है। साल 2019 में यह नौवें स्थान पर था।

इसमें 3.28 करोड़ घरेलू सीटें शामिल हैं। डायल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विदेह कुमार जैपुरियार ने कहा कि एशिया-प्रशांत क्षेत्र के शीर्ष पांच सबसे व्यस्त हवाई अड्डों में दिल्ली एयरपोर्ट का उभरना देश के विमानन क्षेत्र की विकास यात्रा की मजबूती और हमारी दीर्घकालिक हब विकास रणनीति की सफलता को दर्शाता है।

दिल्ली भारत का प्रमुख प्रवेश द्वार और एशिया तथा यूरोप के बीच एक महत्वपूर्ण संपर्क केंद्र बनता जा रहा है। हम देश में बढ़ती हवाई यात्रा की मांग और दिल्ली को वैश्विक विमानन केंद्र बनाने की दिशा में क्षमता, संपर्क और यात्री अनुभव को और मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। ओएजी हवाई अड्डों की रैंकिंग वहां से रवाना होने वाले विमानों में उपलब्ध सीटों की संख्या के आधार पर की जाती है। दिल्ली हवाई अड्डे ने इस मामले में थाईलैंड के सुवर्णभूमि हवाई अड्डा, सिगापुर के चांगी हवाई अड्डा और दक्षिण कोरिया के इंचियोन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा को पीछे छोड़ दिया है। इस मामले में शीर्ष पांच हवाई अड्डों में टोक्यो इंटरनेशनल एयरपोर्ट (हनैदा), शंघाई पुडोंग इंटरनेशनल एयरपोर्ट, ग्वांगझोउ बाययुन इंटरनेशनल एयरपोर्ट, बीजिंग कैपिटल इंटरनेशनल एयरपोर्ट और दिल्ली एयरपोर्ट शामिल हैं।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## केरल में होगा निष्पक्ष विधानसभा चुनाव : ईसी

**नई दिल्ली/कोच्चि।** चुनाव आयोग ने शुक्रवार को कोच्चि में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर केरल विधानसभा चुनाव निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव कराने का भरोसा दिया। बैठक में आगामी चुनाव की तैयारियों, मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और चुनाव प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी एवं निष्पक्ष बनाने से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान अधिकांश राजनीतिक दलों ने केरल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को शांतिपूर्ण और सुचारु रूप से संपन्न कराने के लिए चुनाव आयोग और बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) की प्रशंसा की। इस अवसर पर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण पूरी तरह पारदर्शी तरीके से किया गया है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**यूपीएससी...** चिकित्सा विज्ञान को वैकल्पिक विषय के रूप में चुनकर परीक्षा उत्तीर्ण की। अग्निहोत्री ने एम्स, जोधपुर से एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी की है। आयोग के अनुसार दूसरे स्थान पर राजेश्वरी सुवे एम. रहीं जिन्होंने अन्ना विश्वविद्यालय, चेन्नई से इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग में बीई किया है और समाजशास्त्र को वैकल्पिक विषय के रूप में चुना। तीसरा स्थान अकांश ढुल को मिला, जो दिल्ली विश्वविद्यालय से बी-कॉम स्नातक हैं और उन्होंने वाणिज्य एवं लेखांकन को वैकल्पिक विषय के रूप में लिया था। चौथे स्थान पर राघव झुनझुनवाला रहे, जिन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र (ऑनर्स) में स्नातक किया है और अर्थशास्त्र को ही वैकल्पिक विषय चुना। पांचवें स्थान पर ईशान भटनागर रहे, जिन्होंने राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, दिल्ली से बीए एलएलबी (ऑनर्स) किया है और समाजशास्त्र को वैकल्पिक विषय के रूप में लिया। उन्होंने कहा कि शीर्ष पांच सफल उम्मीदवारों में एक महिला और चार पुरुष शामिल हैं। वहीं शीर्ष 25 उम्मीदवारों में 11 महिलाएं और 14 पुरुष शामिल हैं। आयोग के अनुसार शीर्ष 25 उम्मीदवारों की शैक्षणिक पृष्ठभूमि देश के प्रतिष्ठित संस्थानों जैसे आईआईटी, एनएलयू, एम्स, डीटीयू, अन्ना विश्वविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय और मुंबई विश्वविद्यालय से इंजीनियरिंग, मानविकी, विज्ञान, वाणिज्य, कानून, चिकित्सा विज्ञान और जनसंचार जैसे विषयों में स्नातक स्तर की रही है। इन उम्मीदवारों ने मुख्य परीक्षा में मानव विज्ञान, वाणिज्य एवं लेखांकन, रसायन विज्ञान, अर्थशास्त्र, विद्युत अभियांत्रिकी, इतिहास, गणित, चिकित्सा विज्ञान, दर्शनशास्त्र, राजनीति विज्ञान एवं अंतर्राष्ट्रीय संबंध, लोक प्रशासन और समाजशास्त्र जैसे विषयों को वैकल्पिक विषय के रूप में चुना।

## आत्मनिर्भरता ही हर स्थिति से निपटने का मूलमंत्र: राजनाथ

नई दिल्ली, वार्ता



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता पर जोर देते हुए कहा है कि अनिश्चितताओं के इस दौर में आत्मनिर्भरता ही प्रासंगिक और हर स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहने का एकमात्र मार्ग है। सिंह ने शुक्रवार को कोलकाता में रक्षा एवं समुद्री संवाद 'सागर संकल्प- भारत का समुद्री गौरव' का उद्घाटन करते हुए कहा कि रक्षा क्षेत्र में आज अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल हो रहा है, इसीलिए हमारी सरकार का शुरू से यह मानना रहा है कि इस अनिश्चितता के दौर में आपूर्ति श्रृंखला में बाधा से बचने का एक मात्र उपाय है 'आत्मनिर्भरता' और रक्षा क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रम हमारी आत्मनिर्भरता के विजन की एक प्रमुख धुरी है।

इस कार्यक्रम का आयोजन गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड (जीआरएसई) और एक निजी मीडिया संगठन द्वारा संयुक्त रूप से किया गया था। रक्षा मंत्री ने कहा कि पुराने विचार, पुरानी वैश्विक व्यवस्था और पुरानी धारणाएं तेजी से बदल रही हैं। हमें इन अनिश्चितताओं को समझने की आवश्यकता है। पश्चिम एशिया की वर्तमान स्थिति इसका प्रमुख उदाहरण है। वहां जो कुछ हो रहा है, वह असामान्य है। पश्चिम एशिया या हमारे पड़ोस में भविष्य की घटनाओं के बारे में ठोस टिप्पणी करना कठिन है। उन्होंने कहा कि हॉर्मुज़ जलडमरूमध्य या समूचा फ़ारस की खाड़ी क्षेत्र वैश्विक ऊर्जा सुरक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। जब इस क्षेत्र में अशांति होती है, तो इसका सीधा असर तेल और गैस की आपूर्ति पर पड़ता है। इसके अलावा अन्य क्षेत्रों में भी आपूर्ति श्रृंखला बाधित होती दिखाई दे रही है। इन अनिश्चितताओं का सीधा प्रभाव अर्थव्यवस्था और वैश्विक व्यापार पर पड़ता है। वैश्विक परिदृश्य एक असामान्य स्थिति में है और इससे भी अधिक चिंता की बात यह है कि यह असामान्यता अब नई सामान्य स्थिति बनती जा रही है। सिंह ने रक्षा उत्पादन को गुणात्मक और मात्रात्मक रूप से मजबूत बनाने के लिए सरकार द्वारा किए गए संरचनात्मक और नीतिगत सुधारों का उल्लेख किया। उन्होंने पारदर्शिता, वित्तीय अनुशासन, प्रदर्शन मानक और अनुसंधान एवं विकास पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के रक्षा उपक्रम सरकार की आत्मनिर्भरता की दृष्टि के प्रमुख स्तंभ हैं। जहाज निर्माण क्षेत्र में जीआरएसई और अन्य शिपयार्डो को विशेष महत्व दिया गया है, ताकि घरेलू औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत और भविष्य उन्मुख बनाया जा सके।

### लंबे युद्धों के लिए मजबूत रक्षा औद्योगिक क्षमता जरूरी: एडमिरल त्रिपाठी

**नई दिल्ली।** नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी ने आधुनिक दौर के युद्धों के लिए मजबूत रक्षा औद्योगिक तैयारी की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा है कि हाल के वैश्विक संघर्षों ने लंबे समय से चली आ रही इस धारणा को बदल दिया है कि भविष्य में युद्ध छोटे और निर्णायक होंगे। उन्होंने जोर देकर कहा कि मौजूदा स्थितियों में मजबूत और लचीली रक्षा औद्योगिक क्षमता विकसित करने की तत्काल आवश्यकता है। एडमिरल त्रिपाठी ने शुक्रवार को यहां रायसीना डॉयलाग के दौरान 'फॉर्जर्स ऑफ पीस: ऑर्डनेंस फैक्ट्रीज़ फॉर द लिबरल ऑर्डर' विषय पर आयोजित सत्र में बोलते हुए कहा कि पिछले कुछ वर्षों की घटनाओं ने निरंतर सैन्य तैयारी, प्रौद्योगिकी अनुकूलन क्षमता और बड़े पैमाने पर रक्षा उत्पादन के महत्व को रेखांकित किया है। हाल के सैन्य संघर्षों से मिले सबक के बारे में पूछे गए सवाल पर एडमिरल त्रिपाठी ने कहा कि वैश्विक सुरक्षा माहौल में बड़ा बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि मैं भू-राजनीति पर टिप्पणी नहीं करूंगा, लेकिन पिछले तीन-चार वर्षों में दुनिया भर में जो घटनाएं हुई हैं, उन्हें देखते हुए यह स्पष्ट हो गया है कि छोटे और निर्णायक युद्धों की अवधारणा पर अब सवाल उठने लगे हैं।

# प्रदेश के अस्पतालों में 8,689 डाक्टरों के पद खाली चरमराई स्वास्थ्य व्यवस्था पर 'आप' का हमला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** आम आदमी पार्टी उत्तर प्रदेश के मुख्य प्रदेश प्रवक्ता वंशराज दुबे ने प्रदेश की चरमराई स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर योगी सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का 'स्वस्थ उत्तर प्रदेश' का दावा पूरी तरह सफेद झूठ साबित हो रहा है।

प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों के 8,689 पद खाली पड़े हैं और बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाओं का भी भारी अभाव है। इसका सीधा असर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी), प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) और जिला अस्पतालों पर पड़ रहा है, जहां मरीजों को इलाज के लिए लंबी कतारों में खड़ा होना पड़ता है और कई बार डॉक्टरों




की अनुपस्थिति में उन्हें निराश होकर लौटना पड़ता है। वंशराज दुबे ने कहा कि भाजपा सरकार एक तरफ प्रदेश को 'उत्तम प्रदेश' बनाने का दावा करती है।उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के आंकड़े खुद सरकार की पोल खोल रहे हैं। विभाग में लेवल-2 के 7,240 पदों में से 5,497 पद खाली हैं, जबकि लेवल-3 के 5,199 पदों में केवल 2,007 डॉक्टर ही कार्यरत हैं। यही नहीं, वरिष्ठ प्रशासनिक पदों पर भी भारी कमी है। संयुक्त निदेशक के 2,555 पदों में से 1,330 पद खाली, एडिशनल डायरेक्टर के 70 पदों में से 58 पद रिक्त, जबकि डिप्टी डायरेक्टर (सर्जन) के 970 पदों में से 157 पद खाली हैं। इन आंकड़ों से साफ है कि प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था गंभीर मैनपावर संकट से जूझ रही है। दुबे ने कहा कि डॉक्टरों की कमी दूर करने के लिए सरकार ने 2,391 डॉक्टरों की भर्ती की प्रक्रिया शुरू की थी, जिसमें 601 विशेषज्ञ डॉक्टर और 1,790 एमबीबीएस डॉक्टरों के पद शामिल थे।

### गमछे के सहारे लटका मिला युवक का शव, हत्या का आरोप

**भदोही।** उत्तर प्रदेश के भदोही जिले में गोपीगंज कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का शव गमछे के सहारे लटका मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि क्षेत्र के रामपुर घाट स्थित अमिलौर गांव में गुरुवार देर रात एक युवक का शव उसके मकान के कमरे में गमछे के सहारे लटका मिला। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने उसे फंदे से उतारकर एक निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान गांव निवासी सुरेंद्र वर्मा (30) के रूप में हुई है, जो लोक निर्माण विभाग में कर्मचारी बताया गया है। मृतक के भाई जितेंद्र वर्मा ने कोतवाली में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि गांव की एक युवती से सुरेंद्र का प्रेम संबंध था और युवती की मां तथा उसके भाई ने मिलकर हत्या कर शव को फंदे से लटका दिया।

# होली व चौत्र नवरात्रि स्पेशल कॉटन एंड सिल्क फैब प्रदर्शनी का शुभारंभ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** होली और चौत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर कैसरबाग स्थित सफेद बारादरी में 'कॉटन एंड सिल्क फैब प्रदर्शनी 2026' का भव्य शुभारंभ किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन मो. हनलालगंज के विधायक अमरेश कुमार के कर कमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर शहर के कई गणमान्य नागरिक, और बड़ी संख्या में खरीदार मौजूद रहे।

इस प्रदर्शनी में देश के विभिन्न राज्यों से आए 100 से अधिक मास्टर बुनकरों द्वारा तैयार किए गए एथनिक और पारंपरिक सिल्क व कॉटन हैंडलूम उत्पादों का शानदार संग्रह प्रदर्शित किया गया है। यहां बनारसी, चंदेरी,



कांजीवरम और टसर सिल्क जैसे पारंपरिक वस्त्रों के साथ आधु. निक डिजाइन के आकर्षक परिधान भी उपलब्ध हैं। इसके अलावा कश्मीरी प्योर क्रेप की साड़ियां, प्योर सिल्क मार्क अप्रूव्ड साड़ियां तथा कई विशेष हैंडलूम उत्पाद भी प्रदर्शनी का मुख्य आकर्षण बने हुए हैं। आयोजक मानस आचार्य और जावेद मकसूद ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य देश के बुनकरों को एक मजबूत मंच प्रदान करना और लोगों को भारतीय सिल्क व हैंडलूम की समृद्ध परंपरा से रूबरू कराना है।

# नूरी जामा मस्जिद रहीम अली शाह, व मस्जिद गौसुल आजम में कुरआन मुकम्मल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखीमपुर खीरी।** रमजान के महीने में मस्जिदों में कुरआन मुकम्मल होने का सिलसिला जारी इसी कड़ी में खीरी टाउन मोहल्ला शेखसराय मस्जिद रहीम अली शाह में कुरआन की तिलावत मुकम्मल हुई हाफिज मोहम्मद शाबान ने कुरआन पाक की तिलावत मुकम्मल की,

इस अवसर पर कुरआन की अजमत पर प्रकाश डालते हुए हाफिज वसी अहमद बरकाती ने कहा कुरआन हमे मानवता,शांति एवं भलाई का संदेश देता है वक्त की जरूरत है कि हम लोग कुरआन की शिक्षा को अपने जीवन में उतारे, इस अवसर पर हाफिज मोहम्मद



शाबान को नमाजियों ने नकदी व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया इस अवसर पर शकील आजमानी हाजी अनीस कुरैशी हाजी असलम कुरैशी, वारिस अंसारी मुन्ना सिद्दीकी साबिर खान आदि लोग मौजूद रहे अंत में सलातो सलाम के बाद तबर्रुक वितरित किया गया,, मस्जिद गौसुल आजम में भी आज कुरआन मुकम्मल हुआ हाफिज मोहम्मद तारिक रजा ने कुरआन पाक मुकम्मल किया।

# 13 वर्षीय उनैज खान की मौत के मामले में तत्काल गिरफ्तारी व पारदर्शी जांच की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** कृष्णा नगर क्षेत्र में एक जन्मदिन समारोह के दौरान गोली लगने से 13 वर्षीय नाबालिग उनैज खान की हुई दुखद मृत्यु के मामले को लेकर आज भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनि. नवादी) लिबरेशन, ऑल इंडिया स्टूडेंट्स' एसोसिएशन (आइसा), इंसाफ मंच और जन संस्कृति मंच के एक संयुक्त प्रतिनिधिमंडल ने लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट में पुलिस आयुक्त से मुलाकात कर विस्तृत ज्ञापन सौंपा।

संगठनों ने कहा कि एक नाबा. लिग बच्चे की इस प्रकार हुई मृत्यु अत्यंत गंभीर मामला है और इसने पूरे शहर में गहरी चिंता और आक्रोश पैदा किया है। प्रतिनिधिमंडल ने मामले की प्रारंभिक जांच और पुलिस की कार्यवाही को लेकर कई महत्वपूर्ण प्रश्न उठाए और मांग की कि पूरे मामले की जांच पूरी पारदर्शिता, निष्पक्षता और विधिसम्मत प्रक्रिया के साथ कराई जाए। प्रतिनिधिमंडल ने विशेष रूप से उस गंभीर आरोप की ओर ध्यान आकर्षित किया जिसमें मृतक बच्चे के परिवार का कहना है कि उन्हें उस अस्पताल के भीतर नहीं जाने दिया गया जहां बच्चे का शव रखा गया था और उन्हें बताया गया कि उपचार जारी है, जबकि बच्चे की मृत्यु पहले ही हो चुकी थी। संगठनों ने कहा कि यदि यह तथ्य सही है तो यह एक अत्यंत गंभीर मामला है और इससे पूरे प्रकरण की पारदर्शिता तथा प्रक्रियात्मक निष्पक्षता पर प्रश्न खड़े होते हैं। प्रतिनिधिमंडल ने यह भी सवाल उठाया कि पोस्टमार्टम, बैलिस्टिक जांच और अन्य फोरेंसिक साक्ष्यों के सामने आने से पहले ही घटना को सार्वजनिक रूप से हआकस्मिक फायरिंगह कैसे बताया गया। संगठनों ने कहा कि इस प्रकार के निष्कर्ष बिना वैज्ञानिक जांच पूरी हुए घोषित करना जांच की विश्वसनीयता को प्रभावित कर सकता है। ज्ञापन में यह भी मांग की गई कि संजीव त्रिपाठी की तत्काल गिरफ्तारी की जाए, क्योंकि घटना उनके परिसर में हुई बताई जा रही है और प्रयुक्त आग्नेयास्त्र भी उनसे संबंधित बताया जा रहा है। संगठनों ने कहा कि गिरफ्तारी में किसी भी प्रकार की देरी से जांच पर प्रभाव पड़ने और साक्ष्यों के साथ छेड़छाड़ की आशंका पैदा होती है। मुलाकात के बाद भाकपा (माले) लिबरेशन, लखनऊ के इंचार्ज कामरेड रमेश सिंह सेंगर ने कहा कि एक 13 वर्षीय बच्चे की मृत्यु आग्नेयास्त्र से हुई है और यह घटना एक निजी परिसर में हुई बताई जा रही है। ऐसे मामले को किसी भी स्थिति में सामान्य घटना की तरह नहीं लिया जा सकता। आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी और निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करना कानून और न्याय दोनों की मांग है। आइसा से शांतम निधि ने कहा कि जब किसी बच्चे की मृत्यु गोली लगने से होती है, तब फोरेंसिक जांच पूरी होने से पहले ही घटना को 'आकस्मिक फायरिंग' बताना अत्यंत गैरजिम्मेदाराना है। जांच पूरी तरह साक्ष्यों के आधार पर होनी चाहिए और जहां भी प्रक्रियात्मक त्रुटियां हुई हैं वहां जिम्मेदारी तय की जानी चाहिए। इंसाफ मंच से शकील ने कहा कि इस मामले में परिवार को सच जानने का अधिकार है और शहर के नागरिकों को एक पारदर्शी जांच चाहिए। सीसीटीवी फुटेज, प्रयुक्त हथियार और अन्य सभी साक्ष्यों की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित की जानी चाहिए ताकि न्याय से कोई समझौता न हो।

# 27 लाख बिजली कर्मचारियों ने दी कार्य बहिष्कार की चेतावनी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** नेशनल कोऑर्डिनेशन कमिटी आफ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज एंड इंजी. नियर्स एनसीसीओईईई) के आह्वान पर देशभर के लगभग 27 लाख बिजली कर्मचारी और इंजीनियर 10 मार्च 2026 को प्रस्तावित इलेक्ट्रिसिटी (अमेंडमेंट) बिल 2025 को संसद में पेश किए जाने के विरोध में कार्य बहिष्कार कर सड़कों पर उतरकर देशव्यापी विरा. ध प्रदर्शन करेंगे।यह निर्णय आज नेशनल कोऑर्डिनेशन कमिटी आफ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज एंड इंजीनियर्स की ऑनलाइन बैठक में लिया गया।



बैठक की अध्यक्षता ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन के चेयरमैन शैलेन्द्र दुबे ने की। बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार एनसीसी ओईईई ने केंद्रीय ऊर्जा मंत्री को पत्र लिखकर मांग की है कि किसान विरोधी, उपभोक्ता विरोधी और कर्मचारी विरोधी इलेक्ट्रिसिटी (अमेंडमेंट) बिल 2025 को संसद में पेश न किया जाए। यदि सरकार इस बिल को संसद में पेश करती है तो देशभर के बिजली कर्मचारी और इंजीनियर इसका जोरदार विरोध करेंगे। शैलेन्द्र दुबे ने कहा कि इससे पहले विद्युत मंत्रालय ने इस बिल पर हितधारकों से सुझाव मांगे थे। देशभर के पावर सेक्टर से जुड़े सभी फेडरेशनों, ट्रेड यूनियनों और संगठनों ने सर्वसम्मति से कहा था कि यह बिल जनविरोधी है और इसे वापस लिया जाना चाहिए। शैलेन्द्र दुबे ने कहा कि जिस संगठन ने पहले ही इस बिल का समर्थन कर दिया है, उसे ही कानून को अंतिम रूप देने वाले वर्किंग ग्रुप में शामिल करना पूरी प्रक्रिया को पक्षपातपूर्ण और असंवैधानिक बनाता है। बैठक में ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन के चेयरमैन शैलेन्द्र दुबे,महासचिव पी. रत्नाकर राव, ऑल इंडिया पावर डिप्लोमा इंजी. नियर्स फेडरेशन के अध्यक्ष आर.के. त्रिवेदी, ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ इलेक्ट्रिसिटी एम्प्लॉइज के महासचिव मोहन शर्मा, कृष्णा, इलेक्ट्रिसिटी एम्प्लॉइज फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव एवं नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी के संयोजक सुदीप दत्ता, उपाध्यक्ष सुभाष लाम्बा तथा ऑल इंडिया पावरमेंस फेडरेशन के आर.के. पाराशर सहित अन्य प्रमुख पदा. धिकारी उपस्थित थे।

# उप्र पुलिस को होंडा इंडिया फाउंडेशन देगा 50 क्यूआरटी वाहन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पुलिस को जल्द ही 50 नए दोपहिया वाहन मिलने जा रहे हैं। होंडा इंडिया फाउंडेशन अपने कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) फंड के तहत ये वाहन उपलब्ध कराएगा। इन 50 क्यूआरटी (क्विक रिस्पॉन्स टीम) दोपहिया वाहनों को शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

यह कार्यक्रम उत्तर प्रदेश पुलिस और होंडा इंडिया फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होगा। कार्यक्रम में पुलिस महानिद. ेशक राजीव ख्रष्ण भी मौजूद रहेंगे।

बॉर्डर जिलों को मिलेगी प्राथमिकता

ये सभी वाहन उत्तर प्रदेश पुलिस के बेड़े में शामिल किए जाएंगे। इनका उपयोग मुख्य रूप से सीमावर्ती जिलों में कानून व्यवस्था को मजबूत करने और आपातकालीन स्थिति में त्वरित कार्रवाई के लिए किया जाएगा।

सहारनपुर को 5 वाहन दिए जाएंगे, जबकि शामली, हापुड़, बागपत, बुलंदशहर, बिजनौर, पीलीभीत, महोबा, बांदा, प्रतापगढ़, खीरी, उन्नाव, श्रावस्ती, सिद्धार्थनगर, देवरिया और सोनभद्र को तीन-तीन वाहन उपलब्ध कराए जाएंगे। 2017 के बाद बढ़ा पुलिस का वाहन बेड़ा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश पुलिस के संसाधनों में लगातार बढ़ोतरी हुई है। वर्ष 2017 में पुलिस के पास चार पहिया वाहनों की संख्या करीब 9500 और दोपहिया वाहनों की संख्या लगभग 3000 थी। वर्तमान समय में यह संख्या काफी बढ़ चुकी है। अब चार पहिया वाहनों की संख्या 15,500 और दोपहिया वाहनों की संख्या 9200 तक पहुंच गई है। गौरतलब है कि वर्ष 2017 से पहले पुलिस वाहनों की खरीद के लिए जहां 85 करोड़ रुपये का प्रावधान था।

# मस्जिद फारुकीया अर्जुन नगर में कुरान मुकम्मल, मांगी तरक्की की दुआएं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** मस्जिद फारुकीया अर्जुन नगर मड़ियावा में कुराने पाक तरावी मुकम्मल हुई। इस मौके पर मुल्कों की तरक्की की के लिए दुआएं मांगी गई।

मुल्क में अमन शांति कायम रहने के लिए अल्लाह से दुआ की गई। इस अवसर पर उलेमाओं ने लोगों से नबी पाक की सुन्नतों पर अमल कर अपनी जिंदगी बसर करने की हिदायत दी। इस मौके पर भारी संख्या में लोग मौजूद थे हर रोज लोग अपने वक्त पर पहुंचकर तरावीह के दौरान कलाम ए पाक सुना। कुराने पाक मुकम्मल होने पर लोगों को तावररुक तक्सीम किया गया।इस मौके पर मुख्य रूप से



भारतीय पसमांदा मुस्लिम समाज सह राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आरक्षण मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष इकबाल मंसूरी जी मौजूद रहे और तौसीफ आसिफ , हलीम साहब, राजू अनवर आदि लोग मौजूद रहे।

### मासूम बच्ची ने मंत्री से कहा, बहुत सताता है ट्रैफिक जाम

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के आयुष, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन मंत्री दयाशंकर मिश्रा दयालू के महमूरगंज स्थित कैंप कार्यालय में आयोजित होली मिलन समारोह के दौरान एक नन्हीं छात्रा ने शहर की ट्रैफिक समस्या को मासूम अंदाज़ में उठाकर सबका ध्यान आकर्षित किया। सेंट जॉन्स स्कूल, डीएलडब्ल्यू की कक्षा एक की छात्रा भाविका समारोह में गुरुवार शाम मंत्री से मिलने पहुंची और उनसे कहा, ष्अंकल, स्कूल जाते और आते समय बहुत जाम मिलता है। बच्ची की इस सरल बात में शहर के ट्रैफिक जाम की समस्या झलकती दिखाई दी। समारोह में मौजूद लोगों के बीच यह बात चर्चा का विषय बन गई।

# नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को मिला सिक्योरिटी वेटिंग क्लीयरेंस, उड़ानों की शुरुआत का रास्ता साफ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** योगी सरकार के महत्वाकांक्षी नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (जेवर) परियोजना को एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मिली है। एयरपोर्ट को ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी की ओर से सिक्योरिटी वेटिंग क्लीयरेंस मिल गया है।

यह प्रक्रिया एयरपोर्ट पर सुरक्षा व्यवस्थाओं की विस्तृत जांच के बाद पूरी की जाती है। इस मंजूरी के साथ ही अब डायरेक्टरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन (डीजीसीए) से एयरोड्रम लाइसेंस मिलने का रास्ता साफ हो गया है, जिसके बाद यहां से फ्लाइट ऑपरेशंस शुरू किए जा सकेंगे। प्रदेश सरकार की प्राथमिकता वाली इस परियोजना को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में तेजी से आगे बढ़ाया गया है। योगी सरकार का लक्ष्य जेवर एयरपोर्ट को देश के सबसे आधुनिक और बड़े एयरपोर्ट्स में शामिल करना है, जो उत्तर प्रदेश की आर्थिक प्रगति में अहम भूमिका निभाएगा। यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (यीडा) के सीईओ राक. ेश कुमार सिंह ने बताया कि एयरपोर्ट पर फ्लाइट संचालन शुरू होने से पहले सुरक्षा मानकों का परीक्षण अनिवार्य होता है। इसके लिए ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी (बीसीएएस) की टीम एयरपोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था, निगरानी प्रणाली, एक्सेस कंट्रोल, यात्रियों और कार्गो की जांच व्यवस्था सहित कई पहलुओं का निरीक्षण करती है। सभी मानकों के अनुरूप पाए जाने पर ही सिक्योरिटी वेटिंग क्लीयरेंस दिया जाता है।सिक्योरिटी वेटिंग अप्रूवल का मतलब है कि एयरपोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था उड़ान संचालन के लिए सुरक्षित मानी गई है। इसके बाद ही फ्लाइट शुरू होने की अंतिम प्रक्रिया आगे बढ़ती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने जेवर एयरपोर्ट को राज्य के सबसे महत्वपूर्ण इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट के रूप में विकसित किया है। यह एयरपोर्ट न केवल पश्चिमी उत्तर प्रदेश बल्कि पूरे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के लिए एक महत्वपूर्ण एविएशन हब के रूप में उभर रहा है। सरकार का मानना है कि इसके शुरू होने से प्रदेश में निवेश, पर्यटन, लॉजिस्टिक्स और व्यापार को बड़ा बढ़ावा मिलेगा। साथ ही हजारों युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। जल्द नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का शुभारंभ कर उसे ऑपरेशनल करने का है। इसके लिए सभी आवश्यक तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

# सड़क दुर्घटना में युवक घायल

**बांगरमऊ( उन्नाव )।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चकमीरा पुर का एक युवक करीब एक पखवारा पूर्व मार्ग दुर्घटना में गंभीर घायल हो गया था। बीते गुरुवार को घायल की मौत हो गई। परिवार के मुखिया की असमय मौत से परिजनों में चीख-पुकार मची हुई है। ग्राम चकमीरा पुर निवासी शिवपाल 45 वर्ष पुत्र रामसनेही बीते 17 जनवरी को आसीवन गया था। जहां खरगौरा गांव के के निकट सड़क हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। परिजनों ने लखनऊ में घायल का इलाज कराया।

इलाज के बाद आराम मिलते ही चार दिन पूर्व परिजन अस्पताल से छुट्टी लेकर उसे अपने घर ले आए। किंतु बीते गुरुवार को अचानक हालत बिगड़ने से शिवपाल की मौत हो गई। घर के एक मात्र कमाऊ सदस्य की असमय मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।मौत परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया। परिजनों ने आज शुक्रवार को गमगीन माहौल में क्षेत्र के नानामऊ गंगा तट पर शव का अंतिम संस्कार कर दिया। शिवपाल की अचानक मौत से पत्नी सरोजनी और दो बेटे अमित व सुमित तथा पुत्री खुशबू बेसहारा बेसहारा हो गई।

# अनियंत्रित होकर बाइक डिवाइडर से टकराई, तीन घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बांगरमऊ (उन्नाव)।** नगर के कटरा बिल्हौर मार्ग पर गुरुवार को तेज रफ्तार अनियंत्रित बाइक डिवाइडर से टकराकर पलट गई। हादसे मेंवी बाइक सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची सरकारी एंबुलेंस घायलों को उठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाई।चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद तीनों घायलों की हालत गंभीर बताई और बेहतर इलाज के लिए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। नगर के मोहल्ला घूरे टोला निवासी चंदन पुत्र जगद. ीश , विकास पत्र सुभाष व मो. हित पुत्र राजेश तीनों बाइक से घूमने के लिए निकले थे । रास्ते में कल्याणी नदी पुल के निकट तेज रफ्तार बाइक डिवाइडर से टकराकर पलट गई। हादसे में बाइक सवार तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बाइक काफी तेज गति से चल रही थी । अचानक चालक का संतुलन बिगड़ गया और बाइक डिवाइडर से जा टकराई।

प्रत्यक्ष दर्शियों की सूचना पर पहुंची सरकारी एंबुलेंस तीनों घायलों को यहां के सरकारी अस्पताल लाई। यहां के चिकित्सकों ने घायलों की हालत नाजुक बताकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वही एक अन्य सड़क हादसे में नगर के मोहल्ला गुलाम मुस्तफा निवासी मुजफ्फर पुत्र अब्दुल रशीद , मोहल्ला नसीमगंज निवासी आमिर पुत्र जुम्मन एवं शानू पुत्र इसरार गम्भीर रूप से घायल हो गए। तीनों को यहां के सरकारी अस्पताल से जिला अस्पताल रेफर किया गया।

# रमजान के तीसरे जुमे पर उमड़ी नमाजियों की भीड़

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखीमपुर खीरी।** रमजान का तीसरे जुमा पर शहर की सारी मस्ज़िदों में नमाजियों का जन सैलाब उमड़ पड़ा,, मस्जिदों में तिल रखने की भी जगह नहीं थी,

नगर पंचायत खीरी की तरफ से सुबह से ही साफ सफाई व्यवस्था शुरू हो गई थी चूना आदि का भी छिड़काव किया गया था,

मस्जिद झंडे वाली में खतीब गुफरान अहमद ने रमजान की अजमत पर प्रकाश डालते हुए बताया कि रमजान हमें सब्र, संयम,



और अपनी नफ़्स पर काबू करना सिखाता है, रोजा शरीर के हर हिस्से का होता है रोज़े की हालत में हमारी जुबान से किसी का दिल नहीं दुखना चाहिए बाद नमाज़ मस्जिद के पेश ईमाम कारी अख्तर रजा ने दुनियाँ में अमन शांति के लिए दुवाएं मांगी।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# दहेज के लिए विवाहिता से मारपीट, घर से निकाला

## पति समेत चार पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बछरायूं।** थाना क्षेत्र के एक गांव की विवाहिता ने पति समेत ससुराल पक्ष के चार लोगों पर दहेज के लिए मारपीट व प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना क्षेत्र के ग्राम सरकड़ा कला निवासी हरप्रीत कौर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी जुलाई 2025 को ढकिया भूड़ निवासी शनिदेव पुत्र धर्मवीर के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी के समय उसके माता-पिता ने अपनी हैसियत के अनुसार दान-दहेज दिया था, लेकिन इसके बावजूद पति शनिदेव, सास ऊषा देवी, जेठ नरेंद्र और ननद सिम्मी आए दिन दहेज की मांग को लेकर उसे परेशान करते थे। पीड़िता का कहना है कि ससुराल पक्ष के लोग उससे मारपीट भी करते थे। आरोप है कि 24 फरवरी को पति और ससुराल वालों ने दहेज की मांग को लेकर उसके साथ मारपीट की और उसे घर से निकाल दिया। तब से वह अपने मायके में रह रही है। हरप्रीत कौर ने पुलिस से कार्रवाई की गुहार लगाते हुए बताया कि वह अपने ससुराल जाना चाहती है, लेकिन ससुराल पक्ष उसे स्वीकार नहीं कर रहा है, जिससे वह काफी परेशान है। थाना अध्यक्ष कुलद. ीप तोमर ने बताया कि तहरीर के आधार पर पति समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# ब्राह्मण महासभा का होली मिलन समारोह

## 19 को धूमधाम से मनाया जाएगा परशुराम प्रकटोत्सव



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के तत्वावधान में गुरुवार को परशुराम धाम में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित शिव कुमार त्रिवेदी ने श्री गणेश पूजन व मंगलाचरण के साथ किया और लोक कल्याण की कामना की।

इस दौरान ब्राह्मण समाज के लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर और पुष्प वर्षा कर होली की शुभकामनाएं दीं। वक्ताओं ने कहा कि होली का पर्व प्रेम, सौहार्द और भाईचारे का संदेश देता है। यह त्योहार समाज के सभी वर्गों को जोड़कर एकता और समरसता को मजबूत करने का काम करता है। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि भगवान श्री परशुराम का प्रकटोत्सव इस वर्ष 19 अप्रैल को अक्षय तृतीया के अवसर पर धूमधाम से मनाया जाएगा। इस मौके पर नगर में भव्य शोभायात्रा भी निकाली जाएगी। साथ ही पर्यावरण संरक्षण के लिए पूर्व वर्षों की तरह पौधों का वितरण भी किया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में समाज में प्रेम और सौहार्द बना रहे, इसके लिए भगवान से प्रार्थना करते हुए शांति पाठ किया गया। इस अवसर पर राजीव दीक्षित, शिव कुमार त्रिवेदी, हर्षमणि शर्मा, सतेंद्र शर्मा, हरिओम त्रिवेदी, डॉ. डी.एस. कौशिक, नरेंद्र शर्मा, श्रीपति शर्मा, सुदीप शर्मा और नरेश कौशिक सहित कई ब्राह्मण बंधु मौजूद रहे।

# युवक पर किशोरी को भगा ले जाने का आरोप

## पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** थाना क्षेत्र के एक गांव से 14 वर्षीय नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का मामला सामने आया है। सुबह जब परिजनों को बेटी घर में नहीं मिली तो हड़कंप मच गया। काफी तलाश के बाद भी कोई सुराग न मिलने पर पिता ने थाने पहुंचकर तहरीर दी। पुलिस ने आरोपी किशोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़िता के पिता का आरोप है कि गुरुवार तड़के करीब चार बजे चांदपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोर उनकी 14 वर्षीय बेटी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। परिजनों ने आसपास और रिश्तेदारी में काफी खोजबीन की, लेकिन किशोरी का कहीं पता नहीं चल सका। थाना प्रभारी निरीक्षक अमरपाल सिंह ने बताया कि पीड़िता के पिता की तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। किशोरी की बरामदगी और आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें तलाश में जुटी हैं।

# कर्मियों को दी आपातकाल स्थिति से निपटने की ट्रेनिंग

## नौरेक्स प्रा.लि. में 55वें राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** नौरेक्स प्राइवेट लिमिटेड में गुरुवार को 55वें राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह का भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर वैभव अग्रवाल व मोनिका अग्रवाल ने किया। इस दौरान कर्मचारियों को सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने और कार्यस्थल पर शून्य दुर्घटना का संकल्प दिलाया गया।

सुरक्षा सप्ताह के पहले दिन कंपनी की दोनों यूनिटों में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस अभ्यास के जरिए कर्मचारियों की आपातक. ालीन स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया और बचाव व्यवस्था को परखा गया। साथ ही कर्मचारियों को यह बताया गया कि किसी भी दुर्घटना या आपदा की स्थिति में किस तरह से संयम और समझदारी से काम लिया जाए।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वीपी ऑपरेशंस शशांक अग्रवाल ने कहा कि सुरक्षा केवल किसी एक विभाग की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह हर कर्मचारी की व्यक्तिगत जिम्मेदारी है। जब तक सभी कर्मचारी सुरक्षा नियमों को अपनी दिनचर्या का हिस्सा नहीं बनाएंगे, तब तक सुरक्षित कार्य वातावरण संभव नहीं है। कार्यक्रम के दौरान क्यूएचएसई हेड (पर्यावरण, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा प्रबंधक) ललित कुमार ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को कार्यस्थल पर सुरक्षा को सर्वोपरि रखने की शपथ दिलाई। कर्मचारियों के लिए सुरक्षा संबंधी पोस्टर प्रतियोगिता और क्विज प्रतियोगिता भी कराई जाएगी।इस अवसर पर शशांक अग्रवाल, ललित कुमार, राकेश अग्रवाल, अजय गुप्ता, हरिओम शर्मा, निकुंज शर्मा, आकाश नीरस, विकास, अनुराग नाथ और केशव कुमार सहित कंपनी के कई अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# उदयगिरि के जिलाध्यक्ष बनने पर स्वागत

## ब्राह्मण महासभा ने किया कार्यक्रम




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** नगर के कमाल पैलेस में शुक्रवार को राष्ट्रीय जागरूक ब्राह्मण महासंघ के तत्वाधान में एक भव्य स्वागत एवं अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन भगवान परशुराम के चित्र पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। यह कार्यक्रम भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष उदयगिरी गोस्वामी को जनपद अमरोहा का पुन: जिलाध्यक्ष मनोनीत किये जाने के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया था। कार्यक्रम का सफल नेतृत्व महासंघ के जिलाध्यक्ष शोभित शर्मा ने किया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मानसिंह गोस्वामी पश्चिमी उत्तर प्रदेश उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय जागरूक ब्राह्मण महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित आर.डी. शर्मा ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा से हसनपुर विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी ने शिरकत की।इस अवसर पर वक्ताओं ने उदयगिरी गोस्वामी के पिछले कार्यकाल की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में संगठन को नई मजबूती मिली है। स्वागत से अभिभूत होकर जिलाध्यक्ष उदयगिरी गोस्वामी ने सभी का आभार व्यक्त किया और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प दो. हराया। कार्यक्रम में कई प्रमुख हस्तियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। जिनमें ब्लॉक प्रमुख ममता गुर्जर महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष उषा शर्मा चंद्रपाल सिंह खड़गवंशी, राजू राणा, राजीव गोयल, उत्तम सिंह प्रजापति एवं देवेंद्र खड़गवंशी।समारोह को सफल बनाने में स्वागत समिति के सदस्यों का विशेष योगदान रहा। इनमें अतुल शर्मा,अनुज शर्मा, नितिन शर्मा, मोहित शर्मा, कपिल शर्मा, नंदन त्यागी, शिवम त्यागी, प्रियांशु, अभिषेक त्रिवेदी, रिंकू शर्मा, विशाल शर्मा, महंत वेद प्रकाश, रोहित शर्मा, वंदना शर्मा, विजय शर्मा, आरती शर्मा और देवेश शर्मा सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

# तीसरे जुमे को मस्जिदों में उमड़े नमाजी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** रमजान मुबारक के तीसरे जुमे को मस्जिदों में नमाजियों एवं रोजेदारों की भारी भीड़ देखने को मिली।

सोलहवें रोजे को रमजान मुबारक का तीसरा जुमा था। जुमे की नमाज पढ़ने के लिए नमाजियों से मस्जिदे फुल हो गई। मुस्लिम समाज के लोग सुबह से ही तीसरे जुमे की नमाज को अदा करने की तैयारी है कर रहे थे। जामा मस्जिद में मुफ्ती मेराज अहमद ने जुमे की नमाज को अदा कराया। नगर की मस्जिद दरगाह वाली, मदीना मस्जिद, कादरी, लाल मस्जिद, पत्थर वाली, बादल खा वाली, बाग वाली, नवाबान, उस्मान गनी, पुरानी जामा मस्जिद, मदीना मस्जिद द्वितीय के अलावा अन्य मस्जिदों में भी तीसरे जुमे की नमाज को अदा कराया गया। इसके अलावा गांव सिहाली जागीर, मछरई मनौटा, आगापुर, बावनखेड़ी, कालाखेड़ा, हैबतपुर बंजारा, बाँसका खुर्द, बाँसका कलां, पिपलोती कलां, पिपलोती खुर्द, गंगवार, शकर गढ़ी, जयतोली, सुतावली, बरेली आदि गांवो में भी जमे की नमाज को अदा कराया गया। मस्जिदों के बाहर नगर पालिका परिषद द्वारा छिड़काव कर चूना आदि डलवाया गया था।

# शिक्षक संघ ने किया छात्रों का स्वागत

## राष्ट्रीय आय छात्रवृत्ति परीक्षा में आठ बच्चों का चयन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में अल्लीपुर खादर विद्यालय के आठ बच्चों का चयन हुआ है।

शुक्रवार को स्कूल के प्रधानाचार्य ने बताया कि विद्यालय की छात्रा अंजलि पुत्री इकपाल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जनपद में द्वितीय रैंक प्राप्त की है। अन्य छात्रों में राजकुमारी पुत्री विजेंद्र सिंह, हर्षित पुत्र आल्हा सिंह, सोनम पुत्री देशराज सिंह, शिवानी पुत्र हरपाल सिंह, खुशी पुत्री विजयपाल सिंह, नाजिश पुत्री इकरार, और सोनाक्षी पुत्री रामनिवास का चयन छात्रवृत्ति के लिए हुआ है। बच्चों के अभिभावकों को विद्यालय द्वारा फूल माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक एव उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष होमपाल सिंह ने चयनित छात्रों और अभिभावकों को बधाई दी। होमपाल सिंह द्वारा बताया की इस परीक्षा के लिए विद्यालय स्टाफ ने बच्चों के अभिभावकों से बात कर छुट्टियों के दिनों में भी बच्चों को बुलाकर परीक्षा की तैयारी कराई जिसका परिणाम आज हम सबके सामने है। अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष विक्रम सिंह, हरपाल सिंह, विजेंद्र सिंह, सुमन रानी,रामनिवास सिंह राकेश कुमार, पंकज कुमार, बलराज सिंह,नसरीन जहां, नीरज रानी, कुमारी नीतू व विजयपाल सिंह उपस्थित रहे।

# चलती कार में आग से मचा हड़कम्प



## सूझबूझ के चलते तीन लोगों की बची जान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जोया।** शाहजहांपुर से गाजियाबाद जा रही एक कार में अचानक आग लगने से अफरातफरी मच गई। देखते ही देखते कार आग का गोला बन गई और कुछ ही देर में पूरी तरह जलकर राख हो गई। हालांकि चालक की सूझबूझ से कार में सवार सभी लोग सुरक्षित बाहर निकल आए और एक बड़ा हादसा टल गया।

जानकारी के अनुसार, जिला शाहजहांपुर के थाना कटार क्षेत्र निवासी उपेंद्र सिंह पुत्र वीरेंद्र पाल सिंह अपने भाई सोविंदर तथा प्रीति देवी पत्नी सोविंदर के साथ कार से शाहजहांपुर से गाजियाबाद जा रहे थे। जैसे ही उनकी कार डिडौली थाना क्षेत्र के गांव चौधरपुर के पास पहुंची, तभी कार में अचानक शॉर्ट सर्किट होने से आग लग गई। आग लगते ही चालक उपेंद्र सिंह ने सूझबूझ दिखाते हुए तुरंत कार को सड़क किनारे रोक दिया और कार में बैठे अपने परिजनों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। इसके बाद तत्काल डायल 112 पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही डायल 112 पुलिस और जिवाई चौकी इंचार्ज प्रवीण कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक कार पूरी तरह जलकर राख हो चुकी थी। गनीमत रही कि हादसे में किसी भी यात्री को चोट नहीं आई। घटना के बाद कुछ देर तक इलाके में अफरातफरी का माहौल रहा।

# इंसानियत के अलमदार थे आयतुल्ला खामेनई

## शिया जामा मस्जिद पर अमेरिका-इजराईल के खिलाफ नारेबाजी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** ईरानी सुप्रीम लीडर व शिया धर्म गुरु अयातुल्लाह सैय्यद अली खामेनेई के निधन के बाद भड़का गुस्सा शांत होने का नाम नहीं ले रहा। शुक्रवार को शिया जामा मस्जिद में नमाज के बाद अमेरिका व इजरायल के खिलाफ प्रदर्शन कर गुस्से का इजहार किया गया। पूरी दुनिया में अमन शांति कायम करने और ताकत के बल पर गलत काम करने वाले देशों पर रोक लगाने की मांग की गई।

शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद मोहल्ला शफातपोता स्थित अशरफुल मस्जिद में रहबरे मौअज्जम अयातुल्लाह खामेनई के पोस्टर हाथो में लेकर अमेरिका, इजरायल के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया। मौलाना डॉ, एहसन अख्तर सरोश ने कहा कि आयतउल्लाह खामेनई पूरी दुनिया के तमाम इंसानों के रहबर थे। उनकी शहादत इंसानियत का कत्ल है। उन्होंने हमेशा इंसा. नियत की भलाई की बात की और मजलूमों की आवाज बुलंद की। अमेरिका और इजराइल दहशत गर्द देश है, इन्हीं के कारण पूरी दुनिया में अशांति रहती है। अंजुमन के जरनल सेकेट्री खुर्शीद हैदर जैदी ने कहा अयातुल्लाह खामेनई ईरान ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया के रहबर थे। वह इंसानियत के अलमदार थे, उनको हर इंसान से प्यार था। उनकी सोच थी कि दुनिया में अमन हो और सभी मुल्क आपस में दोस्त की तरह रहे। इजरायल ने अयातुल्लाह खामेनई को शहीद कर दिया और ईरान के एक स्कूल में जमकर बम बरसाए जिसमें 165 छात्राएं शहीद हो गई। नमाज के बाद अमेरिका और इजराइल की भरपूर मुखालफत की गई, पूरी दुनिया से शांति के लिए काम करने व ताकत के बल पर गलत काम कर रहे देशों पर रोक लगाए जाने की मांग की गई। वही मोहल्ला कटकुई, मजापोता, मंडी चौब में शोक सभा का आयोजन किया गया।

# एंबुलैंस की टक्कर से बाइक सवार घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** नगर के हाइवे से चौबारा मार्ग पर 102 एंबुलैंस की टक्कर से बाइक सवार व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार चौबारा गांव निवासी ओमकार सिंह शुक्रवार को बाइक से गजरौला की ओर आ रहे थे जबकि विपरीत दिशा से एक 102 एंबुलैंस जा रही थी। एंबुलैंस की टक्कर से बाइक चालक ओमकार घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए हॉस्पिटल में भर्ती कराया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर कार्रवाई की बात कही है।

# प्रत्येक किसान कराए रजिस्ट्री

## नायब तहसीलदार ने ली पंचायत सहायकों की बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** नगर के खंड विकास कार्यालय के सभागार कक्ष में नायब तहसीलदार राजपाल सिंह ने पंचायत सहायकों की बैठक लेकर उन्हें फार्मर रजिस्ट्री आदि सहित अन्य योजनाओं के बारे में बताया।

शुक्रवार को आयोजित बैठक में नायत तहसीलदार ने कहा कि, अब से

■ **सरकारी योजनाओं के बारे में भी बताया।**

किसानों को सरकार की किसी भी सरकारी सुविधा का लाभ उठाने के लिए फार्मर रजिस्ट्री करवाना जरूरी होगा। इसलिए पंचायत सहायक इस कार्य की गंभीरता को समझें और सभी किसानों से मिलकर यह सुनिश्चत करें कि उन्होंने फार्मर आइडी बनवाई है या नहीं। इसी के साथ ही उन्होंने आयुष्मान गोल्डन कार्ड के साथ साथ परिसम्मिपित्त रजिस्टर, ग्राम गजेटियर तथा जीरो पावर्टी अभियान के अन्तर्गत ग्राम समूह गठन के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर सहायक विकास अधिकारी सतेन्द्र कुमार ने कहा कि सरकार द्वारा जीरो पावर्टी अभियान के अर्न्तगत चलाए जा रहे कार्यक्रमों में भाग लें। आपस में मिलकर समूह गठन करें। इस मौके पर संजीव कुमार तुरैहा सहित सहित समस्त पंचायत सहायक उपस्थित रहे।

# इंडीकेटर न देने से आमने-सामने टकराई बाइकें

**चन्दौसी।** तेज रफ्तार और इंडीकेटर न देना दो बाइक सवारों को भारी पड़ गया। आमने-सामने हुई टक्कर में दोनों बाइकें क्षतिग्रस्त हो गईं और दोनों चालक घायल हो गए। बताया जाता है कि आटा हाईवे मार्ग पर अक्सर वाहनों की टक्कर की घटनाएं होती रहती हैं। यहां गांव की ओर से आने वाला चौराहा होने के कारण हादसे की आशंका बनी रहती है। शुक्रवार को गुड्डू पुत्र मुनेश निवासी शाहबाद, जनपद रामपुर अपनी बाइक से बहजोई से चन्दौसी की ओर जा रहा था। जैसे ही उसकी बाइक (यूपी-22 एएन 9281) आटा गांव स्थित मॉल के पास पहुंची, तभी सामने से आ रहे एक अन्य बाइक सवार ने अचानक बिना इंडीकेटर दिए बाइक मोड़ दी। घायल गुड्डू ने बताया कि सामने से आ रहे बाइक सवार स्वामी ने बिना इंडीकेटर दिए बाइक मोड़ दी, जिससे उसकी बाइक गिर गई और हादसा हो गया।

# घर से लाखों के जेवरात व नकदी चोरी अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जनपद के मझोला थाना क्षेत्र में चोरी की एक बड़ी घटना सामने आई है। अज्ञात चोरों ने बंद घर को निशाना बनाते हुए अलमारी का ताला तोड़कर नकदी और सोने-चांदी के कीमती जेवरात पार कर दिए। घटना की जानकारी मिलने के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। पीड़ित परिवार ने पुलिस से जल्द कार्रवाई कर चोरी का खुलासा करने की मांग की है।जानकारी के अनुसार मझोला थाना क्षेत्र के सेक्टर-14, नया मुरादाबाद निवासी राकेश माथुर पुत्र ब्रिज नंदन स्वरूप के घर में चोरों ने देर रात वारदात को अंजाम दिया। बताया जा रहा है कि चोर किसी समय घर में घुस गए और कमरे में रखी अलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखी करीब 50 हजार रुपये की नकदी और सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर लिए।पीड़ित के मुताबिक चोर अलमारी से सोने की दो अंगूठियां, 10 ग्राम और 8 ग्राम के दो सोने के सिक्के, सोने की चेन, मंगलसूत्र, दो टॉप्स, चांदी की चेन, बिछुआ, छह चांदी के सिक्के और चांदी के चार नोट समेत अन्य कीमती सामान ले गए। इसके अलावा घर में रखे सेट ऑफ बॉक्स और अन्य दराजों के ताले भी तोड़ दिए गए। चोरों ने सूटकेस के बॉक्स में रखी चांदी की पायल, नोजपिन, कड़े और लगभग 12,500 रुपये नकद भी चोरी कर लिए।सुबह जब परिवार के सदस्यों की नजर टूटी अलमारी और बिखरे सामान पर पड़ी तो घटना का पता चला, जिसके बाद घर में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया।पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है ताकि आरोपियों की पहचान कर जल्द गिरफ्तारी की जा सके। क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से स्थानीय लोगों में चिंता का माहौल बना हुआ है।

## हुल्का देवी मंदिर पर लगे बसोड़ा मेले में पूजा अर्चना करने के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़

**मुरादाबाद।** शहर के कपूर कंपनी स्थित होलिका देवी महारानी मंदिर में चल रहे पारंपरिक बसोड़ा मेले के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। शुक्रवार सुबह से ही मंदिर परिसर में महिला और पुरुष भक्तों की लंबी कतारें लग गईं। दूर-दूर से पहुंचे श्रद्धालु माता के दर्शन कर अपने परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना कर रहे हैं।14 दिवसीय इस पारंपरिक मेले के दूसरे दिन भी आस्था का सैलाब देखने को मिला। श्रद्धालु नारियल, चुनरी, अगरबत्ती और प्रसाद चढ़ाकर माता होलिका देवी का आशीर्वाद ले रहे हैं। मंदिर परिसर में भक्ति और श्रद्धा का माहौल बना हुआ है। कई श्रद्धालु अपने बच्चों और परिवार के साथ मेले में पहुंच रहे हैं और विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर रहे हैं।मेले के चलते मंदिर के आसपास अस्थायी दुकानों की भी भरमार लगी हुई है।

# मैनपुरी व इटावा में विकसित होगा सारस सर्किट संरक्षण के साथ इको टूरिज्म को बढ़ावा

**मुहम्मद जान तुर्की**

**लखनऊ।** योगी सरकार प्रदेश के राजकीय पक्षी सारस (क्रेन) के संरक्षण और इको टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए सारस सर्किट की स्थापना कर रही है। सारस सर्किट का विकास प्रदेश के मैनपुरी और इटावा जिलों के वेटलैंड्स में किया जा रहा है।

जिसके तहत मैनपुरी के किर्थुआ, सहस, कुर्रा जरावां, सौज एवं समन के साथ इटावा के सरसई नावर और परौली रामायण वेटलैंड एरिया में सारस सर्किट विकसित किया जा रहा है। सारस सर्किट में सारस पक्षी के संरक्षण के साथ इको टूरिज्म की गतिविधियों को भी शामिल किया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य सारस पक्षी और वेटलैंड्स संरक्षण के साथ स्थानीय पर्यटन को भी बढ़ावा देना है। यह स्थानीय लोगों को आय के अवसर उपलब्ध करवाएगा और सारस पक्षी और



वेटलैंड्स के संरक्षण के लिए भी प्रेरित करेगा। इन परियोजनाओं का विकास ईको-टूरिज्म विकास बोर्ड के माध्यम से प्रदेश का वन विभाग कर रहा है। दुनिया में सबसे लंबी उड़ान के लिए जाना जाने वाला सारस पक्षी, उत्तर प्रदेश का राजकीय पक्षी है। इसका आवास और प्रजनन क्षेत्र विशेषतौर पर राज्य के मैनपुरी, इटावा, एटा, अलीगढ़ की वेटलैड्स में है। जिसे ध्यान में रखते हुए प्रदेश सरकार सारस पक्षी के संरक्षण के लिए सारस सर्किट का विकास कर रही है। जहां प्रदेश का वन विभाग, यूपी ईको टूरिज्म विकास बोर्ड के माध्यम से क्षेत्र के उथले जलाशयों, तालाबों और अन्य वेटलैड्स को संरक्षित कर सारस पक्षी के अनुकूल बनाने का प्रयास कर रहा है। साथ ही क्षेत्र में ईको टूरिज्म की गतिविधियों को भी विकसित किया जा रहा है। इस क्रम में मैनपुरी और इटावा जिलों के सारस सर्किट में प्रवेश द्वार, व्यू पॉइंट, डेक एवं बोटिंग स्पॉट, बटरफ्लाई गार्डन, सोलर साइट लाइटिंग, इंटरप्रिटेशन सेंटर, पार्किंग जैसी सुविधाओं का विकास किया जाएगा। साथ ही सारस सर्किट में पर्यटकों की सुविधा के लिए सूचना केंद्र, ईको-टॉयलेट ब्लॉक, पार्किंग, इंटरैक्टिव साइनेज, फूड कियोस्क और ओडीओपी व स्मृति चिन्ह की दुकानें भी विकसित की जाएंगी। ये सुविधाएं पर्यटकों को सारस के प्राख्रतिक आवास को देखने और समझने का अवसर प्रदान करेंगी। स्थानीय लोगों और पर्यटकों में बढ़ेगी पर्यावरण के प्रति संवे. दनशीलता बढ़ेगी। योगी सरकार की यह पहल न केवल सारस (क्रेन) और अन्य पक्षियों जैसे- ग्रे हेरॉन, ओपन-बिल्ड स्टॉर्क आदि की सुरक्षा सुनिश्चित करेंगी, बल्कि क्षेत्र के वेटलैंड्स के संरक्षण को भी बढ़ावा देगी। यह इन क्षेत्रों में भू-जल स्तर में वृद्धि के साथ ग्लोबल वार्मिंग के प्रभावों को कम करने और सतत विकास की दिशा में भी महत्वपूर्ण साबित होगा। साथ ही इन क्षेत्रों में इको टूरिज्म की गतिविधियों के विकास से स्थानीय समुदाय के लोगों को आय और रोजगार के अवसर मिलेंगे।

# विपक्ष ने देश को गहरी चोट पहुंचाने का काम किया: केशव प्रसाद मौर्य

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शुक्रवार को कहा कि विपक्ष ने देश को गहरी चोट पहुंचाने का काम किया है।

सर्किट हाउस में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि चीन ने भारत की जमीन पर कब्जा किया और कश्मीर का कुछ हिस्सा पाकिस्तान के पास है, इसके बावजूद विपक्ष सरकार पर आरोप लगाता रहता है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस और उसके सहयोगी दल जिस भाषा का प्रयोग करते हैं, वह उन्हें शोभा नहीं देता। उन्होंने कहा कि श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश मजबूत और सुरक्षित हुआ है तथा तेजी से विकास की ओर बढ़ रहा है। बिहार की राजनीतिक स्थिति पर पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि



यह बड़ा राजनीतिक निर्णय है। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार देश के वरिष्ठ नेताओं में से एक हैं और उनके राज्यसभा जाने के निर्णय पर अधिक टिप्पणी करना उचित नहीं होगा। बिहार का अगला मुख्यमंत्री कौन होगा, यह उन्हें जानकारी नहीं है। शंकराचार्य से जुड़े मुद्दे पर उन्होंने कहा कि प्रदेश में गौ-रक्षा के लिए प्रभावी व्यवस्था है और गोमाता को कोई नुकसान नहीं होने दिया जाएगा। यात्रा की अनुमति संबंधित प्राधिकरण द्वारा दी जाएगी। उपमुख्यमंत्री ने सर्किट हाउस में पार्टी पदाधिकारियों के साथ संगठनात्मक बैठक की तथा विभागीय अधिकारियों के साथ सरकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। इसके बाद वह निवेदिता बालिका इंटर कॉलेज में आयोजित होली मिलन कार्यक्रम में शामिल होंगे।



उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में 'महिला सशक्तिकरण एवं स्वास्थ्य' पर संगोष्ठी का दृश्य

# प्रयागराज के मेजा में दिव्यांग छात्र/छात्राओं का प्रवेश प्रारम्भ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित राजकीय समेकित विशेष माध्यमिक विद्यालय, गेदुराही, मेजा, प्रयागराज (मेजा तहसील के पास) जहां ख्रष्टिबाधित, श्रवणबाधित, अस्थि बाधित दिव्यांग छात्रों के साथ ही सामान्य छात्र छात्राओं को कक्षा 06 से 12 तक नि:शुल्क शिक्षा प्रदान की जाती है।

शैक्षिक सत्र 2026-27 में प्रवेश हेतु छात्रों के लिए प्रवेश फार्म का वितरण प्रारम्भ हो गया है। इच्छुक छात्र या अभिभावक विद्यालय में प्रवेश हेतु आवेदन फार्म नि:शुल्क अधोहस्ताक्षरी




कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्रात: 10 बजे से अपरान्ह 3:30 बजे तक प्राप्त कर सकते हैं। प्रवेश फार्म वितरण प्रारम्भ हो गया है। प्रवेश सम्बन्धी जानकारी हेतु श्री जितेन्द्र कुमार, प्रधानाचार्य के मो0नं0- 9648962827 व परीक्षा प्रभारी अनिता सरन के मो0 न0 9935480094सम्पर्क किया जा सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### सपा प्रमुख अखिलेश ने साझा किया सारसों का वीडियो

**इटावा।** समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अपने गृह जिले इटावा के खेतों में विचरण कर रहे सारस पक्षियों का वीडियो सोशल मीडिया पर साझा कर एक बार फिर अपने पर्यावरण प्रेम का परिचय दिया है। पार्टी अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री यादव समय-समय पर पर्यावरण और वन्यजीव संरक्षण से जुड़े विषयों को उठाते रहे हैं। उनके द्वारा साझा किए गए वीडियो के बाद इटावा में सारस पक्षियों की मौजूदगी एक बार फिर चर्चा में आ गई है। वन विभाग के अनुसार हाल ही में प्रदेश में कराई गई सारस गणना में इटावा वन प्रभाग 3304 सारस पक्षियों के साथ राज्य में शीर्ष स्थान पर रहा है। इससे पहले वर्ष 2025 में यहां करीब 3000, वर्ष 2024 में 3289 और वर्ष 2023 में 3280 सारस दर्ज किए गए थे। अधिकारियों का कहना है कि सारसों की बढ़ती संख्या वन विभाग, पर्यावरण संस्थाओं और स्थानीय ग्रामीणों के संयुक्त प्रयासों का परिणाम है। प्रदेश के 68 वन प्रभागों में हुई शीतकालीन गणना में कुल 20,628 सारस पाए गए, जो पिछले वर्ष के 19,994 की तुलना में 634 अधिक हैं। वन्यजीव विशेषज्ञों के अनुसार सारस विश्व का सबसे ऊंचा उड़ने वाला पक्षी माना जाता है और इसकी लगभग 70 प्रतिशत आबादी उत्तर प्रदेश में पाई जाती है। यह पक्षी मुख्यतः धान के खेतों, दलदली क्षेत्रों, तालाबों और जलु ोतों के आसपास पाया जाता है तथा कीड़े-मकोड़े, छोटी मछलियां और अन्य छोटे जीव इसका भोजन होते हैं। जिला वन अधिकारी विकास नायक ने बताया कि इटावा में सारसों की अधिक संख्या वन विभाग, पर्यावरण संस्थाओं और स्थानीय लोगों के सहयोग से संभव हुई है। उन्होंने कहा कि सारस संरक्षण के लिए आगे भी प्रयास जारी रहें।

### उत्सव से उत्साह की ओर ले जाते हैं भारतीय त्योहार: रमेश

**मऊ।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के गोरक्ष प्रांत प्रचारक रमेश जी ने कहा कि भारतीय त्योहार समाज को उत्सव से उत्साह की ओर ले जाने का काम करते हैं और होली का पर्व पारिवारिक एवं सामाजिक समरसता को मजबूत करने का संदेश देता है। उन्होंने शीतला माता मंदिर परिसर में आयोजित होली उत्सव समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि वह उत्सव ही अधूरा है जिसमें उत्साह न हो। होली का पर्व कुटुंब व्यवस्था, पारिवारिक मूल्यों और विश्व बंधुत्व की भावना को सुदृढ़ करता है। उन्होंने कहा कि इतिहास में अनेक आक्रमण हुए, मंदिरों और संपत्ति को नुकसान पहुंचाया गया, लेकिन भारत की हजारों वर्ष पुरानी पारिवारिक व्यवस्था और सांस्कृतिक परंपराओं को कोई नहीं तोड़ सका। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश के ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा कि होली का पर्व समरसता का प्रतीक है। विभिन्न रंगों का एक साथ मिलना अनेकता में एकता का संदेश देता है। इस अवसर पर भोजपुरी कलाकार आर्यन बाबू ने 'होली खेले रघुवीरा' और 'मसाने की होली' समेत कई फाग और भोजपुरी गीत प्रस्तुत किए, जिस पर मौजूद लोग झूम उठे। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए करीब ढाई हजार से अधिक लोग सपरिवार शामिल हुए और एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर संघ के विभाग प्रचारक अंबेश जी, जिला प्रचारक आर्यम जी, नगर प्रचारक रितेश जी, भाजपा जिलाध्यक्ष रामाश्रय मौर्य, उमेश पाण्डेय, देवेंद्र सिंह, अभिषेक खंडेलवाल, शक्ति सिंह सहित अन्य पदाधिकारी और स्वयंसेवक मौजूद रहे।

### सुलतानपुर में पिता समेत दो भाइयों को मारी गोली, एक की मौत

**सुलतानपुर।** उत्तर प्रदेश में सुल्तानपुर जिले के कोतवाली देहात क्षेत्र अंतर्गत जौनपुर गांव में बच्चों के विवाद को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट और फायरिंग में गोली लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गई तथा एक गंभीर रूप से मेडिकल कॉलेज लखनऊ रेफर कर दिया गया है। पुलिस अधीक्षक चारू निगम ने पत्रकारों को बताया कि जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जनऊपुर में गुरुवार देर शाम आपसी विवाद में गोलीबारी की सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस और पीआरवी टीम मौके पर पहुंची। घायलों को तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया की प्रारंभिक जांच के अनुसार यह विवाद दो पटीदारों, होमगार्ड वीरेंद्र प्रताप सोनकर और रमेश सोनकर के बीच हुआ था।

# उमेश कुमार सिंह बने गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के शासकीय अधिवक्ता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाई कोर्ट के अधिवक्ता उमेश कुमार सिंह चौम्बर नंबर 9 हर्ष निवास 73ठ/43सीवाई चिंतामणी रोड, जॉर्जटाउन, प्रयागराज निवासी, व्यक्तित्व के धनी एवं बहुत ही सरल स्वभाव के उमेद सिंह जी को गाज़ियाबाद प्राधिकरण ने शासकीय विधि पैनल का अधिवक्ता नियुक्ति किया है,

जिसकी जानकारी ग़ाज़ियाबाद प्राधिकरण विधि अधिकारी शशि भूषण रॉय द्वारा भेजे गए पत्र के माध्यम से मिली। मिलने पर अधिवक्ताओं एवं आम जनमानस में खुशी की लहर दौड़



गयी। सभी ने उमेश सिंह को शुभकामनाएं और बधाइयां दी।

### वाराणसी-लखनऊ शटल अब शिवपुर में भी रुकेगी

**वाराणसी।** वाराणसी से लखनऊ के बीच चलने वाली शटल सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 20401 तथा लखनऊ से वाराणसी चलने वाली ट्रेन संख्या 20402 का ठहराव शुक्रवार से शिवपुर रेलवे स्टेशन पर शुरू हो गया। इसका औपचारिक उद्घाटन प्रदेश के स्टांप एवं न्यायालय पंजीयन शुल्क राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रविन्द्र जायसवाल ने मुख्य अतिथि के रूप में किया। उन्होंने शुक्रवार सुबह शिवपुर स्टेशन पर ट्रेन संख्या 20401 को हरी झंडी दिखाकर लखनऊ के लिए रवाना किया। बताया जाता है कि वरुणापार क्षेत्र के लोगों की इस मांग को लेकर मंत्री रविन्द्र जायसवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से लगातार वार्ता और अथक प्रयास किए।

# ई-रिक्शा की टक्कर से छात्र की मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**फर्रुखाबाद।** उत्तर प्रदेश में फर्रुखाबाद जिले के कम्पिल थाना क्षेत्र में शुक्रवार को सड़क पार करते समय तेज रफ्तार ई-रिक्शा की चपेट में आने से पांच वर्षीय छात्र की मौत हो गई।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि कम्पिल क्षेत्र के रायपुर चिघतपुर गांव निवासी अर्जुन (5) प्राथमिक विद्यालय में कक्षा एक का छात्र था, वह सुबह करीब साढ़े दस बजे घर से स्कूल जाने के लिए सड़क पार कर रहा था।

इसी दौरान कम्पिल से अटैना घाट की ओर जा रहे तेज रफ्तार ई-रिक्शा ने उसे टक्कर मार दी। दुर्घटना में छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया और ई-रिक्शा भी पलट गया। मौके पर जुटे ग्रामीण उसे उपचार के लिए कायमगंज साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए फतेहगढ़ जिला अस्पताल भेज दिया है। थानाध्यक्ष नितिन चौधरी ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त ई-रिक्शा को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है, जबकि चालक मौके से फरार हो गया। उसकी तलाश की जा रही है तथा मामले में वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# अवैध प्लाटिंग पर केडीए की कार्रवाई, 19.5 बीघे में निर्माण ध्वस्त

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**कानपुर।** कानपुर विकास प्राधिकरण (केडीए) ने शुक्रवार को जोन-1बी क्षेत्र में अवैध प्लाटिग के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 19-5 बीघे में विकसित की जा रही अवैध कॉलोनियों के निर्माण को ध्वस्त कर दिया। प्राधिकरण के उपाध्यक्ष मदन सिंह गर्ब्याल और सचिव अभय कुमार पाण्डेय के निर्देश पर विशेष कार्याधिकारी/उपजिलाधिकारी डा. रवि प्रताप सिंह के नेतृत्व में ग्राम धरमपुर क्षेत्र में यह कार्रवाई की गई। प्राधिकरण के अनुसार पन्ना लाल, अदन पुत्र भरोसा, पूजा यादव पत्नी रामचन्द्र, राकेश दीक्षित, सती प्रसाद समेत अन्य लोगों द्वारा करीब सात बीघे में बिना स्वीकृति प्लाटिग विकसित की जा रही थी, जिसे ध्वस्त किया गया।

इसी तरह मैसर्स मां डेवलपर्स की ओर से सुनील कुमार गौर, चेतन बाजपेई तथा अन्य द्वारा लगभग 5-5 बीघे में विकसित की जा रही अवैध प्लाटिग पर भी बुलडोजर चलाया गया। इसके अलावा सुनील कुमार, मृदुल जौहरी, राधेश्याम पुत्र गंगाराम, सूरजवली, शंकर लाल, मोहन लाल व अन्य द्वारा करीब सात बीघे में की जा रही अनाधिकृत प्लाटिग को भी ध्वस्त कर दिया गया। कार्रवाई के दौरान तीन अलग-अलग अवैध साइटों पर बनाए गए प्रवेश द्वार, सड़क, नाला, बाउंड्रीवाल, बिजली के खम्भे, पिलर तथा निर्मित, अ(र्निर्मित और निर्माणाधीन भवनों को तीन जेसीबी मशीनों की मदद से गिरा दिया गया। साथ ही प्रवेश मार्गों को गहरा कर दिया गया ताकि वहां से आवागमन न हो सके।

डा. रवि प्रताप सिंह ने बताया कि बिना प्राधिकरण की अनुमति के जमीन की प्लाटिग कर भोले-भाले लोगों को प्लाट बेचे जा रहे थे। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की प्लाटिग से पहले केडीए से मानचित्र स्वीकृति और अनुमति लेना अनिवार्य है।

उन्होंने आम लोगों से अपील की कि केवल केडीए से स्वीकृत कॉलोनियों में ही प्लाट खरीदें तथा प्लाट लेने से पहले नक्शा और ले-आउट की जांच कर प्राधिकरण से जानकारी अवश्य प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि अवैध प्लाटिग के खिलाफ आगे भी अभियान चलाकर निरोधात्मक कार्रवाई जारी रहेगी।

# दो समुदाय के बीच विवाद में 11 लोग घायल

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश में शाहजहांपुर जिले के अल्लाहगंज क्षेत्र में होली के दिन दूसरे समुदाय के युवक पर रंग पध्ने के बाद बृहस्पतिवार को हुए विवाद में दोनों पक्षों के एक 11 लोग घायल हो गए।

पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए 20 लोगो को हिरासत में लिया है। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने शुक्रवार को बताया कि थाना अल्लाहगंज क्षेत्र के गांव मऊ रसूलपुर गांव में होली पर रंग खेलते समय दूसरे समुदाय के शाहिद अली पर रंग पड़ गया जिसको लेकर दोनों पक्षों में विवाद हो गया था। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों समुदाय के लोगों को समझाकर मामला शांत कर दिया था लेकिन बृहस्पतिवार को दोनों पक्षों में इस बात तो लेकर फिर विवाद हो गया।

पावरग्रिड POWERGRID

1. उपरोक्त नामक याचिकाकर्ता ने याचिका-1: **उत्तरी क्षेत्र में फेस-II, भाग-जी 1 के अंतर्गत राजस्थान सौर ऊर्जा जोनों से विद्युत की निकासी (8.1 गीगावॉट) के लिए पारेषण प्रणाली सुदृढ़ीकरण योजना** के लिए 2024-29 टैरिफ ब्लॉक के लिए पारेषण टैरिफ के निर्धारण हेतु केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग, नई दिल्ली के समक्ष एक याचिका दायर की है।
2. पारेषण प्रणाली के लाभार्थी हैं:- (क) अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमि. (ख) जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमि. (ग) जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमि. (घ) पंजाब राज्य विद्युत निगम लिमिटेड (ड़) हरियाणा पावर पर्चेज सेंटर (च) जम्मू एवं कश्मीर पावर कॉर्पोरेशन लिमि. (छ) उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (ज) बीएसईएस यमुना पावर लिमि. (झ) बीएसईएस राजधानी पावर लिमि. (ट) टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन लिमि. (त) चंडीगढ़ विद्युत विभाग (ड) उत्तरांचल पावर कॉर्पोरेशन लिमि. (ढ) उत्तर मध्य रेलवे (ण) नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (प) हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड (फ) सेंट्रल ट्रांसमिशन यूटिलिटी ऑफ इंडिया लिमि. (ब) एचवीपीएनएल

| विवरण | परिसंपत्ति-1 |
|---|---|
| वाणिज्यिक प्रचालन की निर्धारित तिथि | 30.09.2023 |
| वाणिज्यिक प्रचालन की वास्तविक तिथि | 30.11.2025 |
| वाणिज्यिक प्रचालन की तिथि को पूंजीगत लागत (रु. लाख में) | 1108.67 करोड़ रु |

3. 2024-29 ब्लॉक के लिए टैरिफ के विवरण:

(₹ लाख में)

| परिसंपत्ति | 2024-25 | 2025-26 | 2026-27 | 2027-28 | 2028-29 |
|---|---|---|---|---|---|
| परिसंपत्ति-1 | 0.00 | 3917.09 | 14337.47 | 15072.56 | 15445.33 |

4. टैरिफ के निर्धारण के लिए प्रस्तुत याचिका की एक प्रति वेबसाइट: **www.powergrid.in** पर पोस्ट की गई है।
5. याचिका में उल्लिखित टैरिफ के निर्धारण के लिए प्रस्तावों पर सुझाव और आपत्तियां, यदि कोई हैं, लाभार्थी सहित किसी भी व्यक्ति द्वारा इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर, याचिकाकर्ता को एक प्रति सहित, आयोग के ई-फाइलिंग पोर्टल के जरिए दायर की सकती हैं।

स्थान : गुरुग्राम
दिनांक : 07.03.2026

ज़फरूल हसन
महाप्रबंधक (वाणिज्यिक)

पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)
पंजीकृत कार्यालय: बी-9, कुतुब इंस्टीट्यूशनल एरिया, कटवारिया सराय, नई दिल्ली-110016
केन्द्रीय कार्यालय: सौदामिनी, प्लॉट न. 2, सेक्टर-29, गुरुग्राम, हरियाणा-122001
वेबसाइट: www.powergrid.in, सीआईएन: L40101DL1989GOI038121
एक महारत्न पीएसयू

# समय पर उपचार से बहरेपन पर नियंत्रण संभव: डा. आरके धीमन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** विश्व श्रवण दिवस पर संजय गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान में उन्नत न्यूरो-ओटोलॉजी प्रयोगशाला का शुभारंभ संस्थान के निदेशक डा. आरके धीमन ने किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि सुनने की कमी (बहरेपन) एक ष्मूक विकलांगताष् है, जो धीरे-धीरे बढ़ती है,

लेकिन समय पर पहचान और उपचार से इसे काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है। एक दिन पूर्व रविवार को संस्थान में ष्कम्युनिटी टू क्लासरूम-हियरिंग केयर आफ इवरी चाइल्डष् थीम के तहत एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में सुनने की कमी की समय पर पहचान और शीघ्र उपचार के महत्व को रेखांकित करना था। न्यूरोसर्जरी विभाग के न्यूरो-ओटोलॉजी यूनिट के प्रमुख डा. रवि शंकर और उनकी टीम ने बच्चों में श्रवण समस्याओं की समय रहते पहचान के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यदि सुनने की समस्या का पता प्रारंभिक अवस्था में चल जाए तो इससे बच्चों के भाषण, भाषा विकास, संज्ञानात्मक क्षमता और सामाजिक विकास पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। उन्होंने समुदाय की सक्रिय भागीदारी को भी इस दिशा में बेहद आवश्यक बताया। कार्यक्रम में केंद्रीय विद्यालय, पीजीआई परिसर के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और इंटरैक्टिव सत्रों में शामिल हुए। इसके साथ ही कोक्लियर इम्प्लांट सर्जरी करवा चुके बच्चों के अभिभावक और संभावित मरीजों के अभिभावक भी मौजूद रहे, जिन्होंने अपने अनुभव साझा किए और जागरूकता कार्यक्रम को और सार्थक बनाया। नई प्रयोगशाला में आधुनिक श्रवण परीक्षण उपकरण स्थापित किए गए हैं।

# दो युवकों के शव पेड़ से लटकते मिले

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश में शाहजहांपुर जिले के थाना रोजा और थाना सिधौली क्षेत्र में शुक्रवार को सुबह दो युवकों के शव पेड़ पर लटकते मिले है। पुलिस क्षेत्राधिकारी सदर प्रियांक जैन ने शुक्रवार को बताया कि थाना रोजा क्षेत्र के गांव पींग का रहने वाले गौरव (18) का शव उसी के खेत में लगे आम के पेड़ पर लटकता मिला है।

सूचना पर पुलिस फोर्स और फॉरेंसिक टीम को भी घटनास्थल पर जांच कर साक्ष्य संकलित कर शव को पेड़ से उतार कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस घटना के कारणों का पता लगाने में जुटी है और परिजनों से भी पूछताछ की जा रही है। क्षेत्राधिकारी पुवायां प्रवीण मलिक ने शुक्रवार को बताया कि थाना सिधौली के गांव बाजपुर जटपुरा क्षेत्र में गोपाल (21) का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पापुलर के पेड़ पर लटका मिला। परिजनों से की गई पूछताछ में पता चला कि गोपाल बृहस्पतिवार शाम को खेत जाने की बात कहकर घर से निकला था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी।

### जाली नोट छापने वाले अंतर जिला गिरोह का पर्दाफाश, आठ गिरफ्तार

**आजमगढ़।** उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ जिले में पुलिस ने जाली नोट छापने वाले अंतरजनपदीय गिरोह का पर्दाफाश करते हुए आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से 1-19 लाख रुपये के जाली नोट, लैपटॉप, कलर प्रिंटर, एक कार तथा सात मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) चिराग जैन ने शुक्रवार को बताया कि होली त्योहार के मद्देनजर रौनापार क्षेत्र में वाहन चेकिग के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि टेकनपुर पुलिया के पास कुछ लोग एक कार में जाली नोटों का लेन-देन कर रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस की टीम ने घेराबंदी कर छह आरोपियों को मौके से गिरफ्तार कर लिया।

# ऑनलाइन सट्टेबाजी गैंग का भंडाफोड़

## पांच आरोपी गिरफ्तार, 32 मोबाइल समेत भारी मात्रा में उपकरण बरामद





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** टी-20 वर्ल्ड कप मैचों पर सट्टा लगवाने वाले एक संगठित गैंग का नोएडा पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। थाना सेक्टर-113 पुलिस ने गैंग के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया है। आरोपी भारत और इंग्लैंड के बीच खेले जा रहे मैच पर ऑनलाइन सट्टा लगवा रहे थे। पुलिस ने इनके कब्जे से बड़ी मात्रा में इलेक्ट्रॉनिक उपकरण भी बरामद किए हैं।

आरोपी सेक्टर-113 थाना की एक हाइराइज सोसाइटी में फ्लैट किराए पर लेकर सट्टा चला रहे थे। जांच में सामने आया कि आरोपियों ने करीब डेढ़ महीने पहले ही यह फ्लैट किराए पर लिया था और यहीं से क्रिकेट मैचों पर सट्टा लगाने का नेटवर्क चला रहे थे। फ्लैट को पूरी तरह मिनी कंट्रोल रूम की तरह तैयार किया गया था, जहां से मोबाइल फोन और इंटरनेट के जरिए सट्टेबाजी का संचालन किया जा रहा था। पुलिस टीम को सूचना मिली थी कि इलाके में कुछ लोग क्रिकेट मैच पर सट्टा लगवा रहे हैं। सूचना के आधार पर थाना सेक्टर-113 पुलिस ने छापेमारी की। छापे के दौरान आरोपी भारत और इंग्लैंड के मैच पर सट्टा लगवा रहे थे। मैच पर ZOOM APP व ZOOM AUDIO के जरिए और फोन से सट्घ्टा खिलवाया जा रहा था। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान गैंग के सरगना विनय सहगल, नवदीप, राजीव शर्मा, सलिल सेठ और देव कुमार के रूप में हुई है। यह लोग मोबाइल ऐप और फोन कॉल के जरिए अलग-अलग लोगों से सट्टा लगवाते थे।छापेमारी के दौरान पुलिस ने आरोपियों के पास से बड़ी संख्या में इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बरामद किए हैं।

इनमें 3 लैपटॉप, 3 टैबलेट, 32 मोबाइल फोन और एक प्रिंटर शामिल हैं। इन उपकरणों का इस्तेमाल सट्टे का हिसाब-किताब रखने और नेटवर्क से जुड़े लोगों से संपर्क करने में किया जाता था। पुलिस का कहना है कि इतने ज्यादा मोबाइल फोन का इस्तेमाल अलग-अलग आईडी और नंबरों से सट्टा चलाने के लिए किया जा रहा था।

**बैंक खातों और नेटवर्क की जांच शुरू:** पुलिस अब आरोपियों के बैंक खातों और उनके नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश कर रही है। शुरुआती जांच में संकेत मिले हैं कि सट्टे का यह नेटवर्क कई शहरों तक फैला हो सकता है। थाना सेक्टर-113 पुलिस का कहना है कि आरोपियों के मोबाइल और लैपटॉप से डाटा खंगाला जा रहा है, जिससे यह पता लगाया जा सके कि सट्टेबा. जी में कितनी रकम का लेन-देन हुआ और इस गिरोह से और कौन-कौन लोग जुड़े हुए हैं।

# नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को मिली एनओसी

■ **एयरोड्रम लाइसेंस के लिए डीजीसीए करेगा निरीक्षण, इसके बाद उड़ान भरेंगे विमान**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**यमुना सिटी।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट की सुरक्षा मानकों के अनुरूप मिली। इसके बाद नगर विमानन सुरक्षा ब्यूरो (बकास) ने एयरपोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था को एनओसी जारी कर दी है। इससे एयरोड्रम लाइसेंस मिलने का रास्ता साफ हो गया है। एयरोड्रम लाइसेंस मिलने के साथ ही एयरपोर्ट पर हवाई सेवा शुरू की जा सकेंगी।

डीजीसीए की टीम एयरपोर्ट का जल्द निरीक्षण करेगी। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड के नोडल अधिकारी शैलेंद्र भाटिया ने बताया कि नगर विमानन सुरक्षा ब्यूरो (बकास) ने एंटी हाइजैक कंटीजेंसी प्लान को मंजूरी दी थी। गुरुवार देर शाम बकास ने एयरपोर्ट को सशर्त समग्र सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एनओसी जारी कर दी है।

**एंटी हाइजैक कंटीजेंसी प्लान के बाद मिली एनओसी:** किसी भी एयरपोर्ट की सुरक्षा के लिए एंटी हाइजैक कंटीजेंसी प्लान (विमान के हाइजैक होने या बम की सूचना मिलने पर इसका काम शुरू) बेहद अहम मानक है।

एंटी-हाइजैक कंटीजेंसी प्लान एयरपोर्ट की आपातकालीन सुरक्षा योजना है। इसके तहत विमानन कंपनियां, एयरपोर्ट अथॉरिटी, सुरक्षा एजेंसी, सरकार मिलकर कार्रवाई करती हैं।

**सभी प्रकार के सुरक्षा उपकरण लगाए गए:** यह मंजूरी तभी मिलती है, जब इससे संबंधित उपकरण समेत सभी सामान एयरपोर्ट पर स्थापित हो जाते हैं। लंबे समय से एयरपोर्ट पर इन उपकरणों को स्थापित करने के साथ ही इनकी क्षमता परखने की प्रक्रिया चल रही थी। जांच के बाद सभी प्रकार की सुरक्षा व्यवस्था को मानक के अनुरूप पाया गया।

# छात्रा से ऑनलाइन ठगी




■ **सूट ऑर्डर करने के नाम पर 15 हजार रुपये गंवाए**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कस्बे में एक छात्रा ऑनलाइन ठगी का शिकार हो गई। अज्ञात साइबर ठग ने उससे सूट मंगाने के नाम पर लगभग 15 हजार रुपये ठग लिए। पीड़ित छात्रा ने शुक्रवार को दनकौर कोतवाली की साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई है, जिसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

पीड़ित छात्रा खुशी ग्रेटर नोएडा के एक कॉलेज में पढ़ती है। कुछ दिन पहले उसने सोशल मीडिया पर एक सूट का विज्ञापन देखा था, जो उसे पसंद आ गया। उसने दिए गए मोबाइल नंबर पर संपर्क कर सूट बुक किया और अग्रिम भुगतान के तौर पर 1399 रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिए। छात्रा का आरोप है कि भुगतान के कुछ देर बाद उसी नंबर से उसे कॉल आई। कॉल करने वाले व्यक्ति ने बताया कि सूट को कूरियर से भेजने के लिए अलग से चार्ज देना होगा। इसके बाद आरोपी ने छात्रा के व्हाट्सएप पर एक लिंक भेजा और उसे डिलीवरी चार्ज जमा करने के लिए उस लिंक का उपयोग करने को कहा। जैसे ही छात्रा ने लिंक खोलकर भुगतान की प्रक्रिया पूरी की, उसके बैंक खाते से अचानक लगभग 14 हजार रुपये कट गए। इस तरह कुल मिलाकर लगभग 15 हजार रुपये की ठगी हुई। ठगी का अहसास होने पर छात्रा ने आरोपी से संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन उसका फोन बंद मिला और उसने कॉल रिसीव करना बंद कर दिया।

इसके बाद पीड़ित ने दनकौर कोतवाली की साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने बताया कि शिकायत के आधार पर मामले की जांच की जा रही है और संबंधित नंबर व लिंक की पड़ताल की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# प्रेमिका और उसके दो भाई गिरफ्तार

## होली के दिन पत्नी के सामने बॉयफ्रेंड को मारी थी गोली, जबरदस्ती शादी करना चाहती थी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-75 स्थित सोसाइटी में बुधवार दोपहर पत्नी के सामने प्रेमी की गोली मारकर हत्या करने के मामले में प्रेमिका और उसके दो भाइयों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने परि. जनों की शिकायत पर थाना-113 में मुकदमा दर्ज किया था।

इनके नाम लब्बु उर्फ लोकेन्द्र सोलंकी, निखिल सोलंकी, प्रिया सिंह पुत्री सुभाष सोलंकी को पर्थला डूब क्षेत्र कब्रिस्तान सर्विस रोड़ से गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से घटना में प्रयोग की गई एक फ्रॉन्क्स कार (बिना नंबर) व 01 पिस्टल . 32 बोर 02 कारतूस बरामद किए गए है। वहीं घटना में शामिल एक बाल अपचारी उम्र 16 साल को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया है।

इन लोगों ने आईवीवाई काउंटी सोसाइटी सेक्टर-75 के मार्केट में साहिल सिंघल की गोली मारकर हत्या कर दी थी एवं मौके से अपनी कार फ्रॉन्क्स को लेकर फरार हो गए थे।

**शादी का बना रही थी दबाव:** पुलिस के मुताबिक सेक्टर-75 स्थित आईवीवाई काउंटी सोसाइटी में प्रॉपर्टी डीलर साहिल सिंघल परिवार के साथ रहते थे। उनके परिवार में माता-पिता, पत्नी और दो बच्चे हैं। करीब चार वर्ष पहले साहिल की मुलाकात गाजियाबाद के विष्णु एन्क्लेव में रहने वाली प्रिया सोलंकी से हुई। प्रिया नोएडा की एक कंपनी में काम करती थी। इसी दौरान दोनों का रिश्ता प्रेम संबंध में बदल गया। प्रिया शादी करने के लिए साहिल पर दबाव बनाने लगी, लेकिन साहिल ने दूरी बनाना शुरू कर दिया।

**शादी से इंकार करने पर भाइयों ने मारी गोली:** इसी मुद्दे पर बात करने के लिए बुधवार दोपहर प्रिया अपने भाई निखिल सोलंकी, लोकेंद्र उर्फ लब्बू सोलंकी और पड़ोसी लक्की के साथ कार से आईवीवाई काउंटी सोसाइटी पहुंची। होली पर मिलने के बहाने आए चारों को साहिल ने सोसाइटी में प्रवेश दिलाया। चारों सीधे साहिल के फ्लैट पर पहुंचे। जहां पर उन्हें साहिल की मां सीमा सिंघल मिलीं।

जहां से आरोपियों को पता चला कि साहिल अपनी पत्नी के साथ भूतल पर होली खेल रहा है, सभी लोग सीधे वहीं पहुंच गए। प्रिया ने फिर साहिल के सामने शादी का प्रस्ताव रखा, जिसे साहिल ने ठुकरा दिया। दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हो गई, तभी निखिल ने अवैध पिस्टल से साहिल को उसकी पत्नी के सामने गोली मार दी।

### बिल्डर कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर पर हमला

**नोएडा।** सेक्टर-129 में साइट पर पहुंचे बिल्डर कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर से मारपीट करने और धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने दो लोगों पर हमला करने का आरोप लगाकर केस दर्ज कराया है। सेक्टर-135 के वाजिदपुर गांव में रहने वाले अमित कुमार झा ने पुलिस को बताया कि वह राधा बिल्डटेक कंपनी कार्यालय में प्रोजेक्ट मैनेजर हैं। वह छह फरवरी की दोपहर करीब एक बजे सेक्टर-129 स्थित अपनी साइट पर गए थे। वहां पर दो अज्ञात व्यक्ति मिले। दोनों ने अमित को वहां से भाग जाने के लिए कहा।

# बस में लगी आग, धुंआ उठते देख ड्राइवर ने गाड़ी रोकी, यात्रियों ने भागकर बचाई जान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के बीटा 2 थाना क्षेत्र में शुक्रवार को एक रोडवेज बस में अचानक आग लग गई। गनीमत रही कि समय रहते आग पर काबू पा लिया गया और इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। बस में सवार सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया था। यह घटना तब हुई जब बस कासना से परी चौक होते हुए नोएडा की ओर जा रही थी। बीटा 2 थाना क्षेत्र में रेडिसन ब्लू होटल के पास पहुंचते ही बस के अगले हिस्से से अचानक धुआं उठने लगा। देखते ही देखते आग की लपटें निकलने लगीं और बस धू-धू कर जलने लगी। बस चालक ने तुरंत सूझबूझ दिखाते हुए वाहन को सड़क के किनारे रोका। बस में कुछ ही यात्री सवार थे, जो तेजी से नीचे उतर गए। चालक और आसपास मौजूद लोगों ने शुरुआती तौर पर आग बुझाने का प्रयास किया। घटना की सूचना तत्काल पुलिस और दमकल विभाग को दी गई।सूचना मिलते ही दमकल की एक गाड़ी मौके पर पहुंची और त्वरित कार्रवाई करते हुए आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया। आग लगने का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है, हालांकि प्रारंभिक आशंका जताई जा रही है कि यह शॉर्ट सर्किट के कारण लगी होगी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जिला दमकल अधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया कि उन्हें एक बस में आग लगने की सूचना मिली थी। दमकल टीम ने मौके पर पहुंचकर समय रहते आग बुझा दी।

## एक नजर

### होली के बाद काम पर लौटे प्रवासी, कई इलाकों में लगा जाम

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** शुक्रवार को शहर की कई सड़कों पर लोग जाम से जूझते नजर आए। दफ्तर से लौटते वक्त शाम को सेक्टर 52 मेट्रो के पास, मॉडल टाउन समेत दूसरे इलाकों में जाम में वाहन चालक फंसे रहे। कुछ ऐसा ही मंजर, सेक्टर 18, सेक्टर 94, डीएनडी, महामाया फ्लाईओवर, राष्ट्रीय दलित प्रेरणा स्थल, सेक्टर 52, सेक्टर 71 अंडरपास, पर्थला, मॉडल टाउन आदि जगहों पर भी देखने को मिला। जाम में फंसे चालकों ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए यातायात व्यवस्था पर भी सवाल खड़े किए। अधिकारियों को टैग करते हुए एक यूजर ने लिखा कि अक्सर सेक्टर-71 अंडरपास में जाम में फंसने से समय खराब होता है। शिकायत के बाद भी सुधार नहीं होता। वहीं, होली के बाद प्रवासी भी काम पर लौट आए हैं। छुट्टी के बाद ऑफिस वगैरह भी खुल गए हैं। सड़कों पर जाम का एक प्रमुख कारण यह भी रहा।

### सोसाइटी में सभी सुविधा न मिलने से लोग परेशान

**ग्रेटर नोएडा (शाह टाइम्स)।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित बुलंद एलिवेट सोसाइटी में लोगों को सुविधाएं न मिलने के कारण परेशानी हो रही है। उनके आरोप है कि सोसाइटी में क्लब हाउस व पार्किंग बनाकर बिल्डर द्वारा नहीं दिया गया है, जिसको लेकर कई बार मांग भी की जा चुकी है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं होती है। सोसाइटी में रहने वाले हरदम व जितेंद्र ने बताया कि परिसर में अभी एक टावर में ही लोग रह रहे हैं, जिसमें करीब 120 परिवार रहते हैं, लेकिन बिल्डर द्वारा आधी अधूरी सुविधाओं के साथ लोगों को सौंप दिया गया है। सोसाइटी परिसर में क्लब हाउस का निर्माण नहीं किया गया है।

पार्क की भी कोई व्यवस्था नहीं है, जिसके कारण लोग अपने घर में ही रह जाते हैं, उनके पास बाहर बैठने या टहलने के लिए कोई स्थान नहीं है। साथ ही, पार्किंग की कोई व्यवस्था नहीं है। बेसमेंट का कार्य अभी अधूरा है। लोग बाहर खुले में ही अपने वाहनों को इधर-उधर खड़ा करते हैं, जिससे कई बार आने जाने वाले लोगों को परेशानी होती है। साथ ही सोसाइटी का रास्ता भी ठीक रूप से नहीं बना है। कई जगह से टूटा हुआ है। ऐसे में लोगों को दिक्कत होती है। इन सभी समस्याओं को लेकर कई बार बिल्डर प्रबंधन से मांग कर चुके हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं होती है। साथ ही, लोगों द्वारा शासन प्रशासन से भी मदद की गुहार लगाई गई है। वहीं, बिल्डर प्रबंधन की तरफ से मैनेजर हरिलाल से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया।

### इंजीनियर ने 11वें माले से लगाई छलांग, पहली मंजिल पर पड़ी मिली लाश

**ग्रेटर नोएडा (शाह टाइम्स)।** ग्रेटर नोएडा स्थित बिसरख कोतवाली क्षेत्र के हवेलिया वैलेंशिया सोसाइटी में रहने वाले एक एक बुजुर्ग 11वीं मंजिल से छलांग लगा दी। उन्हें गंभीर हालत में उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर डॉक्टर ने उनका मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान संदीप श्रीवास्तव (60) वर्ष के रूप में हुई। बुजुर्ग पेश से इंजीनियर थे। मगर पिछले कई साल से वह कोई काम नहीं कर रहे थे। पुलिस शव का पोस्टमॉर्टम करा मामले की जांच की जा रही है। जानकारी के मुताबिक होली के दिन शाम करीब 6 बजे सूचना मिली की हवेलिया वैलेंशिया सोसाइटी में रहने वाले एक व्यक्ति 11वीं मंजिल से नीचे गिर गए। सूचना मिलते ही पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। जांच के दौरान एक व्यक्ति प्रथम तल के छज्जे पर गिरा हुआ मिला। पुलिस ने तत्काल उसे उपचार के लिए पास के एक प्राइवेट अस्पताल पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जांच में पता चला है कि बुजुर्ग ने बालकनी से छलांग लगाकर आत्महत्या है। उन्होंने आत्महत्या के लिए बालकनी के पास एक स्टूल भी लगाया था। स्टूल घटना स्थल के पास मिला है। हालांकि घटना स्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।

**मानसिक बीमारी से थे ग्रस्त:** पुलिस को परिजन ने पूछताछ में कि वह लंबे समय से मानसिक बीमारी से ग्रसित थे। उनका इलाज भी चल रहा था। उनके साथ उनकी पत्नी रहती हैं। जबकि उनका पुत्र बेंगलुरु में नौकरी करता है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस और फील्ड यूनिट ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया और साक्ष्य एकत्र किए हैं।

### युवक ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

**नोएडा।** औद्योगिक क्षेत्र के एक प्लॉट में रहने वाले युवक ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान वीरू गौड़ (18) निवासी कुशीनगर के रूप में हुई है। सूचना पर पहुंची ईकोटेक-3 कोतवाली पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार युवक अपने परिवार के साथ रहता था। वह एक कंपनी में काम करता था। गुरुवार को उसने अपने औद्योगिक क्षेत्र स्थित घर पर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना स्थल पर कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। परिजन ने पुलिस को बताया कि है कि युवक पिछले कई दिन से पारिवारिक व मानसिक अवसाद के कारण परेशान था। कोतवाली प्रभारी अजय कुमार का कहना है कि शव का पोस्टमॉर्टम करा परिजन को सौंप दिया गया है। मामले में परिजन की ओर से कोई शिकायत नहीं दी गई है।

# ग्रेटर नोएडा सोसाइटी में मारपीट

## पुलिस ने दोनों पक्षों के सात लोगों को गिरफ्तार किया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** होली के दिन ग्रेटर नोएडा के बिसरख थाना क्षेत्र की एक सोसाइटी में दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने संज्ञान लिया और सात लोगों को गिरफ्तार किया है।

बिसरख थाना पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि यह घटना आम्रपाली गोल्फ होम्स किंग्स वुड सोसाइटी के एल टावर की छत पर हुई थी। कुछ अज्ञात लड़के छत पर चढ़ गए थे, जिन्हें सुरक्षाकर्मी नीचे उतार रहे थे। इसी दौरान कुछ बैचलर्स के साथ उनका विवाद हो गया, जो मारपीट में बदल गया। इस दौरान दोनों ही पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। जिसमें सभी लोग एक दूसरे को लात घुसे बजाते हुए दिख रहे थे। पुलिस ने बताया कि किसी भी पक्ष द्वारा थाने में घटना की सूचना नहीं दी गई थी। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने स्वत: संज्ञान लेते हुए दोनों पक्षों के सात आरोपियों को गिरफ्तार कर निरोधात्मक कार्रवाई की है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में प्रथम पक्ष से जयप्रताप सिंह (32), असित कुमार (23), लविश कुमार (21) और अमन (19) शामिल हैं। जयप्रताप सिंह चौड़ारघुनाथपुर, नोएडा के निवासी हैं, जबकि असित कुमार मैनपुरी के नगलासेवा राम और वर्तमान में नयां हैबतपुर, बिसरख के निवासी हैं। लविश कुमार और अमन दोनों बहलोलपुर, नोएडा के निवासी हैं। द्वितीय पक्ष से अभिषेक कुमार (25), अमिताभ त्रिपाठी (23) और नूर आलम (25) को गिरफ्तार किया गया है। अभिषेक कुमार सिवान, बिहार के गडेरिया और वर्तमान में आम्रपाली गोल्फ होम्स किंग्स वुड सोसाइटी के निवासी हैं।

अमिताभ त्रिपाठी महाराजगंज, उत्तर प्रदेश के नौतनवा और नूर आलम कुशीनगर, उत्तर प्रदेश के फाजिल नगर के निवासी हैं, ये दोनों भी आम्रपाली गोल्फ होम्स किंग्स वुड सोसाइटी में रहते हैं।

# पत्थर फेंकने का विरोध करने पर व्यापारी को पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के जहांगीरपुर कस्बे में छत पर पत्थर फेंकने के विरोध को लेकर विवाद हो गया। पड़ोसियों ने एक व्यापारी और उनके परिवार के सदस्यों के साथ कथित तौर पर मारपीट की। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर शुक्रवार को तीन आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

जहांगीरपुर निवासी व्यापारी पुनीत अग्रवाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गुरुवार को पड़ोसियों ने उनके घर की छत पर पत्थर फेंकने शुरू कर दिए थे। जब उन्होंने इसका विरोध किया, तो आरोपी गाली-गलौज करने लगे और विवाद बढ़ गया।

पुनीत अग्रवाल ने आरोप लगाया कि आरोपी पुनीत उर्फ गुटकी, चेतन और कालीचरण ने उन पर हमला कर दिया। आरोपियों ने बल्ले से मारपीट की, जिससे परिवार के कई सदस्य घायल हो गए। घटना के दौरान मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

आसपास के लोगों ने बीच-बचाव कर स्थिति को शांत कराया। घटना के बाद पीड़ित पक्ष ने जेवर कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर तीनों आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली प्रभारी संजय सिंह ने बताया कि पुनीत उर्फ गुटकी, चेतन और काली. चरण के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है और जल्द ही उनकी गिरफ्तारी की जाएगी।

# योगी हेरिटेज सिटी के प्रस्ताव पर आज चर्चा करेंगे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**यमुना सिटी।** यमुना विकास प्राधिकरण (यीडा) क्षेत्र में अब फेज-2 के तहत भी विकास कार्य जल्द शुरू होंगे। शनिवार को मथुरा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में ब्रज विकास परिषद की बैठक आयोजित होगी। इस बैठक में यीडा क्षेत्र से जुड़े दो अहम प्रस्ताव रखे जाएंगे। इसमें मुख्यमंत्री राया हेरिटेज सिटी के प्रस्ताव पर चर्चा करेंगे। यीडा सीईओ आरके सिंह ने बताया कि बैठक की अध्यक्षता मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। बैठक में ब्रज विकास परिषद, मथुरा प्रशासन और नगर निगम के अधिकारी शामिल होंगे। यह बैठक मथुरा में यमुना विकास प्राधिकरण के ही क्षेत्रीय कार्यलय में आयोजित होगी।

यीडा की ओर से मुख्यत: प्रस्तावित हेरिटेज सिटी पर चर्चा होगी। बता दें कि हेरिटेज सिटी को यमुना एक्सप्रेसवे पर राया से वृंदावन के पास यमुना तक प्रस्तावित सड़क के दोनों ओर विकसित करने की योजना है। पहले इसका एलानमेंट तय हो चुका था, लेकिन पिछले वर्ष मानसून के दौरान आई बाढ़ से क्षेत्र में जलभराव हो गया था, जिसके बाद परियोजना पर दोबारा मंथन किया गया। अब संशोधित डीपीआर तैयार की गई है और विभिन्न विभागों से सुझाव लिए जा रहे हैं ताकि परियोजना को बेहतर और सुरक्षित ढंग से विकसित किया जा सके। बैठक में परियोजना की रूपरेखा, जल निकासी व्यवस्था और अन्य बिंदुओं पर विस्तृत मंथन होगा। उत्तर प्रदेश सरकार परियोजना को मंजूरी दे चुकी है। इसके अलावा आगरा और हाथरस के मास्टर प्लान को भी बैठक में रखा जा सकता है।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

**जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा**

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email: parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# जेवर में बना रहा बिजली उपकेंद्र जून में शुरू होगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**यमुना सिटी।** जेवर क्षेत्र में जेवर एयरपोर्ट और बड़ी औद्योगिक इकाईयों को निर्बाध आपूर्ति देने के लिए 400 केवी का बिजली उपकेंद्र बनाया जा रहा है। करीब 220 करोड़ रुपये की लागत से यह बिजली उपकेंद्र बनाया जा रहा है। इससे आसपास के क्षेत्र के उपभोक्ताओं को निर्बाध आपूर्ति मिलेगी। विद्युत निगम के ट्रांसमिशन विभाग के अधीक्षण अभियंता विनय त्रिपाठी ने बताया कि बताया कि मेघा कंपनी द्वारा 400 केवी का बिजली उपकेंद्र बनाया जा रहा है। पिछले डेढ़ साल से बिजली उपकेंद्र को बनाने का कार्य किया जा रहा है। अब उम्मीद है कि जून तक बिजली उपकेंद्र शुरू हो जाएगा।

इस उपकेंद्र की क्षमता 1000 एमवीए की होगी। यहां पर पांच-पांच सौ एमवीए के दो ट्रांसफार्मर लगाए जाएंगे, जोकि दोनों ट्रांसफार्मर आ चुके हैं। अब शुरू होने शेष है। इस उपकेंद्र को सेक्टर-148 स्थित 400 केवी और जहांगीरपुर स्थित 765 केवी के बिजली उपकेंद्र से जोड़ा गया है। इसके अलाव इस उपकेंद्र परिसर में विद्युत निगम द्वारा उपकेंद्र की क्षमता वृद्धि करते हुए 220 केवी का बिजली उपकेंद्र बनाया जा रहा है। यहां 52 करोड़ रुपये में उपकेंद्र तैयार किया जा रहा है। इस उपकेंद्र पर 160-160 एमवीए के दो ट्रांसफार्मर लगाए जा रहा है। इस तरह बिजली उपकेंद्र की कुल क्षमता 1320 एमवीए तक हो जाएगी। उन्होंने बताया कि इस उपकेंद्र से जेवर एयरपोर्ट के लिए बिजली सप्लाई का एक ओर विकल्प तैयार हो जाएगा।

# बहनोई की हत्या करने वाले दंपति को उम्रकैद

## जारचा के सलारपुर गांव का मामला, कुल्हाड़ी से मारा था, दोषियों पर 25-25 हजार रुपये का जुर्माना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** जारचा थाना क्षेत्र के सलारपुर गांव में करीब सात साल पहले हुई हत्या के मामले में पति-पत्नी को दोषी करार देकर आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश चन्द्र मोहन श्रीवास्तव की अदालत ने सलारपुर गांव निवासी आरा. पी अली हसन और उसकी पत्नी गुलशन उर्फ हाजरा पर 25-25 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना जमा नहीं करते हैं तो उन्हें छह माह का अतिरिक्त कठोर कारावास भुगतना होगा।

एडीजीसी क्राइम नितिन त्यागी ने बताया कि अनुसार घटना 7 नवंबर 2018 की सुबह की है। सलारपुर गांव स्थित एक ईंट भट्टे के पास बने कमरे में सलीमुद्दीन उर्फ सलीम की हत्या कर दी गई थी। मामले में भट्टे के मुनीम ने जारचा थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया था। तहरीर में बताया गया था कि वह सुबह भट्टे का काम देखने के लिए अली हसन को बुलाने उसके कमरे पर गए थे। कमरे के अंदर सलीम. द्दीन खून से लथपथ पड़ा हुआ था।

**कुल्हाड़ी से मारकर की हत्या:** उसी दौरान अली हसन का छोटा बेटा वहां मिला। बच्चे ने बताया कि उसके माता-पिता ने मिलकर उसके फूफा सलीम को कुल्हाड़ी और डंडों से मारकर हत्या कर दी है। घटना के बाद दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए थे। तहरीर के आधार पर जारचा थाने में अली हसन और उसकी पत्नी गुलशन उर्फ हाजरा के खिलाफ हत्या का मुक. दमा दर्ज किया गया था।

**निर्मम तरीके से की गई हत्या:** पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर खून से सनी मिट्टी, टूटी चूड़ियों के टुकड़े और अन्य साक्ष्य एकत्र किए थे। इसके बाद पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृतक के शरीर पर कई गंभीर चोटों के निशान पाए गए थे। जिससे यह स्पष्ट हुआ कि उसकी निर्मम तरीके से हत्या की गई थी।

**दुर्लभतम श्रेणी का माना:** अदालत ने दोनों पक्षों को सुनने के कहा कि यह मामला हत्या का गंभीर अपराध है, लेकिन इसे दुर्लभतम श्रेणी का मामला नहीं माना जा सकता। इसलिए आरोपियों को मृत्युदंड देने की आवश्यकता नहीं है। अदालत ने दोनों आरोपियों को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

# होटल में रखी छुरी से युवक ने रेत लिया गला

**■ घटना सीसीटीवी में कैद, पुलिस जांच में जुटी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** शाही थाना क्षेत्र के गांव दुनका निवासी 24 वर्षीय सलमान पुत्र अहमद जान ने हापुड़ में एक होटल पर रखी सलाद काटने वाली छुरी से गला रेतकर आत्महत्या कर ली। पूरी घटना होटल में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई।

बताया जाता है कि सलमान दिल्ली में अपने चचेरे भाई फरमान के साथ बाल काटने का काम करता था। वह करीब आठ दिन पहले दिल्ली गया था और तीन दिन तक भाई के साथ काम करने के बाद अचानक कहीं चला गया। फरमान ने उसे काफी तलाश किया, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। चार दिन बाद बुधवार रात वह अचानक वापस लौट आया।चचेरे भाई ने उसकी हरकतों से परेशान होकर गुरुवार सुबह उसे शाही क्षेत्र के गांव चकदाह निवासी एक टैक्सी में बैठा दिया, जो शाही से दिल्ली के लिए सवारियां लाने-ले जाने का काम करती है।

ग्राम प्रधान अफसर अली के अनुसार टैक्सी चालक ने गढ़ के पास स्थित प्रधानजी के ढाबे पर खाना खाने के लिए गाड़ी रोक दी। चालक समेत अन्य सवारियां ढाबे में खाना खाने चली गईं। इसी दौरान सलमान को ढाबे के एक कोने में रखी सलाद काटने वाली छुरी दिखाई दी। उसने छुरी उठाकर अपना गला रेत लिया। बताया जाता है कि उसने तब तक गला रेता जब तक वह गंभीर रूप से घायल नहीं हो गया। घटना देख होटल कर्मचारियों के होश उड़ गए। पूरी घटना ढाबे में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। होटल संचालक ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची हापुड़ पुलिस सलमान को जिला अस्पताल ले गई, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर परिजन भी पहुंच गए। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव का पोस्टमार्टम कराया, जिसके बाद शुक्रवार को शव गांव दुनका लाया गया।बताया जाता है कि मृतक नशे का आदी था। वह पांच भाइयों में चौथे नंबर का था। परिजनों ने इस मामले में किसी प्रकार की कानूनी कार्रवाई से इंकार किया है।

# रिछा के मिनहाज शकील यूपीएससी पास कर बने आईपीएस

**■ चावल नगरी में जश्न का माहौल, विधायक समेत कई लोगों ने दी बधाई**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** चावल नगरी के नाम से मशहूर रिछा कस्बे के होनहार युवक मिनहाज शकील ने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की परीक्षा पास कर आईपीएस बनने का गौरव हासिल किया है। उनकी इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है। परिजनों के घर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है।



मिनहाज शकील, बहेड़ी बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट शकील अहमद गुरु के पुत्र हैं। उन्होंने यूपीएससी परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 513 प्राप्त की है, जिससे उनका आईपीएस बनना लगभग तय हो गया है। वह रिछा राइस मिलर एसोसिएशन के अध्यक्ष अतहर हुसैन नियाजी के भांजे भी हैं। परिवार के मुताबिक मिनहाज शकील की शुरुआती पढ़ाई रिछा और बहेड़ी में कक्षा पांच तक हुई। इसके बाद उन्होंने कक्षा छह से ग्यारह तक अलीगढ़ में पढ़ाई की और 12वीं की पढ़ाई कोटा से पूरी की।

इसके बाद उनका चयन इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी दिल्ली में कंप्यूटर साइंस के लिए हो गया। आईआईटी से पढ़ाई के बाद उन्होंने नौकरी की, लेकिन अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए नौकरी छोड़कर यूपीएससी की तैयारी शुरू कर दी। मिनहाज शकील ने बताया कि तैयारी के दौरान उन्होंने सोशल मीडिया से दूरी बना ली थी, और रिश्तेदारी व सामाजिक कार्यक्रमों में भी जाना कम कर दिया था। कड़ी मेहनत और लगन के बल पर उन्होंने यूपीएससी परीक्षा में सफलता हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उन्होंने यह भी बताया कि उन्होंने इंडियन फॉरेस्ट सर्विस की लिखित परीक्षा भी पास कर ली है, जिसका इंटरव्यू अभी बाकी है।

मिनहाज चार भाई-बहनों में दूसरे नंबर पर हैं। उनके भाई और दोनों बहनें भी उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। उनकी सफलता पर क्षेत्र के विधायक अताउर्रहमान, रिछा नगर पंचायत चेयरमैन पति तनवीर अहमद उर्फ काला बच्चा, चेयरमैन प्रतिनिधि सैफ तनवीर, रिछा राइस मिलर एसोसिएशन अध्यक्ष अतहर हुसैन नियाजी, राशिद नियाजी, पूर्व ब्लॉक प्रमुख हाजी वफाउर्रहमान, नसीमुर्रहमान और सलीम अंसारी समेत कई प्रमुख लोगों ने बधाई दी है।

मिनहाज शकील की इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है, और लोग इसे रिछा कस्बे के लिए गर्व का क्षण बता रहे हैं।

## एक नजर

### देवरानी को रंग लगाने का विरोध करने पर घर में घुसकर मारपीट, महिला घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नवाबगंज।** होली के नशे में मदहोश एक युवक ने एक महिला को रंग लगाने की कोशिश की, जिसका विरोध करने पर दबंग युवक ने घर में घुसकर परिजनों के साथ मारपीट कर डाली। घटना की शिकायत कर वापस लौट रही महिला को दबंगों ने घेरकर बुरी तरह से मारा पीटा। घटना की तहरीर आज शुक्रवार को दी गई है। थाना क्षेत्र के गांव गुलड़िया धीमर में 4 मार्च को होली के नशे में मदहोश गांव के युवक पप्पू ने अपने गांव की एक महिला को रंग लगाए जाने की कोशिश की। आरोप है वह महिला से छेड़छाड़ कर रहा था जिसका विरोध किया गया जिस पर आरोपी पप्पू, नन्नू, छोटू, गोदावरी सहित परिजनों ने घर में घुसकर लोगों की पिटाई कर डाली। जिसकी शिकायत डायल 112 को किए जाने के बाद इसकी सूचना पुलिस को दी गई थी। पुलिस द्वारा घायल का मेडिकल तो करा दिया, लेकिन होली का पर्व होने के कारण रिपोर्ट दर्ज नहीं की जा सकी थी। अगले दिन पुलिस द्वारा होली खेले जाने की वजह से घटना की तहरीर नहीं दी जा सकी थी। आरोप है पुलिस को सूचना देकर अपने घर वापस लौट रही गांव की महिला भूरी पत्नी नत्थू लाल को दबंगों ने जरेली की पुलिया के पास घेर लिया और जमकर उसके साथ मारपीट की गई, जिसमें वह घायल हो गई। घटना की आज पुलिस को तहरीर दी गई है।

### लभेड़ा दुर्गाप्रसाद में दो पक्षों में मारपीट, दोनों ओर से मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** क्षेत्र के गांव लभेड़ा दुर्गाप्रसाद में गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे दो पक्षों में विवाद के बाद मारपीट हो गई। अनिल कुमार अपने भतीजे विपिन कुमार के साथ दुर्गा मंदिर के पास बैठे थे। आरोप है कि गांव के कुछ लोग वहां पहुंचकर गाली-गलौच करने लगे। विरोध करने पर लाठी-डंडों व लोहे की रॉड से हमला कर दिया, जिससे अनिल कुमार और विपिन घायल हो गए।

ग्रामीणों के मौके पर पहुंचने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए।दूसरे पक्ष के कृष्णपाल पुत्र रामस्वरूप का आरोप है कि अनिल और उनके साथियों ने पहले गाली-गलौच की। उनके पुत्र अनुज ने विरोध किया तो आरोपियों ने लाठी-डंडों से उसकी पिटाई कर दी, जिससे वह घायल हो गया।घायलों को लेकर परिजन थाने पहुंचे। पुलिस ने अनिल कुमार की तहरीर पर रामकरन, सोमपाल, कृष्णपाल व घनश्याम तथा कृष्णपाल पुत्र रामस्वरूप की तहरीर पर कृष्णपाल पुत्र नत्थूलाल, अनिल कुमार, पवन और दिनेश के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए सीएचसी भेज दिया है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार एक परिवार के तीन लोग घायल हो गए।

मिली जानकारी के अनुसार गांव कुरतरा निवासी विकास साहू उर्फ भूरा उनकी मां जयदेई और भाभी सोनकली के साथ बाइक के द्वारा बरेली किसी रिश्तेदार के यहां होली मिलने गए थे। शुक्रवार शाम को घर लौटते समय शंखा पुल के पास अज्ञात कार की टक्कर से बाइक अनियंत्रित होकर गिरने से उनकी मां जयदेई और भाभी सोनकली घायल हो गईं। राहगीरों की मदद से विकास साहू दोनों को एंबुलेंस के द्वारा बरेली निजी अस्पताल ले गया। जहां उनका इलाज चल रहा है। जयदेई की हालत नाजुक बनी हुई है।

### बंद दुकान में दिखी रहस्यमयी परछाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गांव में चर्चाओं का बाजार गर्म**

**मीरगंज।** थाना क्षेत्र के गांव मनकरा में एक बंद दुकान में लगी सीसीटीवी कैमरे की फुटेज को लेकर गांव में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। फुटेज में कथित तौर पर एक रहस्यमयी परछाई दिखाई देने का दावा किया जा रहा है, जिसके बाद से ग्रामीणों के बीच यह मामला चर्चा का विषय बन गया है। बताया जा रहा है कि गांव निवासी एवेरन गंगवार की ऑनलाइन कैफे की दुकान में यह घटना बीती रात की बताई जा रही है। रात के समय दुकान बंद थी, लेकिन सीसीटीवी फुटेज में एक परछाई दुकान के शीशे के पास आती दिखाई दे रही है। वीडियो में ऐसा प्रतीत हो रहा है मानो वह परछाई शीशे पर सिर मार रही हो। सुबह जब दुकान मालिक ने सीसीटीवी की रिकॉर्डिंग देखी तो वह भी हैरान रह गए। इसके बाद यह वीडियो धीरे-धीरे गांव में फैल गया और ग्रामीणों के बीच चर्चा शुरू हो गई।हालांकि कुछ लोग इसे भूत-प्रेत से जोड़कर देख रहे हैं, जबकि कई ग्रामीण इसे किसी व्यक्ति की परछाई या तकनीकी गड़बड़ी भी मान रहे हैं। इस संबंध में किसी प्रकार की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। यह खबर केवल वायरल वीडियो और स्थानीय चर्चाओं के आधार पर है। हम किसी भी प्रकार के अंधविश्वास या दावे की पुष्टि नहीं करते हैं।

### घर में घुसकर किशोरी से दुष्कर्म का आरोप, मुकदमा दर्ज


**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** शाही थाना क्षेत्र के गांव आनंदपुर निवासी एक व्यक्ति पर घर में घुसकर किशोरी से जबरन दुष्कर्म करने का आरोप लगा है। पीड़िता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। बताया जाता है कि शुक्रवार दोपहर किशोरी के परिजन किसी काम से बाहर गए हुए थे और वह घर में अकेली थी। आरोप है कि इसी दौरान गांव निवासी पप्पू घर में घुस आया और किशोरी को पकड़कर जबरन कमरे में ले गया। वहां उसने उसके साथ अश्लील हरकतें कीं। किशोरी द्वारा विरोध करने पर आरोपी ने उसके कपड़े फाड़ दिए और जबरन दुष्कर्म किया। घटना के बाद आरोपी शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देता हुआ मौके से फरार हो गया।कुछ देर बाद जब परिजन घर लौटे तो किशोरी घायल अवस्था में मिली। परिजन उसे लेकर थाने पहुंचे और पुलिस को घटना की जानकारी दी। पुलिस ने पीड़िता के पिता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।ग्रामीणों के अनुसार आरोपी की उम्र करीब 55 वर्ष बताई जा रही है और उस पर पहले भी महिलाओं से छेड़छाड़ के आरोप लग चुके हैं।थानाध्यक्ष राजेश कुमार बैसला ने बताया पीड़िता के पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पीड़िता को मेडिकल को भेज दिया है, आरोपी की गिरफ्तारी को टीमे गठित कर दी गई है शीघ्र गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

### विधानसभा के सामने हुई थी सपा विधायक मंजूर अहमद की हत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक मंजूर अहमद की हत्या को 24 साल पूरे हो गए। 6 मार्च 2002 को लखनऊ में उत्तर प्रदेश विधानसभा के सामने गोली मारकर उनकी हत्या कर दी गई थी। इस सनसनीखेज घटना से उस समय पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई थी।



**24 साल बाद भी बहेड़ी के लोगों के दिलों में जिंदा हैं मंजूरअहमद, बरसी पर नम हुई आंखें**

बताया जाता है कि जैसे ही विधायक मंजूर अहमद की हत्या की खबर बहेड़ी पहुंची, पूरे नगर और आसपास के गांवों में मातम छा गया था। लोग अपने लोकप्रिय नेता और रहनुमा को खोने के दुख में डूब गए थे। गांव-गांव से लोग उनके घर की बैठक की ओर उमड़ पड़े थे। हर किसी की आंखें नम थीं और लोग परिजनों को ढांढस बंधा रहे थे। मंजूर अहमद क्षेत्र में अपनी साफ-सुथरी छवि और जनता के बीच मजबूत पकड़ के लिए जाने जाते थे। वह लोगों की समस्याओं को मजबूती से उठाते थे और आम जनता के बीच हमेशा सक्रिय रहते थे। यही कारण था कि उनके निधन की खबर ने पूरे इलाके को झकझोर दिया था। उनके जनाजे में उस समय भारी भीड़ उमड़ी थी। समाजवादी पार्टी के संस्थापक और पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव भी बहेड़ी पहुंचे थे। नगर में हर तरफ लोगों का सैलाब उमड़ पड़ा था, और हजारों की संख्या में लोगों ने नम आंखों से अपने नेता को आखिरी विदाई दी थी। बरसी के मौके पर परिजनों और समर्थकों ने उन्हें याद करते हुए गम का इजहार किया।

# गन्ना छीलने गई महिला को सांप ने काटा, उपचार के दौरान हुई मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** गुरुवार को खेत पर गन्ना छीलने गई एक महिला को सांप ने डस लिया, आज दूसरे दिन उपचार के दौरान महिला ने दम तोड़ दिया।

क्षेत्र के गांव फाजिलपुर के विजय की पत्नी सुनीता (28) गुरुवार को गांव के एक किसान के खेत पर गन्ना छीलने गई थी कि एक सांप ने इसे काट लिया। बताया जाता है कि फौरन ही उसे बिलासपुर के किसी वावा के पास ले जाया गया, जहां से उसकी हालत में कोई सुधार न होने पर आज शुक्रवार को कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर शव परिजनों के सुपर्द कर दिया। मृतक महिला के ढाई और डेढ़ साल के दो छोटे-छोटे पुत्र हैं।

# आठ मार्च रविवार को दरगाह पर मनाया जाएगा उर्स-ए-रहमानी

**■ सुबह कुरानख्वानी से होगी शुरुआत, शाम को होगा सामूहिक रोजा इफ्तार**

**■ हजारों अकीदतमंद एक ही दस्तरख्वान पर दरगाह प्रमुख और सज्जादानशीन के साथ करेंगे इफ्तार**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** आला हजरत फाजिले बरेलवी के पोते रेहान रजा खान रहमतुल्लाह का 40वां एक रोजा उर्स-ए-रहमानी 08 मार्च रविवार को दरगाह आला हजरत परिसर में अकीदत और एहतराम के साथ मनाया जाएगा। उर्स की शुरुआत बाद नमाज-ए-फज्र कुरानख्वानी से होगी।

सुबह आठ बजे रजा मस्जिद में महफिल का आगाज दरगाह प्रमुख सुब्हान रजा खान की सरपरस्ती और सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन रजा कादरी की सदारत में होगा। इस दौरान उलेमा रमजान की फजीलत बयान करेंगे और आला हजरत व रेहाने मिल्लत को खिराज-ए-अकीदत पेश करेंगे। सुबह 9 बजकर 58 मिनट पर कुल शरीफ की रस्म अदा की जाएगी। दरगाह के मीडिया प्रभारी नासिर कुरैशी ने बताया कि शाम पांच बजे नात व मनकबत पेश की जाएगी। इसके बाद सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन मियां की खास दुआ होगी और फिर सामूहिक रोजा इफ्तार कराया जाएगा। इसमें हजारों अकीदतमंद एक ही दस्तरख्वान पर दरगाह प्रमुख और सज्जादानशीन के साथ इफ्तार करेंगे। इस रूहानी महफिल में दूर-दराज से अकीदतमंद दरगाह पर शिरकत करने पहुंच रहे हैं।

# मीरगंज क्षेत्र के तीन बीएलओ को डीएम देंगे प्रोत्साहन राशि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** पंचायत निर्वाचक नामावली के वृहद पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत बीएलओ एप पर 50 प्रतिशत से अधिक मतदाताओं की फीडिंग करने वाले जिले के आठ बीएलओ को डीएम द्वारा प्रोत्साहन राशि देने के लिए चयनित किया गया है।

मीरगंज तहसील के फतेहगंज पश्चिमी क्षेत्र के ग्राम मीरापुर के बीएलओ अनुराग आनंद को प्रथम श्रेणी में दस हजार रुपये, लालाराम को तृतीय श्रेणी में छह हजार रुपये तथा मीरगंज ब्लॉक के ग्राम सुजातपुर के बीएलओ शफीउद्दीन को सांत्वना श्रेणी में तीन हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। एसडीएम आलोक कुमार सिंह ने बताया कि बीएलओ एप पर बेहतर फीडिंग के आधार पर डीएम ने मीरगंज क्षेत्र के तीन बीएलओ का चयन किया है।

# डीजे के पैसों के विवाद में मारपीट

**■ महिला समेत बेटे को पीटा**

**■ गाली-गलौज के बाद दी जान से मारने की धमकी**

**■ चार आरोपियों पर मुकदमा दर्ज**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** थाना क्षेत्र के ग्राम उलैहतापुर में डीजे के पैसों के लेनदेन को लेकर हुए विवाद में महिला और उसके बेटे के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ग्राम उलैहतापुर निवासी मीना देवी पत्नी गनपत सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीती रात करीब आठ बजे उनके बेटे अवजीत का गांव के ही कुछ लोगों से डीजे के पैसों के लेनदेन को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि इस दौरान अजीत पुत्र अजयपाल, बबलू पुत्र ओमबाबू, हरपाल और सुरेश ने अवजीत के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी।

मीना देवी का कहना है कि जब वह मौके पर पहुंचीं और गाली देने से मना किया तो आरोपियों ने उनके साथ भी अभद्रता करते हुए मारपीट कर दी। मारपीट में उन्हें चोटें आईं। पीड़िता के अनुसार घटना के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। मामले में थाना बहेड़ी पुलिस ने तहरीर के आधार पर अजीत पुत्र अजयपाल, बबलू पुत्र ओमबाबू, हरपाल व सुरेश निवासी ग्राम उलैहतापुर के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और जांच के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# 11 से 23 मार्च तक जाट रेजीमेंट केंद्र में होगी अग्निवीर सेना भर्ती

**■ 12 जनपदों के हजारों अभ्यर्थी होंगे शामिल, निष्पक्ष व पारदर्शी भर्ती कराने के निर्देश**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** डीएम अविनाश सिंह की अध्यक्षता में भारतीय सेना की अग्निपथ योजना के तहत वर्ष 2025-26 की अग्निवीर सेना भर्ती के आयोजन को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक हुई। बैठक में भर्ती के दौरान की जाने वाली व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

बैठक में सेना अधिकारियों ने बताया कि जाट रेजीमेंट केन्द्र परिसर में 11 मार्च से 23 मार्च 2026 तक अग्निवीर सेना भर्ती का आयोजन किया जाएगा। इस भर्ती रैली में बरेली सहित बहराइच, बलरामपुर, श्रावस्ती, लखीमपुर खीरी, शाहजहांपुर, सीतापुर, संभल, पीलीभीत, हरदोई, फर्रुखाबाद और बदायूं जनपदों के हजारों अभ्यर्थियों के शामिल होने की संभावना है।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 11 मार्च को अग्निवीर तकनीकी, 12 मार्च को अग्निवीर कारीगर (आठवीं व दसवीं उत्तीर्ण) तथा अग्निवीर लिपिक वर्ग की भर्ती होगी। 13 मार्च को बहराइच, बलरामपुर, श्रावस्ती और लखीमपुर खीरी, 14 मार्च को शाहजहांपुर व सीतापुर, 15 मार्च को संभल व पीलीभीत, 16 मार्च को हरदोई, 17 मार्च को फर्रुखाबाद, 18 मार्च को बदायूं और 19 मार्च को बरेली जनपद के अभ्यर्थियों की अग्निवीर सामान्य ड्यूटी की भर्ती रैली आयोजित की जाएगी।

सेना भर्ती कार्यालय के अधिकारियों ने बताया कि 11 मार्च को सुबह छह बजे से दौड़ शुरू होगी। अभ्यर्थियों से अपील की गई है कि वे समय पर पहुंचें और अपने प्रवेश पत्र तथा सभी आवश्यक दस्तावेज साथ लेकर आएं। जिन अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र निकालने में समस्या हो रही है, वे सेना भर्ती कार्यालय बरेली में प्रातः नौ बजे से दोपहर दो बजे के बीच संपर्क कर सकते हैं। 11 मार्च को शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को 10 मार्च की शाम से ही परिसर में प्रवेश दिया जाएगा, जहां उनके ठहरने, पीने के पानी, शौचालय तथा भुगतान करने पर भोजन की व्यवस्था रहेगी।

बैठक में डीएम ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि भर्ती प्रक्रिया निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराई जाए। लोक निर्माण विभाग को बैरिकेडिंग दो दिन में पूर्ण करने, विद्युत विभाग को जनरेटर की व्यवस्था करने, स्वास्थ्य विभाग को एम्बुलेंस व चिकित्सक दल तैनात करने, शिक्षकों की ड्यूटी प्रमाण पत्र सत्यापन व अभ्यर्थियों की सहायता के लिए लगाने, परिवहन निगम को भर्ती संबंधी सूचना लगी बसों की व्यवस्था करने तथा अग्निशमन विभाग और पंचायत राज विभाग को आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने बताया कि नगर निगम की ओर से जैविक शौचालय, पानी के टैंक, सफाई कर्मियों की तैनाती और कूड़ादान की व्यवस्था की जा रही है। दौड़ में सफल अभ्यर्थियों के ठहरने के लिए रैन बसेरों में भी आवश्यक व्यवस्थाएं की जाएंगी।

प्रशासन ने सभी अभ्यर्थियों से समय पर पहुंचने, आवश्यक दस्तावेज साथ लाने तथा किसी भी प्रकार की अफवाह और दलालों से दूर रहने की अपील की है।

बैठक में सेना भर्ती कार्यालय बरेली के निदेशक, अपर जिलाधिकारी नगर सौरभ दुबे, नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा, एसपी यातायात मो0 अकमल खान, मुख्य अग्निशमन अधिकारी मनु शर्मा, पुलिस क्षेत्राधिकारी आशुतोष शिवम, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, डिप्टी सीएमओ, एआरएम रोडवेज सहित जिला प्रशासन व सेना के अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

# दलित युवक को गोली मारने वाला दबंग हिरासत में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** होली की रात एक दलित युवक पर दबंग द्वारा गोली मारने वाले आरोपी को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। पुलिस उससे पूछताछ करने में जुटी है।

थाना नवाबगंज क्षेत्र के गांव मोहम्मदपुर निवासी रामबाबू मंगलवार रात होली के दौरान गांव के बाहर श्मशान भूमि के पास बनी पुलिया के पास खड़े थे। इसी दौरान गांव का ही हरिशंकर उर्फ गुड्डा कार से वहां पहुंचा। आरोप है कि उसने रामबाबू पर शराब पीने का दबाव बनाया। रामबाबू के मना करने पर आरोपी भड़क गया और जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए तमंचे से फायर कर दिया। गोली रामबाबू के दाहिने पैर में लगी, जिससे वह मौके पर ही गिरकर घायल हो गए।

घटना की जानकारी मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और उन्हें उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। प्राथमिक इलाज के बाद डॉक्टरों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल भेज दिया था। घायल के भाई पप्पू ने थाना नवाबगंज में आरोपी हरिशंकर उर्फ गुड्डा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी, पुलिस ने आरोपी गुड्डा को हिरासत में ले लिया है।

# रमजान के तीसरे जुमे पर मुस्लिम समाज ने की नमाज अदा बड़ी संख्या में मस्जिदों में पहुंचे अकीदत मन्द पुलिस रही अलर्ट

**कुंदरकी।** रमजान के तीसरे जुम्मे की नमाज नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रो के विभिन्न मस्जिदों में शुक्रवार को कड़ी सुरक्षा के बीच अदा की गई इस दौरान मुस्लिम बंधुओं ने अल्लाह की इबादत कर दुआ मांगी नमाज अदा करने के बाद रोजेदारों ने इफ्तार की खरीदारी की।

सब्र और इबादत के पवित्र महीने रमजान के दूसरे जुमा की नमाज नगर व ग्रामीण क्षेत्र की मस्जिदों में अकीदत के साथ अदा की गई। नमाज अदा कर रोजेदारों ने अपने गुनाहों से तौबा की।और अपने वतन के साथ साथ पूरी दुनिया मे खुशहाली व अमनो अमान की दुआए मांगी। जुमा की नमाज अदा करने को मस्जिदों में नमाजियों की भीड़ रही। महिलाओं ने भी घरों में नमाज अदा की। नमाज से पहले रमजान की फजीलत बयान करते हुए बताया कि रोजे की हालात में इंसान के हाथ, पैर, आंख सहित सभी अंगों का रोजा होता है। जबकि नगर में रमजान की रौनक बनी हुई है।

# घर से लाखों के जेवरात व नकदी चोरी अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जनपद के मझोला थाना क्षेत्र में चोरी की एक बड़ी घटना सामने आई है। अज्ञात चोरों ने बंद घर को निशाना बनाते हुए अलमारी का ताला तोड़कर नकदी और सोने-चांदी के कीमती जेवरात पार कर दिए।

घटना की जानकारी मिलने के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। पीड़ित परिवार ने पुलिस से जल्द कार्रवाई कर चोरी का खुलासा करने की मांग की है।जानकारी के अनुसार मझोला थाना क्षेत्र के सेक्टर-14, नया मुरादाबाद निवासी राकेश माथुर पुत्र ब्रिज नंदन स्वरूप के घर में चोरों ने देर रात वारदात को अंजाम दिया। बताया जा रहा है कि चोर किसी समय घर में घुस गए और कमरे में रखी अलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखी करीब 50 हजार रुपये की नकदी और सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर लिए।पीड़ित के मुताबिक चोर अलमारी से सोने की दो अंगूठियां, 10 ग्राम और 8 ग्राम के दो सोने के सिक्के, सोने की चेन, मंगलसूत्र, दो टॉप्स, चांदी की चेन, बिछुआ, छह चांदी के सिक्के और चांदी के चार नोट समेत अन्य कीमती सामान ले गए। इसके अलावा घर में रखे सेट ऑफ बॉक्स और अन्य दराजों के ताले भी तोड़ दिए गए। चोरों ने सूटकेस के बॉक्स में रखी चांदी की पायल, नोजपिन, कड़े और लगभग 12,500 रुपये नकद भी चोरी कर लिए।सुबह जब परिवार के सदस्यों की नजर टूटी अलमारी और बिखरे सामान पर पड़ी तो घटना का पता चला, जिसके बाद घर में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया।

पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है ताकि आरोपियों की पहचान कर जल्द गिरफ्तारी की जा सके।

## भीम बोलने को लेकर भिड़े दो पक्ष

**चन्दौसी।** थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव गुरसरी में बुधवार को होली मिलन के दौरान जय भीम व राम-राम बोलने को लेकर दो समाज के लोगों में विवाद हो गया और मध्य रात्रि में जमकर लाठी डंडे व पथराव हो गया जिसमें दोनों पक्षों से छः लोग घायल हुए हैं। बुधवार को सुबह होली मिलन के दौरान गांव में दो समाज के लोगों के बीच राम-राम व जय भीम बोलने को लेकर कहासुनी के दौरान विवाद बढ गया। गांव के लोगों ने समझा बुझाकर मामला शांत कराया।

# पत्नी के बुलावे पर ससुराल पहुंचे युवक की पिटाई

**चन्दौसी।** बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव सराय सिकंदर में ससुराल पहुंचे एक युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीडिघ्त ने आरोप लगाया है कि पत्नी के बुलाने पर ससुराल पहुंचने के बाद ससुराल पक्ष के लोगों ने उसे घेरकर लाठी-डंडों से पीट दिया। घायल युवक ने पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। जिला रामपुर के थाना शाहबाद क्षेत्र के गांव भीतरगांव निवासी कमल सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी ससुराल बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव सराय सिकंदर में है। गुरुवार सुबह करीब 10 बजे उसकी पत्नी ने फोन कर उसे ससुराल आने के लिए कहा। पत्नी के बुलाने पर वह ससुराल पहुंच गया। आरोप है कि जैसे ही वह घर के अंदर गया, वहां मौजूद उसके दोनों सालों ने दरवाजा बंद कर लिया। इसके बाद पत्नी के कहने पर सभी ने मिलकर उस पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। पीडिघ्त का कहना है कि ससुराल पक्ष के लोगों ने उसे जान से मारने की नीयत से पीटा। पीडिघ्त ने अपनी पत्नी, दोनों सालों और एक साले की पत्नी के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए पुलिस को तहरीर दी है। थाना प्रभारी मनोज वर्मा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# खामेनेई की मौत पर शेरबाज ने जताया शोक

## शिया समुदाय ने राष्ट्रपति के नाम सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** शिया समुदाय ने राष्ट्रपति के नाम सम्बोधित एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि ईरान के सर्वोच्च नेता आयातुल्ला खामेनेई की मृत्यु के बाद पूरे विश्व में शोक व चिंता जतायी जा रही है। ऐसे में भारत सरकार भी अपने स्तर से विश्व में शांति एवं सद्भाव हेतु आगे आये और कदम उठाये।

आज बाद नमाज ए जौहर महल सादात पहुंचे शेरबाज पठान ने ईरान के सर्वोच्च नेता आयातुल्ला खामेनेई की मृत्यु पर अपनी संवेदना व्यक्त की। उधर शिया सुन्नी समुदाय निवासी महल सादात मौहल्ला काजीजादगान निवासियों ने महामहिम राष्ट्रपति के नाम लिखे ज्ञापन में भारत सरकार से ईरान के सर्वोच्च नेता आयातुल्ला खामेनेई की हाल ही में हुई मृत्यु पर कहा कि विश्व भर में शोक का माहौल है।





इस घटना से लोगों की भावनाएं आहत हुई है तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी चिंता व्यक्त की जा रही है। ज्ञापन में कहा गया है कि ईरान के सर्वोच्च नेता आयातुल्ला खामेनेई की मृत्यु पर भारत सरकार इस विषय पर उचित संवेदना व्यक्त करने तथा विश्व में शांति और सद्भाव बनाये रखने के लिये आवश्यक कदम उठाये।

इस मौके पर महल सादात में आजाद समाज पार्टी नेता शेरबाज पठान ने पहुंचकर अपनी ओर से संवेदना व्यक्त की। इससे पहले आसपा जिला प्रभारी मौहम्मद ताहिर अपनी पूरी टीम के साथ महल सादात पहुंचे थे तथा अपनी ओर से ईरान के सर्वोच्च नेता आयातुल्ला खामेनेई की मृत्यु पर अपनी संवेदना व्यक्त की। महल सादात में इस अवसर पर बड़ी संख्या में शिया समुदाय के बुजुर्ग महिला पुरूष, युवा शामिल रहे। वहीं सुन्नी समुदाय से भी बड़ी तादाद में युवाओ ने अपनी शिरकत की।

# बिजनौर क्षेत्र में एम्स स्तर के अस्पताल की मांग तेज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जनपद बिजनौर क्षेत्र सहित आसपास के जिलों में गंभीर बीमा. रियों के उपचार के लिए उच्च स्तरीय सरकारी स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव लंबे समय से महसूस किया जा रहा है। कैंसर, हृदय रोग, गुर्दा रोग, मस्तिष्क संबंधी बीमारियां दुर्घटनाएं तथा अन्य जटिल रोगों से जूझ रहे मरीजों को बेहतर इलाज के लिए मजबूरन दिल्ली, मेरठ, लखनऊ और अन्य बड़े शहरों का रुख करना पड़ता है। समय पर समुचित उपचार न मिल पाने के कारण कई मरीजों की स्थिति गंभीर हो जाती है और कुछ लोग अपनी जिंदगी की जंग भी हार जाते हैं। देश के प्रतिष्ठित चिकित्सा संस्थानों में से एक अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) नई दिल्ली में उपचार की सुविधा उपलब्ध है लेकिन वहां तक पहुंच पाना हर किसी के लिए आसान नहीं होता। लंबी दूरी तय करना, इलाज के लिए लंबा इंतजार और रहने-खाने की अतिरिक्त व्यवस्था मरीज और उनके परिजनों के लिए बड़ी चुनौती बन जाती है। कई बार गंभीर मरीजों के लिए इतनी लंबी यात्रा करना भी जोखिम भरा साबित होता है। देश में दिल्ली के अलावा ऋषिकेश, भोपाल, पटना, रायपुर, जोधपुर सहित कई शहरों में भी एम्स संस्थान स्थापित किए जा चुके हैं जिससे उन क्षेत्रों के लोगों को उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधाएं अपने ही क्षेत्र में मिल रही हैं। इसी तरह पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लोगों का मानना है कि यदि बिजनौर क्षेत्र में भी एम्स स्तर का अस्पताल स्थापित किया जाए तो लाखों लोगों को समय पर जांच विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाएं और आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं मिल सकेंगी। क्षेत्रवासियों का कहना है कि बिजनौर जनपद भौगोलिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण स्थान रखता है और यहां आसपास के कई जिलों के मरीज उपचार के लिए आते हैं।

## एक नजर

### बी.फार्मा. तृतीय सेमेस्टर में सूफियान प्रथम



**बिजनौर।** एकेटीयू द्वारा बी.फार्मा. तृतीय सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। प्राचार्य डा. अंकित कुमार सैनी ने बताया कि कृष्णा फार्मेसी कालेज का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा, जिसमें सुफियान ने 8.44 एसजीपीए सर्वाधिक अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, हर्ष चौहान ने 8.26 एसजीपीए प्राप्त कर द्वितीय एवं पायल ने 8.19 एसजीपीए प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रहीं। इस मौके पर कालेज संस्थापक राजीव कुमार कालेज प्रबंधक मनोज कुमार प्रबंध निदेशक पवन कुमार प्राचार्य डा. अंकित कुमार ने छात्रों का मार्गदर्शन कर बधाई दी। छात्रों ने इस सफलता के लिए अपने माता पिता एवं अपने गुरुजनो का सहयोग बताया। फार्मेसी के प्रवक्ता शहीर अहमद, सीमा त्यागी, दीपिका पाल, मौ. खालिद, दीपक कुमार गुप्ता, नीरज चौहान, डा. ऐमन सिफत, पियूष कुमार एवं रजिस्ट्रार हिमांशु शर्मा ने छात्रों को इस सफलता के लिए बधाई दी।

### मौ. हुसैन ने रखा पहला रोजा

**नजीबाबाद।** नगर के मौहल्ला सेवाराम निवासी अब्दुल कादिर के पांच वर्षीय पुत्र मौहम्मद हुसैन ने रमजान माह में इतनी कम आयु में जिंदगी का पहला रोजा रखा। जिंदगी का पहला रोजा रखने पर परिजनों ने मौ. हुसैन को दुआओं से नवाजा।

### डिवाइडर से टकराकर मौत

**नजीबाबाद।** भागूवाला में बाइक सवार एक युवक के डिवाइडर से टकराने से उपचार के दौरान मौत हो गई। बीती रात भोपाल सिंह बाइक से हरिद्वार की ओर जा रहा था, जैसे ही वह भागूवाला में निर्माणाधीन टोल के पास पहुंचा, तो उसकी बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई, जिससे भोपाल सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर मंडावली थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार, एसआई संजय कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे, तथा गंभीर रूप से घायल को एम्बुलेंस से ओम चौधरी हॉस्पिटल मंडावली पहुंचाया। जहां पर उपचार के दौरान घायल भोपाल सिंह (56 वर्ष) पुत्र चंद्रपाल सिंह निवासी आजाद बस्ती नगीना की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### प्रतिमा का अनावरण 23 को

**बिजनौर।** आगामी 23 मार्च को प्रात: दस बजे मेरठ के सकोती टांडा स्थित किसान हितकारी इंटर कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद द्वारा निर्मित उत्तर प्रदेश की सबसे बड़ी महाराजा सूरजमल की प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा। अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद के प्रदेश सचिव डॉ. विकुल मलिक ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान तथा राजस्थान सरकार के पूर्व मंत्री महाराजा विश्वेन्द्र सिंह शामिल होंगे। वहीं विशिष्ट अतिथियों में केन्द्रीय मंत्री जयंत चौधरी, नागौर सांसद, हनुमान बेनीवाल, पूर्व केंद्रीय मंत्री, चौधरी विरेंद्र सिंह, पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. संजीव बालियान सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहेंगे। डॉ. विकुल मलिक ने जनपद बिजनौर के जाट समुदाय के लोगों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की है।

### राशन डीलर गिरकर गंभीर घायल

**हल्दौर।** थाना क्षेत्र के गांव इनामपुरा निवासी सतपाल सिंह (65 वर्ष) रात के समय अपने घर की छत पर सो रहे थे। देर रात लघुशंका के लिए नीचे उतरते समय उनका संतुलन बिगड़ गया और वह आंगन में गिर पड़े। गिरते ही उनकी चीख सुनकर परिवार के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और उन्हें संभाला। परिजन घायल अवस्था में सतपाल सिंह को तत्काल उपचार के लिए बिजनौर के एक निजी अस्पताल ले गए। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। बताया जा रहा है कि फिलहाल उनकी हालत चिंताजनक बनी हुई है और परिजन उनके उपचार में जुटे हुए हैं।

### मकान पर धमकी भरा नोट चस्पा

**हल्दौर।** थाना क्षेत्र के गांव उमरी बड़ी में एक विधवा महिला के मकान पर कथित रूप से धमकी भरा नोट चस्पा किए जाने का मामला सामने आने के बाद इलाके में चर्चा का विषय बन गया है। घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने से मामला तूल पकड़ता नजर आ रहा है। पीड़ित महिला ने थाना पहुंचकर पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। गांव उमरी बड़ी निवासी गुरुदत्त कौर पत्नी स्व. राजेंद्र सिंह अपने मकान का निर्माण कार्य करा रही हैं। महिला का आरोप है कि पड़ोस में रहने वाला एक व्यक्ति उनसे मकान खाली करने का दबाव बना रहा है। विरोध करने पर उसने उनके मकान पर कथित रूप से जान से मारने की धमकी से संबंधित एक नोट चस्पा कर दिया। महिला का कहना है कि किसी व्यक्ति ने इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया, जिसके बाद यह मामला क्षेत्र में तेजी से फैल गया और लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गया। पीड़ित महिला शुक्रवार को थाने पहुंची और पूरे प्रकरण की लिखित तहरीर पुलिस को दी। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है तथा जांच के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### सामूहिक रूप में सुरक्षा शपथ दिलाई



**हल्दौर।** बिलाई चीनी मिल परिसर में राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह के उपलक्ष्य पर प्रशासनिक अधिकारियों ने सुरक्षा संबंधी लोगों को जागरुक किया। शुभारंभ इकाई प्रमुख विजयवीर सिंह द्वारा फीता काट कर किया गया। इस अवसर पर कारखाना के ईएचएस विभाग द्वारा सुरक्षा उपकरणों की एक प्रदर्शनी लगाई गई। ईएचएस हेड सुधीर पंवार के द्वारा प्रदर्शनी में रखे हुए उपकरणों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। सामूहिक रूप में सुरक्षा शपथ दिलवाई गई और अपने आपको सुरक्षा, स्वास्थ एवं पर्यावरण के बचाव के प्रति पूर्ण समर्पित करेंगे और सुरक्षा नियमों का पालन करेंगे। उक्त इकाई प्रमुख ने कहा कि दुर्घटना देश की अर्थव्यवस्था को कमजोर करती है तथा संपत्ति की भी क्षति करती है। हमारा उद्देश्य लोगों को उन्नत सुरक्षा के लिए अधिक से अधिक संलग्न करना, शिक्षित करना और सशक्त बनाने पर विशेष जोर देना है। उन्होंने कहा कि अगर कारखाना के अंदर कोई भी अधिकारी/कर्मचारी चोटिल होता हैं तो उसका खामियाजा उसके पूरे परिवार को उठाना पड़ता है। साथ ही इससे कारखाना के कार्य पर भी विपरीत प्रभाव पड़ता है। हम सुरक्षा के नियमों का शत-प्रतिशत पालन कर कारखाना परिसर को दुर्घटना रहित बनाने के लिए कृतसंकल्प हों। परिसर में स्थित स्कूल के बच्चों को प्रदर्शनी में भ्रमण करवाया गया साथ ही उन्हें सभी उपकरणों के उपयोग के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर अभियंत्रण विभाग के प्रमुख गोपाल त्यागी, संजय गोयल, अनुज शर्मा, विजय वीर सिंह, कपिल त्यागी, शिव कुमार गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# प्रसिद्ध आयुर्वेदाचार्य स्व. डॉ. नृपेंद्र वर्मा को पुण्यतिथि पर किया याद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर के प्रसिद्ध आयुर्वेदाचार्य समाजसेवी और शिक्षाविद स्व. डॉ. नृपेंद्र कुमार वर्मा की पुण्यतिथि पर आज स्योहारा सहित पूरे क्षेत्र के लोगों ने उन्हें गहरी श्रद्धा और सम्मान के साथ याद किया।

कम उम्र में ही स्योहारा को अपनी कर्मभूमि बनाने वाले डॉ. नृपेंद्र वर्मा ने अपना पूरा जीवन लोगों की सेवा के लिए समर्पित कर दिया। लगभग 25 वर्ष की आयु में यहां आकर उन्होंने चिकित्सा सेवा की शुरुआत की और देखते ही देखते वह नगर के सबसे विश्वसनीय और लो. कप्रिय चिकित्सकों में गिने जाने लगे। उनकी सादगी और सेवा भावना का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि वह साइकिल से घर-घर जाकर मरीजों का उपचार करते थे। गरीब हो या अमीर हर व्यक्ति के लिए उनके दरवाजे हमेशा खुले रहते थे, उनके लिए चिकित्सा केवल पेशा नहीं बल्कि मानवता की सेवा का माध्यम थी। चिकित्सा और



सामाजिक क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान को देखते हुए वर्ष 1988 में तत्कालीन राज्यपाल द्वारा उन्हें सम्मानित भी किया गया। शिक्षा के क्षेत्र में भी उनका योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण रहा। उन्होंने अपनी पत्नी स्व. धर्मवती की स्मृति में मेधावी विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान करने की परंपरा शुरू की और अपने पिता चौधरी रघुवंश सिंह की स्मृति में वाद-विवाद प्रतियोगिताओं का आयोजन कराकर विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। डॉ. नृपेंद्र वर्मा आरएसपी इंटर कॉलेज के आजीवन अध्यक्ष भी रहे और उन्होंने संस्था के विकास तथा शिक्षा के प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके साथ ही समाजसेवी संस्था रोटरी क्लब में भी कई बार अध्यक्ष रहते हुए उन्होंने अनेक जनकल्याणकारी कार्यों को आगे बढ़ाया।

जीवन के अंतिम समय में जब उनका स्वास्थ्य काफी कमजोर हो गया था, तब भी उन्होंने सेवा का मार्ग नहीं छोड़ा। वह बिस्तर पर रहते हुए भी मरीजों को देखते थे और लोगों की मदद करने को हमेशा तत्पर रहते थे। यही कारण है कि आज भी स्योहारा और आसपास के क्षेत्रों में उनका नाम अत्यंत सम्मान और आदर के साथ लिया जाता है। 6 मार्च 2019 को यह महान व्यक्तित्व इस दुनिया को अलविदा कह गया, लेकिन उनकी सेवा, सादगी और मानवता की भावना आज भी लोगों के दिलों में जीवित है। आज उन्हीं के पदचिन्हों पर चलते हुए उनके होनहार पुत्र एवं प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. मनोज वर्मा भी चिकित्सा और समाज सेवा के क्षेत्र में अपनी एक अलग पहचान बना चुके हैं।

# रमजान मुकद्दस के तीसरे जुमे पर दुनियां को जंग व नफरत से बचाने की दुआएं

## मस्जिदों में रही खासी भीड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** पवित्र रमजान माह के मुकद्दस महीने में तीसरा जुमा बड़े ही अकीदत और एहतराम के साथ अदा किया गया। नगर की सभी मस्जिदों में नमाज-ए-जुमा के दौरान रोजेदारों की अच्छी-खासी भीड़ देखने को मिली।

नमाज के बाद इमाम साहब ने मुल्क में अमन-ओ-अमान, खुशहाली और तरक्की के लिए खास दुआ कराई, जिसमें रोजेदारों ने हाथ उठाकर अपने रब से रहमत और बरकत की दुआएं मांगी। रमजान के इस बरकत वाले महीने में इबादत का सिलसिला लगातार जारी है। मस्जिदों में रात के समय तरावीह की नमाज भी पूरे एहतमाम के साथ अदा की जा रही है, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शिरकत कर रहे हैं। हाफिज-ए-कुरान द्वारा कुरान पाक की तिलावत सुनकर रोजेदारों के



दिलों को सुकून मिल रहा है और लोग पूरे एहतराम के साथ तरावीह की नमाज में शामिल हो रहे हैं।

नगर में मासूम बच्चों से लेकर बड़े-बुजुर्ग तक रोजा रखकर अल्लाह पाक की इबादत में मशगूल हैं। रोज. दार दिनभर सब्र और इबादत के साथ रोजा रखते हैं और शाम को इफ्तार के समय अल्लाह का शुक्र अदा करते हैं। नमाजों के बाद लोग अपने और अपने मुल्क की खुशहाली, तरक्की और अमन-चैन के लिए दुआएं मांग रहे हैं। इसके साथ ही रोजेदारों ने पूरी दुनिया में बने जंग जैसे हालात को देखते हुए भी अल्लाह से खास दुआ की कि जहां-जहां जंग और अशांति का माहौल है, वहां अमन कायम हो और पूरी दुनिया में शांति और भाईचारा बना रहे। लोगों ने दुआ की कि अल्लाह पाक पूरी इंसानियत पर अपनी रहमत बरसाए और दुनिया को जंग व नफरत से बचाए। रमजान के तीसरे जुमे के मौके पर मस्जिदों में रौनक देखने लायक रही। लोगों ने एक-दूसरे को रमजान की बरकतों की मुबारकबाद भी दी और ज्यादा से ज्यादा इबादत कर इस पाक महीने का फायदा उठाने की अपील की।

# नहटौर के लाल धर्मवीर सिंह का कमाल

## 'ग्लेमरस' ऐप लॉन्च पर ने मिमिक्री से जीता सबका दिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक और ऐतिहासिक कदम बढ़ाते हुए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत के अपने स्वदेशी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ग्लेमरस' (Glamorous) को आधिकारिक तौर पर लॉन्च किया। दिल्ली में इस भव्य कार्यक्रम में जहां देश के कई दिग्गज सांसदों और विधायकों की मौजूदगी रही। वहीं जनपद बिजनौर के नहटौर क्षेत्र (ग्राम शेखपुरा नारायणखेड़ी) के युवा कलाकार धर्मवीर सिंह ने अपनी अद्भुत मिमिक्री से पूरे सदन को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम के दौरान मंच संभालते हुए धर्मवीर सिंह ने अपनी कला का शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने फिल्म 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' के प्रसिद्ध संवादों को अपने खास अंदाज में पेश किया। जब उन्होंने नवाजुद्दीन सिद्दीकी के स्टाइल में कहा- 'बाप का, दादा का, भाई का, सबका बदला लेगा रे तेरा फैजल' तो पूरा हॉल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। उनकी इस प्रस्तुति ने न केवल अतिथियों का मनोरंजन किया, बल्कि यह भी दिखाया कि ग्रामीण भारत की प्रतिभा अंतरराष्ट्रीय स्तर के मंचों पर चमकने के लिए तैयार है।



शेखपुरा नारायणखेड़ी के धर्मवीर सिंह की इस सफलता की खबर जैसे ही नहटौर पहुँची, पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल छा गया। ग्रामीणों का कहना है कि धर्मवीर ने अपनी मेहनत से गांव का नाम रोशन किया है।

**दिग्गज नेताओं ने किया सम्मानित**

धर्मवीर सिंह की इस प्रतिभा और उनके आत्मविश्वास को देखते हुए कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठ नेताओं और अतिथियों ने उन्हें सम्मानित किया। नहटौर जैसे छोटे क्षेत्र से निकलकर प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में अपनी पहचान बनाना क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है।


**स्वदेशी क्रांति: क्यों खास है 'ग्लेमरस' ऐप?**

**डिजिटल आजादी:** यह ऐप फेसबुक और इंस्टाग्राम जैसे विदेशी प्लेटफॉर्म्स का एक मजबूत भारतीय विकल्प है।

**सुरक्षा और निजता:** भारतीय सर्वर होने के कारण यूजर्स का डेटा पूरी तरह सुरक्षित रहेगा।

**नेताओं का समर्थन:** कार्यक्रम में भारी संख्या में सांसदों और विधायकों की उपस्थिति यह संकेत देती है कि भविष्य में यह ऐप सरकारी सूचनाओं का भी प्रमुख केंद्र बनेगा।

# कुंवर सत्यवीरा कॉलेज में बीसीए तृतीय सेमेस्टर का परीक्षाफल शत-प्रतिशत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिजनौर।** कुंवर सत्यवीरा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट, बिजनौर में डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित परीक्षा वर्ष 2026 में बीसीए तृतीय सेमेस्टर का परीक्षाफल घोषित हुआ, जिसमें रचित आर्य ने 74.71% अंक पाकर कर प्रथम स्थान, मुस्कान शर्मा ने 74.5% अंक पाकर द्वितीय स्थान व अभिषेक कुमार ने 71.14% अंक पाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया तथा संस्था के अन्य अधिकतर विद्यार्थियों ने भी विशेष योग्यता से परीक्षा उत्तीर्ण की। प्रबंध तंत्र की ओर से वीरा सोसाइटी के सचिव कु. उदयन वीरा, कु. रुचि वीरा (सांसद मुरादाबाद) व श्रीमति स्वाति वीरा महाजन ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए उनके अथक परिश्रम और लगन के लिए हृदय से सराहना की।

उन्होंने डीन एकेडमिक प्रो. मनोज कुशवाहा, डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. लोकेश कुमार, डॉ. शुएब अली खान, विभागाध्यक्ष अंकित राजन अग्रवाल, सहित निधि विश्नोई , डॉ. अभिषेक चौधरी, पुर्ला. कत गौड़, लक्ष्मी रानी, ऋषभ भटनागर व गौरव कुमार, निक्की पाल आदि को भी बधाई दी।

# लाल सड़न रोग के विरुद्ध बीज क्रांति



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** चांदपुर क्षेत्र की गन्ना खेती को पुनर्जीवित करने के एक बड़े अभियान के तहत ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक वी.एम. पाठक ने रोगग्रस्त को.0238 किस्म को उच्च उपज वाली और रोग-प्रतिरोधी किस्मों से बदलने के लिए एक व्यापक सामूहिक प्रयास की सराहना की है।

महिला स्वयं सहायता समूहों का नेतृत्व ग्राम बसेड़ी और ईसापुर के महिला स्वयं सहायता समूहों ने रोगमुक्त गन्ना पौध तैयार करने के लिए एक बड़े पैमाने पर पहल शुरू की है। पिछली प्रमुख किस्म को. 0238 पर लाल सड़न के घातक प्रभाव को देखते हुए, ये समूह अब कोशा 18231, कोशा 19231, को. 0118 और कोस 13235 जैसी उन्नत किस्मों के उत्पादन पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। ट्राइकोडर्मा जैसे जैव-एजेंटों और थियोफैनेट-मिथाइल जैसे कवकनाशकों का वैज्ञानिक पद्धति से उपयोग करके, ये महिलाएं किसान समुदाय के लिए स्वस्थ पौध की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित कर रही हैं। क्षेत्र निरीक्षण के दौरान ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक वी.एम. पाठक ने वरिष्ठ गन्ना प्रबंधक (चांगीपुर) एस. एम. जैदी के साथ मिलकर नई किस्मों को अपनाने में हुई प्रगति का सत्यापन किया। इस दौरान उन्होंने ग्राम तंगौरैला के किसान अनिल कुमार पुत्र तुकमान सिंह ने को.0118 किस्म का एक बीज आरक्षित प्लॉट सफलतापूर्वक विकसित किया है, जिसमें वितरण के लिए लगभग 400 क्विंटल सत्यापित बीज सामग्री तैयार है। इसके साथ ही ग्राम ककराला के किसान उदय राज सिंह ने 1-5 हेक्टेयर के विशाल क्षेत्र में को.0118 किस्म की बुवाई पेड रो बिधि से कर रहे है, जो क्षेत्र के लिए एक मिसाल पेश करता है।

इस पहल के मुख्य लाभ बताते हुए श्री पाठक ने बताया कि रोग उन्मूलन मे असुरक्षित किस्मों को त्यागकर और ट्राइकोडर्मा उपचार अपनाकर लाल सड़न के जोखिम को न्यूनतम किया जा रहा है।

# धामपुर शुगर मिल में राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस मनाया

## सुरक्षा के बारे में जानकारी दी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** शुगर मिल में 55 वें राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस का आयोजन किया जा रहा है, जो 4 मार्च से 12 मार्च तक चलेगा। इस अवसर पर उपाध्यक्ष निष्काम गुप्ता ने श्रमिकों, कर्मचारियों और अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस का मुख्य उद्देश्य लोगों में सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाना, फैक्ट्री में दुर्घटनाओं को रोकना है।

इस वर्ष की थीम 'लोगो को जोड़ना, शिक्षित करना और सशक्त बनाना' है, ताकि सुरक्षा को और मजबूत बनाया जा सके। निष्काम गुप्ता ने श्रमिकों कर्मचारियो से जोर देकर कहा कि केवल नियम बनाना ही उनका मकसद नहीं हैं, बल्कि हर



श्रमिक, कर्मचारी को सुरक्षा के प्रति जवाबदेह और जिम्मेदार बनाना है।

इस अवसर पर कई सेफ्टी प्रोग्राम्स आयोजित किए जा रहे हैं, जिसमें श्रमिकों और कर्मचारियों को सुरक्षा के बारे में जानकारी दी जा रही है और उन्हें इमरजेंसी के दौरान फायर उपकरणों का उपयोग करने के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है।

कारखाना महाप्रबंधक विजय कुमार गुप्ता ने श्रमिकों, कर्मचारियों और अधिकारियों को सुरक्षा शपथ दिलवाई। सभी विभागाध्यक्षों एवं सेक्शन हेड्स के द्वारा अपने-अपने विभागों में श्रमिकों, कर्मचारियों एवं अधिकारियों को सुरक्षा शपथ दिलवाई गई। इस अवसर पर सेफ्टी बैनर्स प्रदर्शित किए गए और लोगों को सेफ्टी स्लोगन लिखने के लिए तथा सेफ्टी कंपटीशन में प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित किया गया। प्रथम आने वाले श्रमिकों और कर्मचारियों को परिवार के साथ पुरस्कृत करने की घोषणा की गई।

राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस के उपरोक्त कार्यक्रम का आयोजन मुख्य सुरक्षा अधिकारी भारत भूषण बरनी एवं उनकी टीम ओंकार सिंह, सत्यपाल सिंह, रतेंद्र, जयराम, शक्ति सिंह, दीपू कुमार, वरन सिंह, कल्याण सिंह आदि के द्वारा किया जा रहा है।

इस अवसर पर सुनील राणा, उपेंद्र तोमर, विकास अग्रवाल, विवेक सिंह यादव, मुकेश कश्यप, ओमवीर सिंह, मोहित वशिष्ठ, सत्यवीर सिंह, वेंकटेश, गोविंद अग्रवाल, विनोद सिंह राणा, योगेंद्र सिंह, स्मृति यादव, शरद गहलोत, अजय पांडे, उज्जवल सिंह, दुर्गेश राठोर, विनोद बिष्ट, धीरज सक्सेना, विनोद कुमार सिंह, लवकुश चौहान, पवन शर्मा, कमल सिंह पवार, सौरभ वर्मा, भुवनेश तथा केमिकल यूनिट के अधिकारी एवं कर्मचारी आदि उपस्थित थे।

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
आकिब यूनुस एड.
युवा भाजपा नेता
बिजनौर



मुकद्दस रमजान की बधाई
मूल निवासी भीम सिंह
जिला प्रभारी पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेटिक।
विधान सभा 22 बिजनौर से संभावित प्रत्याशी।
भगवती केयर सेंटर विदुर कुटी रोड शक्ति पेट्रोल पम्प के सामने सोमिया मार्केट, बिजनौर।
Mob-9389945824, 8868001224



मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मकसूद अहमद अंसारी
(ठेकेदार)
संभावित प्रत्याशी
प्रधान पद
राजा का ताजपुर



# अमरोहा की सुरभि ने रचा इतिहास, आईएएस में हासिल की 14वीं रैंक

## नौगांवा के गांव नसीर नगला के पुलिस इंस्पेक्टर राकेश की बेटी है सुरभि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा**। पुलिस इंस्पेक्टर की बेटी सुरभि यादव ने सपनों का साकार कर दिखाया। यूपीएससी आईएएस की परीक्षा 14वीं रैंक के साथ उत्तीर्ण की है। सुरभि की इस उपलब्धि पर परिजन गदगद हैं। उन्हें बधाईयों का तांता लगा है।



मूल रूप से नौगांवा सादात थाना क्षेत्र के गांव नसीर नगला निवासी राकेश सिंह यादव पुलिस विभाग में इंस्पेक्टर हैं। इन दिनों उनकी पोस्टिंग बनारस ईओडब्ल्यू में है। शुक्रवार को यूपीएससी का परिणाम घोषित किया गया। जिसमें पुलिस इंस्पेक्टर राकेश सिंह की बेटी सुरभि यादव ने झंडे गाड़ दिये। उन्होंने 14वीं रैंक के साथ परीक्षा उत्तीर्ण की है। सुरभि ने हाईस्कूल की परीक्षा श्रीराम इंटर कालेज बरेली तथा इंटरमीडिएट आर्मी पब्लिक स्कूल बरेली इन ह्यूमन सब्जेक्ट में 96 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण किया। उन्होंने लेडी श्रीराम कालेज दिल्ली युनिवर्सिटी से बीए ऑनर्स किया तथा जामिया मिलिया इस्लामिया देहली से इतिहास में एमए की परीक्षा उत्तीर्ण की। 2023 में भी यूपीएससी की परीक्षा में दस नम्बर कम होने के कारण उसका चयन नहीं हो सका था। फाइनल नम्बरों के आधार पर भारत मिनिस्ट्री आफ यूथ आफ स्पोर्टस में उसे एडिशनल डायरेक्टर की नियुक्त मिली थी। उसने हिम्मत नहीं हारी तथा वह सिविल सेवा में जाने के लिए संघर्ष करती रही। पिता पुलिस इंस्पेक्टर राकेश कुमार बताते हैं कि उनका एक बेटा राज शेखर यादव है जिसने जीएमआर इंटर कालेज बरेली से हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा 95 व 92 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीण की है। जो इन दिनों आईआईटी रूड़की से बायो टैक्नोलॉजी में बी टैक किया है तथा वर्तमान में अल इंजीनियर मल्टीनेशनल कम्पनी में कार्यरत् है। बेटी की उपलब्धि से राकेश कुमार गदगद हैं। उधर सुरभि यादव ने बताया कि पढ़ाई में उसे अपने परिजनों का भरपूर सहयोग मिला। साथ ही वह इसका श्रेय अपने गुरूजनों को भी देना चाहती है। पिता बताते हैं कि उनकी बेटी सुरभि बचपन से ही पढ़ने में बहुत तेज व होशियार रही है। वह 14 से 16 घंटे तक पढ़ाई करती है। वैसे उनका परिवार बरेली में रहता है परन्तु गांव में ही सुरभि की उपलब्धि पर जश्न का माहोल है तथा लोग एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई देने में लगे हैं।

# आखिरी रातों में शबेकद्र तलाश करें: मुफ्ती शाहिद

## तीसरे जुमे को नमाजियों से फुल रहीं मस्जिदें, मुल्क में अमन व तरक्की की दुआ को उठे हाथ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। मुकद्दस रमजान के तीसरे जुमे को मस्जिदें नमाजियों से फुल रही। रोजेदारा. ने अकीदत के साथ नमाज अदा कर अल्लाह की बारगाह में हाथ उठा मुल्क मे अमन चैन व खुशहाली के लिए दुआएं मांगी। मुफ्ती मोहम्मद शाहिद ने तीसरे अशरे में एताकाफ की फजीलत को बयान किया। सुरक्षा के लिहाज से मस्जिदों के आसपास पुलिसकर्मी तैनात रहे।





तीसरा जुमा भी रोजेदारों का इबादत में गुजरा। सुबह से ही नमाज पढ़ने को लेकर लोगों में अलग ही जज्बा था। दिन निकलते ही नमाज की तैयारी शुरु कर दी गई। जुमे को बच्चों व बुजुर्गों ने भी रोजा रखा। धूप के चलते मस्जिदों में छांव के लिए शामियाने लगाए गए। कुर्ता पजामा पहन लोग बारह बजते ही मस्जिदों की ओर निकल पड़े कुछ देर में ही मस्जिदें नमाजियों से खचाखच भर गई। जामा मस्जिद में मुफ्ती मोहम्मद शाहिद ने नमाज अदा कराई। उन्होंने तीसरे अशरे में एतकाफ की फजीलत बयान की, आखिर रातों में शबे ए कद्र तलाश करने की बात कही। नमाज के बाद अल्लाह की बारगाह मे हाथ उठाकर मुल्क मे अमन, चैन व खुशहाली की दुआएं मांगी गई। शिया जामा मस्जिद मे मौलाना डॉ, अहसन अख्तर सरोश ने नमाज अदा कराई।

### जीएमएस में फार्मा अन्वेषण कार्यक्रम



**शाह टाइम्स ब्यूरो रजबपुर**। राष्ट्रीय फार्मेसी शिक्षा दिवस के अवसर पर जीएमएस कॉलेज ऑफ फार्मेसी में फार्मा अन्वेषण-2026 कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को फार्मेसी क्षेत्र में करियर, शोध और फार्मा उद्योग की संभावनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ चेयरमैन शाहनवाज अली व ग्रुप निदेशक डॉ. हरीश कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। शाहनवाज अली ने कहा कि फार्मेसी शिक्षा देश की स्वास्थ्य व्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी है और यह समाज सेवा का भी बड़ा माध्यम है। डॉ. हरीश कुमार ने बताया कि इस वर्ष कार्यक्रम की थीम भविष्य का फार्मा पारिस्थितिकी तंत्र है, जिसका उद्देश्य शिक्षा, उद्योग और अनुसंधान संस्थानों के बीच तालमेल बढ़ाना है। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. जफर वसी, डॉ. आफरीन, डॉ. अनीस अहमद, हिमांशी, नवनीत सहित अन्य शिक्षक व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर की पति की हत्या

- होली के दिन भी हुआ था पति व प्रेमी के बीच विवाद
- पुलिस ने हत्यारोपी पत्नी को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। थाना क्षेत्र के एक गांव में पत्नी ने अपने प्रेमी केसाथ मिलकर युवक की गला घोंटकर हत्या कर दी और मामले को आत्महत्या का रूप देने के लिए शव को साड़ी का फंदा बनाकर पंखे से लटका दिया। लोगों को गुमराह करने के लिए युवक की पत्नी ने खूब रोना धोना किया मगर वह अपने मंसूबे में सफल नहीं हो पाई। मृतक के भाई ने अपनी भाभी और उसके प्रेमी के विरूद्ध हत्या का मुकदमा पंजीकृत कराया। शुक्रवार को पुलिस ने हत्यारा. पी पत्नी को गिरफ्तार करके चालान किया तो वहीं उसके प्रेमी की गिरफ्तारी के लिए दबिशें दी जा रही हैं।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव दारानगर में 05 मार्च को सुबह करीब पांच बजे महिला कल्लो ने शोर मचाया कि उसका पति ओमपाल (35) फांसी पर लटक गया। यह बात सुनकर ओमपाल का भाई जागेश और अन्य परिजन भी पहुंच गए। उन्हें शव की स्थिति देखकर यह समझने में देर न लगी कि ओमपाल की हत्या करके शव को लटकाया गया है। परिजनों ने पुलिस को सूचना दी और पुलिस को बताया कि ओमपाल की मौत केवल आत्महत्या नहीं बल्कि उसकी पत्नी कल्लो व उसके प्रेमी बबलू पुत्र दिनेश निवासी ग्राम सिकंदराबाद थाना



आदमपुर ने उसकी हत्या की है। बताया कि कुछ समय पूर्व कल्लो अपने प्रेमी बबलू के घर चली गई थी और काफी समय तक वहीं पर रही। दो माह पूर्व ही वह बबलू के पास से ओमपाल के पास आई थी। होली के दिन भी बबलू गांव आया था, उस दिन भी ओमपाल व बबलू में विवाद हुआ था। बबलू ने ओमपाल को ग्रामीणों के सामने ही जान से मारने की धमकी दी और चला गया था। होली की अगली सुबह में ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने ओमपाल के भाई जोगेश की तहरीर पर ओमपाल की पत्नी कल्लो व बबलू के विरूद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज करते हुए उनकी गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए थे। शुक्रवार को पुलिस ने हत्यारोपी पत्नी कल्लो को गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि कल्लो ने पूछताछ में बताया कि उसका पति उसके और बबलू के प्रेम संबधों का विरोध करता था। इसी कारण उसने अपने प्रेमी के साथ मिलकर रस्सी से गला घोंटकर पति ओमपाल की हत्या कर दी।

# हाजी शब्बन समर्थकों संग सपा में शामिल

## भाजपा राज में सभी वर्गो का शोषण: जगराम




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। बसपा के पूर्व विधायक हाजी शब्बन व लोकदल नेता जितेंद्र प्रताप सैकड़ों समर्थकों के साथ समाजवादी पार्टी में शामिल हो गए, जिनका पार्टी नेताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया।

सपा के जिला कार्यालय पर पार्टी की मासिक बैठक आयोजित हुई। जिसे संबोधित करते जिलाध्यक्ष मस्तराम सिंह यादव ने कहा कि वर्तमान सरकार में गरीब, पिछड़े और अल्पसंख्यक वर्ग परेशान है तथा विकास जमीनी स्तर पर दिखाई नहीं दे रहा है। उन्होंने कहा कि मिशन 2027 की सफलता के लिए अभी से संगठन को मजबूत करने और रणनीति बनाने की जरूरत है। पूर्व मंत्री जगराम सिंह ने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार में प्रदेश में कई ऐतिहासिक विकास कार्य हुए, जिनमें आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे, डायल-100 पुलिस सेवा, 1090 वूमेन पावर लाइन और 108 एंबुलेंस सेवा जैसी योजनाएं प्रमुख हैं। इस दौरान बसपा के पूर्व विधायक हाजी शब्बन व रालोद नेता जितेन्द्र प्रताप ने अपने सैकड़ो समर्थकों के साथ सपा में शामिल होने का ऐलान किया। बैठक में चंद्रपाल सैनी, संताराम सिंह यादव, महमूद अली उर्फ भूरे भाई, जीशान अली, महेश यादव, मुमताज खां, रविपाल चिकारा, विपिन कौशिक, अतीक अहमद, डॉ. अनीस अहमद, सलमान प्रधान सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# फर्जी इलाज दिखाकर लिया क्लेम, तीन पर रिपोर्ट

## नोएडा के डाक्टर के नाम का किया दुरूपयोग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया**। फर्जी तरीके से इलाज दिखाकर बीमा क्लेम लेने और नोएडा के डॉक्टर राजीव चौधरी के नाम का दुरुपयोग करने के मामले में तीन लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। तीनों पर डॉक्टर राजीव चौधरी के नाम से फर्जी मोहर-हस्ताक्षर का इस्तेमाल कर बीमा कंपनियों से धोखाधड़ी करने का आरोप है। मामले में डिडौली पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। साथ ही तीनों आरोपियों से अपना पक्ष रखने को बुलाया है।

ग्रेटर नोएडा के ओमैक्स एनआरआई सिटी सेक्टर ओमेगा-दो निवासी डॉ. राजीव कुमार चौधरी नोएडा में निजी प्रैक्टिस करते हैं। उनका आरोप है कि मदनगीर साउथ दिल्ली निवासी साहिल अमरोहा रोड जोया स्थित साधना अस्पताल में कार्यरत है। वह खुद को एमबीबीएस डॉक्टर बताता है, जबकि उसके पास कोई वैध डिग्री नहीं है। साहिल के साथ रजबपुर के शकरपुर दुष्यंत और नौगावां सादात थाना क्षेत्र के फौंदापुर निवासी गुलशेर अली मिलकर बीमा कंपनियों से फर्जी क्लेम पास कराने का काम करते हैं। यह लोग साधना नर्सिंग होम और डिवाइन हेल्थकेयर अस्पताल जोया में मरीजों का इलाज डॉ. राजीव के नाम से दिखाकर फर्जी दस्तावेज तैयार करते हैं। आरोपियों ने डॉ. राजीव चौधरी के नाम की फर्जी मोहर और हस्ताक्षर का प्रयोग कर इलाज से संबंधित दस्तावेज बनाते हैं और उन्हें बीमा कंपनियों में लगाकर क्लेम लेते हैं। इतना ही नहीं, जिस डायग्नोप्लस पैथोलॉजी लैब से जांच दिखाई जाती है, वह काफी समय से बंद बताई है। जबकि डॉ. राजीव चौधरी ने अमरोहा के इन अस्पतालों में कभी किसी मरीज का इलाज नहीं किया और न वहां कोई विजिट की है। डॉ. राजीव चौधरी ने मामले की शिकायत एसपी अमित कुमार आनंद से की थी। सीओ सिटी अभिषेक यादव ने बताया कि मामले में साहिल, दुष्यंत और गुलेशर अली के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# होली मिलन समारोह में भजनों पर झूमे श्रद्धालू

## फाग गीतों के साथ खेली गुलाल की होली, आपसी प्रेम का दिया संदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। मां संतोषी महिला मंडल की ओर से मां संतोषी मंदिर परिसर में होली मिलन समारोह धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में महिलाओं ने फाग और होली गीत गाकर माहौल को रंगीन बना दिया। ढोलक और झांझ की थाप पर श्रद्धालु देर तक झूमते रहे।



कार्यक्रम के दौरान मेरा खो गया बाजूबंद रसिया होली में, लाल बनाई गई रे गोरी बरसाने वाली, श्याम रंग डालो गुलाबी मिलायके और आज बिरज में होली मेरे रसिया जैसे होली गीतों की प्रस्तुति दी गई। ढोलक और मंजीरे की थाप पर महिलाएं नाचने को मजबूर हो गईं और एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। मंडल की सदस्य कुसुम सिंहल ने कहा कि मंदिर में इस तरह के धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम हर वर्ष आयोजित किए जाते हैं। इससे भक्तों के बीच आपसी प्रेम और भाईचारा बढ़ता है। कुसुम अग्रवाल ने कहा कि होली उमंग, उत्साह, उल्लास, मिठास और बंधुत्व का पर्व है। यह त्योहार परिवार, मित्र और समाज के लोगों को एक-दूसरे से प्रेमपूर्वक गले मिलने का अवसर देता है। इस अवसर पर मंदिर से जुड़े सभी सदस्यों और महिलाओं ने उत्साहपूर्वक कार्यक्रम में भाग लिया और फूलों व गुलाल से होली खेलकर आनंद लिया।

### बाइक चुराते युवक को रंगेहाथ पकड़ा

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**। बाइक चोरी कर रहे युवक को लोगों ने रंगेहाथ दबोच पुलिस के हवाले कर दिया। मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर चालान कर दिया है। शहर के मोहल्ला दानिशमंदान निवासी सुमित कुशवाहा की बाइक घर के बाहर खड़ी थी। आरोप है कि गुरुवार रात करीब पौन बजे एक युवक उनकी बाइक चोरी कर ले जा रहा था। उसी दौरान मोहल्ले के वाशु ने उसे देख लिया और शोर मचा दिया। आसपास के लोगों ने मौके पर ही युवक को पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम सलीम निवासी इस्लामनगर अमरोहा बताया। बाद में लोगों ने उसे पुलिस के हवाले कर दिया। सीओ सिटी अभिषेक यादव ने बताया कि मामले में सलीम के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर उसका चालान कर दिया गया है।

























# महिलाओं पर अश्लील टिप्पणी कर रहा युवक गिरफ्तार

- पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके आरोपी का किया चालान

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। आती जाती महिलाओं के प्रति अशोभनीय व अश्लील टिप्पणी कर रहे एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया और उसके विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर चालान किया।

जानकारी के अनुसार उपनिरीक्षक कृष्ण दाहिमा, महिला कांस्टेबल पूजा पंवार व कांस्टेबल राहुल के साथ बीते दिन गुरूवार को मिशन शक्ति अभियान के दौरान संदिग्ध व्यक्तियों की तलाश में मामूर थें बताते हैं कि जब पुलिस नवादा रोड पर पहुंची तो एक युवक सड़क किनारे खड़ा होकर आती जाती महिलाओं के प्रति अश्लील व अशोभनीय टिप्पणी कर रहा है। यह देखकर पुलिस ने आरोपी को मौके से ही गिरफ्तार कर लिया और थाने लाकर पूछताछ की। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि आरोपी मुकेश कुमार पुत्र अमरपाल के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करके अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### ब्रिटेन की कार्टल व फर्नले इंडियन वेल्स के दूसरे दौर में पहुंचे

**कैलिफोर्निया, वार्ता।** ब्रिटेन की पेशेवर टेनिस खिलाड़ी सोनाय कार्टल और जैकब फर्नले ने अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज करते हुए इंडियन वेल्स के दूसरे राउंड में जगह बना ली। 24 साल की कार्टल ने थाईलैंड की लैनलाना तरारुडी को 6-4, 6-4 से हराया। अब अगले दौर में उनका मुकाबला अमेरिका की 20वीं सीड एम्मा नवारो से होगा। लेकिन ब्रिटिश नंबर दो खिलाड़ी के लिए यह मुकाबला आसान नहीं था, उन्होंने 4-2 से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए एक घंटे 48 सेकंड में यह जीत हासिल की। वहीं पुरुष वर्ग में जैकब फर्नले ने बोस्निया के दामिर ज़ुम्हुर को 6-3, 6-3 से हराया। अगले दौर में फर्नले का मुकाबला अमेरिका की सातवीं सीड टेलर फ्रिट्ज से होगा। हालांकि, साथी ब्रिटिश खिलाड़ी फैन जोन्स को अमेरिकी क्वालिफायर कायला डे से सीधे सेट में 6-3, 6-1 से हार का सामना करना पड़ा।

### आईसीसी ने टी-20 विश्व कप फाइनल मैच के लिए अधिकारियों के नाम की घोषणा की

**दुबई, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने शुक्रवार को पूर्व चैंपियन भारत और न्यूजीलैंड के बीच रविवार को अहमदाबाद में होने वाले टी-20 विश्वकप क्रिकेट मैच के फाइनल मुकाबले के लिए अधिकारियों के नाम की घोषणा कर दी है। आईसीसी ने कहा है कि इंग्लिश जोड़ी रिचर्ड इललगवर्थ और एलेक्स व्हार्फ ऑन-फील्ड अंपायर होंगे। इललगवर्थ लगातार दूसरे पुरुष टी-20 विश्व कप फाइनल की जिम्मेदारी संभालेंगे, इससे पहले 2024 में क्रिस गैफनी के साथ अंपायर रहे थे। इससे पहले वे आईसीसी पुरुष क्रिकेट वर्ल्ड कप

# विश्व कप फाइनल खेलना मेरा सबसे बेहतरीन पल होगा: संजू



● **संजू सैमसन रविवार को अपना पहला विश्व कप फाइनल अहमदाबाद में खेलेंगे**

**कोलकाता, वार्ता।** टी-20 विश्वकप के सुपर आठ और सेमीफाइनल मुकाबले में मैच विजई पारी खेलने वाले भारतीय टीम के सलामी बल्लेबाज संजू सैमसन ने कहा कि फाइनल में खेलना मेरे सबसे बेहतरीन पलों में एक है। सैमसन रविवार को अपना पहला विश्व कप फाइनल खेलेंगे।

सैमसन अहमदाबाद में न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाले विश्वकप फाइनल को लेकर कहा कि यह मेरे जीवन के सबसे बेहत. रीन पलों में से एक है। मैं इसके लिए बहुत आभारी हूं। मैं इस प्रारुप बहुत लंबे समय से खेल रहा हूं। मैंने लगभग 300 या 400 टी-20 (328) खेले हैं। मैंने एक से लेकर छह नंबर तक के क्रम में बल्लेबाजी की है। मैंने आईपीएल फ्रैंचाइजी 'राजस्थान रॉयल्स' की कप्तानी भी की है। इसलिए मुझे अनुभव है कि किसी समय टीम को क्या चाहिए और इस एकादश में मेरी सटीक भूमिका क्या है। वही स्पष्टता आपको अपने तरीके से रन बनाने में मदद करती है। संजू सैमसन ने पिछले रविवार विंडीज के खिलाफ नाबाद 97 और फिर गुरुवार शाम सेमीफाइनल में इंग्लैंड के विरुद्ध 89 रन बनाकर लगातार दो मैचों में प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार जीता। वेस्टइंडीज के खिलाफ सैमसन ने शुरुआत में ही समझ लिया था कि इस पिच पर कम से कम 250 का स्कोर करना होगा। उन्होंने कहा कि यह मैच पूरी तरह अलग था। जब आप वानखेड़े में पहले बल्लेबाजी करते हैं, तो आपको पता होता है कि यहां कोई भी स्कोर काफी नहीं होता। इसलिए जब मुझे शुरुआत मिल गई, तो मैं उसका लाभ उठाना चाहता था। मैं जितने अधिक छक्के और चौके लगा सकता था, लगाने का प्रयास किया। मैच पावरप्ले में ही जीता और हारा जाता है। इसलिए जब आप तीन या चार गेंदें देख लेते हैं, तो फिर हमला शुरू कर देते हैं। कभी नतीजा आपके खिलाफ जाता है और कभी आप जीतते हैं। लेकिन आप अपने स्वभाव या गेमप्लान को नहीं बदल सकते क्योंकि हमारे पास नंबर आठ तक बल्लेबाजी कर है। इसलिए अगर आपका दिन है तो टीम को आगे ले जाओ, नहीं तो दूसरों का साथ दो।

# बुमराह सहित सभी गेंदबाजों ने मैच में कराई वापसी: सूर्यकुमार यादव

**कोलकाता, वार्ता।** भारतीय टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव और 'प्लेयर ऑफ द मैच' संजू सैमसन ने जसप्रीत बुमराह के किफायती स्पैल की सराहना की। सूर्यकुमार यादव ने कहा कि जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह और अन्य गेंदबाजों ने अविश्वसनीय प्रदर्शन करते हुए मैच में हमारी वापसी कराई। अक्षर के कैच पकड़ते समय मेरी हृदय गति 160 के करीब थी।

सेमीफाइनल मुकाबले में इंग्लैंड को सात रनों से हराने के बाद भारतीय कप्तान ने कहा कि यह एक अविश्वसनीय एहसास है। फाइनल के लिए अहमदाबाद जाना लड़कों के लिए बहुत खास है। मैंने हैरी से मजाक में कहा कि बताओ तुम्हारे खिलाफ हमें और कितने रन बनाने चाहिए। वे हमेशा मैच में बने हुए थे। चेज में भी लगातार बने रहे। लेकिन जिस तरह बुमराह, अर्शदीप और शेष



● **कहा : अक्षर के कैच पकड़ते समय मेरी दिल की धड़कन 160 की करीबी थी**

गेंदबाजों ने मैच को वापस खींचा, वह अविश्वसनीय था। यह एक खास गेंदबाजी प्रदर्शन था। अक्षर द्वारा पकड़े गए कैच के बारे में उन्होंने कहा कि हमारे क्षेत्ररक्षक कोच टी दिलीप को भी थोड़ा श्रेय देना पड़ेगा। वह टीम के साथ बहुत मेहनत कर रहे हैं। मैं बहुत नर्वस था। अगर कोई मेरी हृदय गति चेक करता तो पता चलता कि यह आसानी से 160 के करीब होता। 89 रनों की विस्फोटक पारी खेलने वाले 'प्लेयर ऑफ द मैच' संजू सैमसन ने कहा कि ऐसी पारी खेलने के बाद बहुत अच्छा लग रहा है।

पिछले मैच से मैं अच्छी लय में हूं। मैंने सोचा कि जो लय मुझे मिली है, उसका पूरा लाभ उठाया जाए। हमें पता था कि इस मैदान पर कोई भी स्कोर छोटा है। उसी कारण से हम जितना हो सके रन बनाना चाहते थे। आपको यह जल्द से जल्द पहचानना होता है। यहां लक्ष्य का पीछा करना बेहद आसान होता है। किशन और मेरी साझेदारी अच्छी थी। साथ ही मुझे लगता है कि इस जीत का श्रेय बुमराह को जाता है। अगर डेथ ओवर में उस तरह की गेंदबाजी नहीं करते तो शायद हम नहीं जीतते।

# ऐनाबेल-लूसी ने भारत को 198 पर रोका

● **डिनर के बाद बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने 14 रन जोड़कर अपने दोनों विकेट गवां दिए**

**पर्थ, ऑस्ट्रेलिया।** ऐनाबेल सदरलैंड (चार विकेट) और लूसी हैमिल्टन (तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने शुक्रवार को खेले जा रहे एकमात्र दिन रात्रि टेस्ट मैच में भारतीय टीम को 198 के स्कोर पर रोक दिया। डिनर के बाद बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने 14 रन जोड़कर अपने दोनों विकेट गंवा दिए। सायली सातघरे (सात) को सदरलैंड ने आउट किया। इसके बाद 63वें ओवर की चौथी गेंद पर डार्सी ब्राउन ने क्रांति गौड़ (एक) को आउटकर 198 के स्कोर पर भारतीय पारी का अंत कर दिया। काश्वी गौतम ने 54 गेंदों में तीन चौकों की मदद से नाबाद 34 रन बनाए। यहां इससे पहले जेमिमाह रॉड्रिग्स (52) और शेफाली वर्मा (35) की जूझारू



पारियों के दम पर भारतीय महिला टीम ने डिनर तक आठ विकेट पर 184 रन बना लिए थे। ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करनी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पांचवें ही ओवर में 18 के स्कोर पर स्मृति मंधाना (चार) का विकेट गंवा दिया। उन्हें लूसी हैमिल्टन ने आउट किया। इसके बाद शेफाली वर्मा और प्रतिका रावल ने पारी को संभालने का प्रयास किया। 16वें ओवर में ऐनाबेल सदरलैंड ने शेफाली वर्मा (35) को आउटकर पवेलियन भेज दिया। प्रतिका रावल (18) को भी सदरलैंड ने 20वें ओवर की पहली गेंद पर आउट किया। ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजी आक्रमण के आगे भारतीय बल्लेबाज नियमित अंत. राल पर विकेट गंवाते रहे। कप्तान हरमनप्रीत कौर (19), दीप्ति शर्मा (सात), )चा घोष (11) और स्नेह राणा (पांच) रन बनाकर आउट हुई। जेमिमाह रॉड्रिग्स ने भारत के लिए सर्वाधिक 52 रनों की पारी खेली। उन्होंने 84 गेंदों का सामना किया।

### दा वन स्पोर्ट्स ने आर्मी पब्लिक स्कूल के साथ साझेदारी की

**जम्मू, वार्ता।** क्रिकेटर शिखर धवन द्वारा स्थापित 'दा वन स्पोर्ट्स' ने छात्रों के लिए बहु-खेल विकास कार्यक्रम शुरू करने की घोषणा की है। इसके लिए पूर्व भारतीय क्रिकेटर ने जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिला स्थित जंगलोट के आर्मी पब्लिक स्कूल के साथ रणनी. तिक साझेदारी की है। यह पहल क्षेत्र में जमीनी स्तर पर खेल शिक्षा को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इससे युवा एथलीटों को पेशेवर प्रशिक्षण के अवसर मिलेंगे। योग्य कोचो द्वारा अनुशासन, आत्मविश्वास और बेहतर प्रदर्शन को निखारने के लिए तैयार यह कार्यक्रम कई खेलों में प्रशिक्षण दिया जाएगा। इनमें क्रिकेट, फुटबॉल, बास्केटबॉल, बैडमिंटन, टेनिस और गोल्फ शामिल हैं। 'दा वन ग्रुप' के अध्यक्ष शिखर धवन ने कहा कि भविष्य के चैंपियनों को तैयार करने के लिए अनुशासन, अवसर और युवा एथलीटों के विकास के लिए सही माहौल की मजबूत नींव की आवश्यकता होती है, विशेषकर जम्मू-कश्मीर जैसे क्षेत्रों में जरूरी है, जहां संभावनाएं असीमित हैं। 'दा वन ग्रुप' की मुख्य कार्यकारी अंशिता गुप्ता ने कहा कि हमें आर्मी पब्लिक स्कूल के साथ साझेदारी करने पर गर्व है। यह ऐसा संस्थान है, जो अनुशासन, उत्कृष्टता और खेल उपलब्धियों की भारतीय सेना की दीर्घकालिक विरासत को दर्शाता है।

## डायने पैरी ने वीनस विलियम्स को किया इंडियन वेल्स से बाहर



● **डायने पैरी ने सात बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन वीनस को पहले दौर में हराकर बाहर किया**

**इंडियन वेल्स, (कैलिफोर्निया), वार्ता।** फ्रांस की टेनिस खिलाड़ी डायने पैरी ने सात बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन वीनस विलियम्स को पहले दौर के मुकाबले में हराकर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया है।

फ्रांस की डायने पैरी ने गुरुवार को दो घंटे 21 मिनट तक चले मुकाबले में अमेरिका की वीनस को 3-6, 6-7 (4), 1-6 से हराया। इसी के साथ वीनस का बीएनपी परिबास ओपन 2026 में अभियान समाप्त हो गया। बीएनपी परिबास ओपन को इंडियन वेल्स टेनिस टूर्नामेंट के नाम से भी जाना जाता है। वीनस विलियम्स ने इंडियन वेल्स में पदार्पण के 30 साल बाद की वापसी थी। उन्होंने पहली बार 1996 में 15 वर्ष की उम्र में इस टूर्नामेंट में हिस्सा लिया था। उन्हें इस टूर्नामेंट के एकल और युगल ड्रॉ में वाइल्ड कार्ड दिया गया था।

# भारतीय महिलाएं आज जापान से भिड़ेंगी



**महिला एशियन कप ऑस्ट्रेलिया 2026 के अपने दूसरे ग्रुप सी मैच में मजबूत जापान से भिड़ेगी**

**पर्थ, (ऑस्ट्रेलिया), वार्ता।** भारतीय सीनियर महिला नेशनल टीम शनिवार को रेक्टेंगुलर स्टेडियम में एएफसी महिला एशियन कप ऑस्ट्रेलिया 2026 के अपने दूसरे ग्रुप सी मुकाबले में मजबूत जापान से भिड़ेगी। फीफा महिला वर्ल्ड रैंकिंग में आठवें स्थान पर काबिज जापान को ब्लू टाइग्रेसेस (67वें स्थान पर) पर साफ बढ़त मिली है, क्योंकि उसने पिछले तीनों मैच जीते हैं। नादेशिको ने इन तीन मैचों में 19 बार गोल किए हैं। वहीं अपने पहले मैच में वियतनाम से 1-2 से हारने के बावजूद भारत अभी ग्रुप में तीसरे स्थान पर है। भारत को वियतनाम के खिलाफ मैच में मिली हार से उबरने के लिए दो दिन मिले हैं और जापान के खिलाफ मुकाबले के लिए अपने खिलाड़ियों को अच्छी हालत में वापस लाना मुख्य कोच अमेलिया वाल्वर्डे की प्राथमिकताओं की सूची में सबसे ऊपर है।

वाल्वेर्डे ने कहा कि हम जानते हैं कि जापान एक ऐसी टीम है जो बहुत जोश के साथ पज़ेशन रखना पसंद करती है। उन्हें गेम पर हावी होना पसंद है, लेकिन हमें अपना गेम स्वयं तैयार करना होगा। हमें उम्मीद है कि हम शानदार प्रदर्शन करेंगे, फिर से बहुत कॉम्पिटिटिव होंगे, जैसा हम पिछले बुधवार को थे। हम गेम के पहले मिनट से ही कोशिश करेंगे। हमें अपनी एनर्जी अपनी टीम पर फोकस करने की आवश्यकता है।

# बांग्लादेश ने पाकिस्तान के खिलाफ घरेलू एकदिवसीय सीरीज के लिए टीम घोषित की

**अफिफ हुसैन को टीम में वापस बुलाया, हुसैन ने आखिरी बाद दिसम्बर 2024 में वनडे मैच खेला**

**ढाका, वार्ता।** बांग्लादेश ने पाकिस्तान के खिलाफ 11 मार्च से शुरु हो रही तीन मैचों की घरेलू एकदिवसीय सीरीज के लिए अपनी टीम की घोषणा कर दी है।

बांग्लादेश चयन समिति के अध्यक्ष गाजी अशरफ ने बताया कि अफिफ हुसैन को टीम में वापस बुलाया है। हुसैन ने आखिरी बार दिसम्बर 2024 में एकदिवसीय मैच खेला था, महिद. ुल इस्लाम को टीम में बरकरार रखा गया है। इसके अलावा लिटन दास भी खराब फॉर्म के बावजूद टीम में जगह बनाए हुए हैं। चोटिल नुरुल हसन, जैकर अली अनिक और शमीम हुसैन बाहर हो गए हैं। इन दोनों के महीने के आखिर तक पूरी तरह से फिट होने की उम्मीद है। हुसैन ने स्पष्ट किया कि लिटन दास के हालिया एकदिवसीय फॉर्म पर सवाल हो सकते हैं, लेकिन वह अपने खेल पर कोचों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। हमें लगता है कि वह जल्द ही इस प्रारुप में अपना सर्वश्रेष्ठ दे सकते हैं और हम मिडिल ऑर्डर को मजबूत करने के लिए उन्हें एक ऑप्शन के तौर पर देख रहे हैं। अफिफ़ के पास अनुभव है और वह अभी अच्छी लय में दिख रहे हैं। महिदुल इस्लाम को रिटेन किया गया है और यह उनके लिए अपनी काबिलियत को पूरा करने का एक अच्छा मौका है।

### श्याम लाल कॉलेज (प्रातः) ने इंटर कॉलेज कबड्डी खिताब जीता

**नई दिल्ली, वार्ता।** अनुज नेगी, दीपांशु कसाना, अक्षय कुमार और आदित्य शर्मा के शानदार प्रदर्शन की बदौलत श्याम लाल कॉलेज (प्रातः) ने दिल्ली यूनिवर्सिटी इंटर कॉलेज कबड्डी टूर्नामेंट 2026 में पुरुष वर्ग का खिताब जीत लिया। आर्यभट्ट कॉलेज में तीन दिनों तक चले राउंड रोबिन लीग मुकाबलों में प्रदर्शन के आधार पर अंतिम स्थान इस प्रकार रहे: प्रथमः श्याम लाल कॉलेज (प्रातः)। द्वितीयः डा. भीमराव अंबेडकर कॉलेज। तृतीयः हंसराज कॉलेज। श्याम लाल कॉलेज ने हंसराज कॉलेज को 41-22 से और आईजीआईपीईएसएस को 30-21 से हराया। एक लीग मैच में डा. भीमराव अंबेडकर कॉलेज ने श्याम लाल कॉलेज को 29-26 से मात दी। श्याम लाल कॉलेज के अनुज नेगी, दीपांशु कसाना, अक्षय कुमार और आदित्य शर्मा का प्रदर्शन विशेष रूप से सराहनीय रहा। श्याम लाल कॉलेज के प्रिंसिपल प्रो. रबि नारायण कर ने टीम को चैंपियन बनने पर बधाई दी।

## वैलेंटोवा को हराकर वेकिक इंडियन वेल्स के दूसरे दौर में



● **डोना वेकिक न कनाडा की टेरेजा वैलेंटोवा को 7-6(4), 7-6 (4)हराकर अगले दौर में प्रवेश किया**

**इंडियन वेल्स, (कैलिफोर्निया), वार्ता।** क्रोएशिया की टेनिस खिलाड़ी डोना वेकिक ने बीएनपी परिबास ओपन 2026 टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर के मुकाबले में टेरेजा वैलेंटोवा को हराकर अगले दौर में जगह बना ली है। इंडियन वेल्स टेनिस गार्डन के स्टेडियम 3 में गुरुवार को क्रोएशियाई वेकिक ने दो घंटे 38 मिनट के रोमांचक मुकाबले में कनाडा की वैलेंटोवा को 7-6 (4), 7-6 (4) से हराया। क्रोएशियाई खिलाड़ी ने अक्टूबर में चेन्नई ओपन के बाद अपनी पहली टूर-लेवल जीत हासिल की। दूसरे राउंड में वेकिक का सामना जेसिका पेगुला से होगा।

### अवसर बढ़ाने का हिस्सा है खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स: मांडविया

● **खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में भारत के अधिकांश राज्यों और केंन्द्र शासित प्रदेशों के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे**

**नई दिल्ली, वार्ता।** केन्द्रीय खेल मंत्री डा. मनसुख मांडविया ने कहा है कि छत्तीसगढ़ के तीन शहरों में आयोजित होने वाले खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 'अवसर और दायरे को बढ़ाने का हिस्सा' है।

छत्तीसगढ़ के तीन शहरों रायपुर, जगदलपुर और सरगुजा में 26 मार्च से छह अप्रैल तक होने वाले पहले खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में सात पदक स्पर्धाए एथलेटिक्स, फुटबॉल, हॉकी, भारोत्तोलन, तीरंदाजी, तैराकी और कुश्ती होंगी। इसके अलावा दो डेमो गेम मल्लखंभ और कबड्डी भी आयोजित किए जाएंगे। खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स (केआईटीजी) में भारत के अधिकांश राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। डा. मांडविया ने गुरुवार को कहा कि खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स हमारे बढ़ते हुए प्रयासों का हिस्सा हैं, जिनका उद्देश्य हर उस युवा को अवसर और मंच प्रदान करना है जो खेलना चाहता है। यह पीएम के विकसित भारत के विजन का हिस्सा है, और इस यात्रा में खेलों की बहुत बड़ी भूमिका है। उन्होंने कहा कि आदिवासी क्षेत्रों से प्रतिभाओं को सामने लाना बेहद अहम है और हमारे खिलाड़ी आधार का लगातार विस्तार समय की आवश्यकता है। हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि आदिवासी समुदायों के प्रतिभाशाली युवाओं की जल्द पहचान हो, उन्हें व्यवस्थित तरीके से समर्थन मिले और उन्हें राष्ट्रीय खेल ढांचे में शामिल किया जाए। उल्लेखनीय है कि पहले खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स (केआईटीजी) का लोगो, थीम सॉन्ग और मैस्कॉट 23 दिसम्बर को बिलासपुर के बी-आर- यादव स्पोर्ट्स स्टेडियम में औपचारिक रूप से लॉन्च किया।

# मानसिक रूप से मजबूत रहने की वजह से सैमसन ने हालिया परिणाम दिए : रवि शास्त्री



● **कहा : संजू को अपने शॉट चयन में अधिक समझदारी दिखानी होगी और अपनी ताकत पर ध्यान देना होगा**

**मुंबई, वार्ता।** भारतीय टीम के पूर्व कोच रवि शास्त्री का मानना है कि बल्लेबाजी करते समय संजू सैमसन मानसिक रूप से अधिक मजबूत हैं और टी-20 विश्वकप में उनके हालिया परिणाम इसी बदलाव की वजह से आए हैं। शास्त्री ने कहा कि मुझे लगता है कि आखिरकार उन्हें यह एहसास हो गया है और वे इस बात को मान रहे हैं कि उन्हें और अधिक एकाग्र होने की आवश्यकता है। उन्हें अपने शॉट चयन में अधिक समझदारी दिखानी होगी और अपनी ताकत पर ध्यान देना होगा।

संजू के साथ बात यह है कि उनके पास हर शॉट आता है, लेकिन एकाग्रता में कमी रह जाती है। मुझे लगता है कि वह मानसिक रूप मजबूत हो गया है और जब से वह टीम में आया है, तब से किसी को भी उसके कौशल या प्रतिभा पर शक नहीं हुआ है। शास्त्री ने कहा है कि उसका सर्वश्रेष्ठ फॉर्म अभी बाकी है क्योंकि भारतीय टीम में उसकी भूमिका अब साफ तौर पर तय है। उन्होंने कहा कि वह अभी भी सिर्फ 31 साल का है और एक असली मैच-विनर है। और जब आप (आज) जैसे शॉट खेलते हुए देखते हैं, तो उसमें क्लास, टच, पावर और जबरदस्त फोर्स दिखती है। यह बस अविश्वसनीय है। हालांकि सैमसन का फॉर्म भारत के लिए एक सुखद सरप्राइज रहा है, लेकिन साथी ओपनर अभिषेक शर्मा की हालिया कोशिशें न्यूजीलैंड के खिलाफ रविवार को होने वाले टी-20 विश्वकप के फाइनल से पहले कुछ चिंता का विषय हैं। अभिषेक ने अब तक टी-20 वर्ल्ड कप में सात पारियों में सिर्फ 89 रन बनाए हैं, लेकिन शास्त्री का मानना है कि भारत की एकादश में बदलाव करने में बहुत देर हो चुकी है और नंबर वन रैंक वाले टी-20 बल्लेबाजो को ब्लैक कैप्स के खिलाफ टूर्नामेंट के निर्णायक मैच में बनाए रखना चाहिए।

उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि उन्हें अब बस उसके साथ बने रहना होगा। कोई बदलाव न करें क्योंकि टीम अच्छा खेल रही है। उसी पर टिके रहें और बस उसे बताएं कि अपनी काबि. लियत पर विश्वास करें, अपनी ताकत पर विश्वास करें और अपनी ताकत का साथ दें। हम आपका साथ देते हैं, आप अपनी ताकत का साथ दें और वहां जाकर खेलें। आखिरी गेम आपके लिए सबसे अच्छा गेम हो सकता है।

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# नीतीश का कदम

ऐसा प्रतीत होता है कि बिहार की राजनीति में पहले से तय किसी योजना को अब अमल में लाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। हाल के घटनाक्रमों को देखकर यह चर्चा तेज हो गई है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को राज्यसभा भेजने की तैयारी की जा रही है। इस घटनाक्रम की अहमियत का अंदाजा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि नामांकन के अवसर पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का पटना पहुंचना काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यदि यह प्रक्रिया पूरी होती है तो बिहार की राजनीति में लगभग दो दशकों बाद सत्ता के शीर्ष पर बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है। जनता दल यूनाइटेड के प्रमुख नीतीश कुमार ने कुछ ही महीने पहले रिकॉर्ड दसवीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। चार महीने से भी कम समय पहले उन्होंने यह जिम्मेदारी संभाली थी, लेकिन अब संकेत मिल रहे हैं कि वे इस पद को छोड़ने के लिए तैयार हैं। 75 वर्षीय नीतीश कुमार आगामी राज्यसभा चुनाव में उतरने की तैयारी कर रहे हैं। विधानसभा में सत्तारूढ़ गठबंधन के पास पर्याप्त बहुमत होने के कारण यह माना जा रहा है कि उनकी जीत लगभग निश्चित है। यदि ऐसा होता है तो मुख्यमंत्री के रूप में उनका करीब बीस वर्षों का लंबा राजनीतिक सफर समाप्त हो जाएगा। राजनीतिक हलकों में यह भी चर्चा है कि यदि यह बदलाव होता है तो बिहार की सत्ता की कमान भारतीय जनता पार्टी के किसी नेता को सौंपी जा सकती है। नवंबर 2025 में हुए विधानसभा चुनावों में भाजपा राज्य की सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी थी। भाजपा के मजबूत प्रदर्शन ने ही नीतीश कुमार को दोबारा सत्ता में बने रहने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उसी समय से राजनीतिक जानकार यह अनुमान लगाने लगे थे कि आगे चलकर मुख्यमंत्री पद को लेकर बदलाव हो सकता है, चाहे वह स्वेच्छा से हो या परिस्थितियों के कारण। यह भी उल्लेखनीय है कि उत्तर भारत के हिंदी भाषी राज्यों में बिहार एक ऐसा राज्य रहा है, जहां अब तक भाजपा का कोई मुख्यमंत्री नहीं रहा है। इस वजह से भी भाजपा की राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं को लेकर चर्चा होती रही है। इसी बीच यह भी अटकलें लगाई जा रही हैं कि नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार, जो अभी सक्रिय राजनीति में नए माने जाते हैं, उन्हें नई सरकार में उपमुख्यमंत्री की जिम्मेदारी मिल सकती है। हालांकि इस संबंध में अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है, लेकिन राजनीतिक गलियारों में इस तरह की चर्चाएं लगातार चल रही हैं। भाजपा की बढ़ती राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं को देखते हुए यह भी माना जा रहा है कि जनता दल यूनाइटेड अपनी पार्टी के जनाधार को बनाए रखने के लिए सत्ता में संत. ुलन बनाए रखना चाहेगी। संभव है कि जेडीयू उपमुख्यमंत्री पद अपने पास रखने की कोशिश करे ताकि संगठन और कार्यकर्ताओं का मनोबल बना रहे।

## वैश्विक सुरक्षा माहौल में बड़ा बदलाव



हाल के वैश्विक संघर्षों ने लंबे समय से चली आ रही इस धारणा को बदल दिया है कि भविष्य में युद्ध छोटे और निर्णायक होंगे, मौजूदा स्थितियों में मजबूत और लचीली रक्षा औद्योगिक क्षमता विकसित करने की तत्काल आवश्यकता है, पिछले कुछ वर्षों की घटनाओं ने निरंतर सैन्य तैयारी, प्रौद्योगिकी अनुकूलन क्षमता और बड़े पैमाने पर रक्षा उत्पादन के महत्व को रेखां. कत किया है, वैश्विक सुरक्षा माहौल में बड़ा बदलाव आया है, भू-राजनीति पर टिप्पणी नहीं करूंगा, लेकिन पिछले तीन-चार वर्षों में दुनिया भर में जो घटनाएं हुई हैं, उन्हें देखते हुए यह स्पष्ट हो गया है कि छोटे और निर्णायक युद्धों की अवधारणा पर अब सवाल उठने लगे हैं, शीत युद्ध के बाद के दौर में जो शांति लाभ (पीस डिविडेंड) की अवधारणा थी, वह अब समाप्त होती दिखाई दे रही है।

**-एडमिरल दिनेश त्रिपाठी, नौसेना प्रमुख**

# निजी शिक्षण संस्थानों को समझनी होगी अपनी जिम्मेदारी



**रोहित कौशिक**



**एक ऐसी दिशा जिसमें निजी शिक्षण अपनी थोड़ी-बहुत बची हुई प्रतिष्ठा भी खो देते हैं। ऐसे में छात्र भी स्वयं को छला हुआ महसूस करने लगते हैं। एआई समिट में गलगोटिया यूनिवर्सिटी की हरकत ने यह दिखा दिया है कि झूठी प्रतिष्ठा के लिए देश की साख को भी दांव पर लगाया जा सकता है।**

यह तकनीक का दौर है। तकनीक के इस दौर में कुछ नया और सबसे पहले करने की प्रतिस्पर्धा हो रही है। प्रतिस्पर्धा गलत नहीं है। स्वस्थ प्रतिस्पर्धा ही हमें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है लेकिन जब प्रतिस्पर्धा में नवाचार को ग्लैमर का तड़का लगाने की कोशिश की जाए तो बहुत सारी समस्याएं पैदा हो जाती हैं। नई दिल्ली में एआई इम्पैक्ट समिट के दौरान गलगोटिया यूनिवर्सिटी की एक हरकत ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। गलगोटिया यूनिवर्सिटी ने इंडिया एआई एक्सपो में प्रदर्शित एक रोबोटिक डॉग को खुद का बताकर पेश किया जबकि वह चीन में निर्मित रोबोटिक डॉग है जो ऑनलाइन खरीदने के लिए भी उपलब्ध है। इस मुद्दे पर हंगामा मचने के बाद यूनिवर्सिटी ने सफाई देते हुए कहा कि इस रोबोटिक डॉग को चीन की एक रोबोटिक कंपनी से खरीदा गया था और इसे सिर्फ एक एजुकेशनल टूल के तौर पर इस्तेमाल किया जा रहा है। कई बार प्राइवेट यूनिवर्सिटी या फिर अन्य प्राइवेट शिक्षण संस्थान श्रेय लेने के चक्कर में कई तरह के घपले कर देते हैं।

इस दौर में जितनी तेजी के साथ तकनीक बदल रही है, उसने छात्रों पर एक दबाव बना दिया है। छात्र या पेशेवर इंजीनियर अपना समय, धन और ऊर्जा लगाकर एक नई तकनीक सीखते है। यह तकनीक सीखकर वे काम करना शुरू ही करते हैं कि एक नई तकनीक आ जाती है। तेजी के साथ तकनीक का बदलना यह संकेत दे रहा है भविष्य में छात्रों और पेशेवर इंजीनियरों पर दबाव और ज्यादा बढ़ेगा। यही कारण है कि अब एआई के मुद्दे पर विभिन्न स्तरों पर विचार-विमर्श हो रहा है। एक सबसे बड़ा सवाल तो यही उठ रहा है कि हर क्षेत्र में एआई के दखल से क्या रोजगार की संभावनाएं कम हो जाएंगी ? हालांकि कहा जा रहा है कि एआई जानने वाले पेशेवरों की मांग बढ़ेगी और इस क्षेत्र में नए रोजगार सृजित होंगे। इस क्षेत्र में सरकार अपनी तरह से काम कर रही है। सरक. ारी विश्वविद्यालय और अन्य सरकारी शिक्षण संस्थान अपनी कुछ सीमाओं के बावजूद एआई के क्षेत्र में प्रयास करते हुए नजर आ रहे हैं। भविष्य में एआई की मांग बढ़ने की संभावना देखते हुए निजी विश्वविद्यालय और अन्य निजी शिक्षण संस्थान इस क्षेत्र में अपनी संभावनाएं भी ढूंढ़ रहे हैं। निजी होने के कारण ऐसे शिक्षण संस्थान अपने आर्थिक पक्ष पर भी ध्यान देते हैं। जाहिर है कि ऐसे शिक्षण संस्थानों का ध्यान सिर्फ शिक्षा प्रदान करने पर ही नहीं होता है। उनका ध्यान मुनाफा कमाने पर भी होता है। कई बार मुनाफा कमाने के चक्कर में निजी शिक्षण संस्थान अपनी सामाजिक जिम्मेदारी को भूल जाते हैं। सामाजिक जिम्मेदारी भूलने का सबसे बड़ा नुकसान यह होता है कि निजी शिक्षण संस्थानों का सारा ध्यान मुनाफा कमाने पर लग जाता है। मुनाफा कमाने के लिए वे कई बार अपने क्रियाकलापों में ग्लैमर का तड़का लगाते हैं। बाजार में टिकने की चाह और हड़बड़ी में अपनी झूठी प्रतिष्ठा बनाने की कोशिश इन निजी शिक्षण संस्थानों को दूसरी ही दिशा में मोड़ देती है। एक ऐसी दिशा जिसमें निजी शिक्षण अपनी थोड़ी-बहुत बची हुई प्रतिष्ठा भी खो देते हैं। ऐसे में छात्र भी स्वयं को छला हुआ महसूस करने लगते हैं। एआई समिट में गलगोटिया यूनिवर्सिटी की हरकत ने यह दिखा दिया है कि झूठी प्रतिष्ठा के लिए देश की साख को भी दांव पर लगाया जा सकता है। इस दौर में निजी विश्वविद्यालयों को झूठी प्रतिष्ठा छोड़कर अपनी सच्ची प्रतिष्ठा को बढ़ाने की कोशिश करनी होगी। अगर ईमानदारी के साथ प्रयास किए जाएं तो निजी विश्वविद्यालय अपनी साख बचाने में कामयाब हो सकते हैं।

यह विडम्बना ही है कि आज गली-गली में निजी शिक्षा संस्थानों की बाढ़ आ गई है। इनमें से कुछ शिक्षा संस्थानों के क्रियाकलाप संदिग्ध हैं। सवाल यह है कि शिक्षा को व्यापार बनाने के लिए जिम्मेदार कौन है ? नब्बे के दशक में शुरू हुई उदारीकरण की आंधी ने अन्य क्षेत्रों के साथ-साथ शिक्षा के क्षेत्र को भी अपनी गिरफ्त में ले लिया। आजादी के बाद कुछ हद तक शिक्षा नीति की कमजोरी को दूर करने के प्रयास किए गए लेकिन यह प्रयास पर्याप्त सिद्ध नहीं हुए। एक बार फिर शिक्षा नीति में परिवर्तन की कोशिशें हो रही हैं। दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि हमारे नीति-निर्माता शिक्षा नीति में परिवर्तन करने की हड़बड़ाहट में अपना विवेक खोकर कुछ ऐसे निर्णय ले रहे हैं जो शिक्षा के वास्तविक उद्देश्य को ठेस पहुंचा रहे हैं। सवाल यह है कि क्या हमारा मुख्य उद्देश्य शिक्षा नीति में परिवर्तन करना है या फिर इस परिवर्तन के माध्यम से शिक्षा की कमजोरियों को दूर करना है ? हमारे नीति-निर्माताओं की नीतियों एवं क्रियाकलापों को देखकर तो ऐसा लगता है कि उनका मुख्य उद्देश्य केवल शिक्षा नीति में परिवर्तन करना भर है। इस दौर में उच्च शिक्षा की स्थिति किसी से छिपी नहीं है। कहने को तो शिक्षा नीति में काफी बदलाव हुए हैं लेकिन वास्तविकता यह है कि हम अभी भी लीक ही पीट रहे हैं। आज अनेक शिक्षक नवाचार को बढ़ावा देकर बेहतरीन काम कर रहे हैं लेकिन यह भी कटु सत्य है कि आज गुरु के रूप में अध्यापक की प्रतिष्ठा लगातार कम हो रही है। शिक्षा जगत में मौजूद इन विसंगतियों के बीच नई शिक्षा नीति में भी एक बार फिर निजी शिक्षण संस्थानों को अनेक तौर-तरीकों से पनपने का मौका दिया गया है। सवाल यह है कि क्या ए संस्थान शिक्षा के मूल उद्देश्य को पूरा करने की तरफ ध्यान देंगे? अब समय आ गया है कि सरकार निजीकरण की आड़ में पनपे संदिग्ध विश्वविद्यालयों और अन्य शिक्षण संस्थानों के क्रियाकलापों पर गम्भीरता से ध्यान दें ताकि हजारों विद्यार्थियों के भविष्य को अंधकारमय होने से बचाए जा सके। निजी शिक्षण संस्थानों को भी अपने जिम्मेदारी समझनी होगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# जितना चबाकर खाएंगे उतनी कैलोरी जलाएंगे

**सख्त चुइंगम के साथ चयापचय में 15 प्रतिशत तक वृद्धि देखी गई। यह प्रतिभागियों द्वारा दिन भर में खर्च की गई कुल ऊर्जा का 1 प्रतिशत से भी कम है लेकिन मापन-योग्य है। ये नतीजे साइंस एडवांसेस पत्रिका में प्रकाशित हुए हैं। शोधकर्ताओं के मुताबिक इससे पता चलता है कि खाना पकाना और औजारों का इस्तेमाल शुरू होने से पहले आदिम मनुष्य चबाने में बहुत अधिक समय बिताते होंगे। यदि प्राचीन मनुष्य दिन भर में वर्तमान गोरिल्ला और ओरांगुटान जितना भी चबाते होंगे तो शोधकर्ताओं का अनुमान है कि वे दिन भर में खर्च हुई कुल ऊर्जा का कम से कम 2.5 प्रतिशत चबाने में खर्च करते होंगे। ये नतीजे इस विचार का समर्थन करते हैं कि चबाने में सुगमता आने से वैकासिक लाभ मिला। चबाने में लगने वाली ऊर्जा की बचत का उपयोग आराम, मरम्मत और वृद्धि जैसी अन्य चीजों पर हुआ होगा।**

जब कैलोरी बर्न करने की बात आती है तो लोगों का ध्यान सरपट सैर, साइकिल चलाना या ऐसे ही व्यायामों की ओर जाता है, चबाने का तो विचार तक नहीं आता। अब, एक नवीन अध्ययन बताता है कि दिन भर में हमारे द्वारा खर्च की जाने वाली कुल ऊर्जा में से लगभग 3 प्रतिशत ऊर्जा तो चबाने की क्रिया में खर्च होती है। कुछ सख्त या रेशेदार चीज चबाएं तो थोड़ी और अधिक ऊर्जा खर्च होगी। हालांकि यह ऊर्जा चलने या पाचन में खर्च होने वाली ऊर्जा से बहुत कम है, लेकिन अनुमान है कि इसकी भूमिका हमारे पूर्वजों के चेहरे को नया आकार देने में रही।

ऐसा माना जाता रहा है कि हमारे जबड़ों की साइज और दांतों का आकार चबाने को अधिक कुशल बनाने के लिए विक. सित हुआ था। जैसे-जैसे हमारे होमिनिड पूर्वज आसानी से चबाने वाले भोजन का सेवन करने लगे और भोजन को काटने-पीसने और पकाने लगे तो जबड़ों और दांतों का आकार भी छोटा होता गया। लेकिन यह जाने बिना कि हम दिनभर में चबाने में कितनी ऊर्जा खर्च करते हैं, यह बता पाना मुश्किल है कि क्या वाकई ऊर्जा की बचत ने इन परिवर्तनों में भूमिका निभाई थी। यह जानने के लिए मैनचेस्टर विश्वविद्यालय की जैविक मानव विज्ञानी एडम वैन केस्टरेन और उनके दल ने 21 प्रतिभागियों द्वारा खर्च की गई ऑक्सीजन और उत्पन्न कार्बन डाईऑक्साइड की मात्रा का मापन किया। इसके लिए प्रतिभागियों को एक हेलमेट जैसा यंत्र पहनाया गया था। फिर उन्हें 15 मिनट तक चबाने के लिए चुइंगम दी। यह चुइंगम स्वादहीन, गंधहीन और कैलोरी-रहित थी। ऐसा करना जरूरी था अन्यथा पाचन तंत्र सक्रिय होकर ऊर्जा की खपत करने लगता। चबाते समय प्रतिभागियों द्वारा प्रश्वासित वायु में कार्बन डाईऑक्साइड का स्तर बढ़ा हुआ पाया गया। यह दर्शाता है कि चबाने पर शरीर ने अधिक कार्य किया। जब चुइंगम नर्म थी तब प्रतिभागियों का चयापचय औसतन 10 प्रतिशत बढ़ा। सख्त चुइंगम के साथ चयापचय में 15 प्रतिशत तक वृद्धि देखी गई। यह प्रतिभागियों द्वारा दिन भर में खर्च की गई कुल ऊर्जा का 1 प्रतिशत से भी कम है लेकिन मापन-योग्य है। ये नतीजे साइंस एडवांसेस पत्रिका में प्रकाशित हुए हैं। शोधकर्ताओं के मुताबिक इससे पता चलता है कि खाना पकाना और औजारों का



इस्तेमाल शुरू होने से पहले आदिम मनुष्य चबाने में बहुत अधिक समय बिताते होंगे। यदि प्राचीन मनुष्य दिन भर में वर्तमान गोरिल्ला और ओरांगुटान जितना भी चबाते होंगे तो शोधकर्ताओं का अनुमान है कि वे दिन भर में खर्च हुई कुल ऊर्जा का कम से कम 2.5 प्रतिशत चबाने में खर्च करते होंगे। ये नतीजे इस विचार का समर्थन करते हैं कि चबाने में सुगमता आने से वैकासिक लाभ मिला। चबाने में लगने वाली ऊर्जा की बचत का उपयोग आराम, मरम्मत और वृद्धि जैसी अन्य चीजों पर हुआ होगा। चबाने में मनुष्यों द्वारा खर्च होने वाली ऊर्जा गणना से अन्य होमिनिड्स के विकास के बारे में भी एक झलक मिल सकती है। मसलन 20 लाख से 40 लाख साल पूर्व रहने वाले ऑस्ट्रेलोपिथेकस के दांत आधुनिक मनुष्यों की तुलना में चार गुना बड़े थे और उनके जबड़े विशाल थे। वे चबाने में अधिक ऊर्जा लगाते होंगे। अन्य शोधकर्ता इस बात से सहमत नहीं है कि सिर्फ ऊर्जा की बचत ने जबड़ों और दांत के विकास का रुख बदला। इसमें अधिक महत्वपूर्ण भूमिका अन्य कारकों की हो सकती है, जैसे ऐसे आकार के जबड़े विकसित होना जो दांतों के टूटने या घिसने की संभावना कम करते हों। प्रा तिक चयन में संभवतरू ऊर्जा दक्षता की तुलना में दांतों की सलामती को अधिक तरजीह मिली होगी, क्योंकि दांतों के बिना भोजन खाना मुश्किल है, और ऊर्जा मिलना भी।

...स्रोत फीचर्स

# न्याय की कछुआ चाल और बढ़ते महिला अपराध

**योगेश कुमार गोयल**






प्रतिवर्ष 8 मार्च को महिलाओं के प्रति सम्मान प्रदर्शित करने और उनके अधिकारों पर चर्चा करने के लिए 'अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस' मनाया जाता है। 8 मार्च 1975 से ही दुनियाभर में यह दिवस प्रतिवर्ष अलग-अलग थीम के साथ मनाया जा रहा है। इस दिन महिलाओं के सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक अधिकारों के संबंध में चर्चा करते हुए उनकी प्रगति के विविध पहलुओं पर भी विमर्श किया जाता है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के लिए इस साल की थीम है 'अधिकार, न्याय और कार्रवाई सभी महिलाओं और लड़कियों के लिए', जो महिलाओं के लिए नए अवसर सृजित करने और लैंगिक समानता को तेजी से लागू करने पर केंद्रित है। संयुक्त राष्ट्र महिला के अनुसार दुनिया कई संकटों का सामना कर रही है, जिसमें भू-राजनीतिक संघर्षों से लेकर गरीबी के बढ़ते स्तर और जलवायु परिवर्तन के बढ़ते प्रभाव शामिल हैं। इन चुनौतियों का समाधान केवल महिलाओं को सशक्त बनाने वाले समाधानों से ही किया जा सकता है। महिलाओं में निवेश करके हम बदलाव ला सकते हैं और सभी के लिए एक स्वस्थ, सुरक्षित और अधिक समान दुनिया की दिशा में बदलाव को गति दे सकते हैं।

पिछले 50 वर्षों से प्रतिवर्ष अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर महिला दिवस का आयोजन किया जा रहा है लेकिन महिलाओं के प्रति अपराधों के दृष्टिकोण से देखें तो चिंता की बात यही है कि इतने वर्षों में भी महिलाओं की स्थिति में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ है। जब हम महिलाओं के साथ लगातार सामने आती अपराधों की घटनाओं को देखते हैं तो सिर शर्म से झुक जाता है। वर्तमान सदी को महिलाओं के लिए समानता सुनिश्चित करने वाली सदी बनाने का आग्रह करते हुए संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुतारेस कह चुके हैं कि न्याय, समानता तथा मानवाधिकारों के लिए लड़ाई तब तक अधूरी है, जब तक महिलाओं के साथ लैंगिक भेदभाव जारी है। हालांकि महिलाएं आज विभिन्न क्षेत्रों में सफलता के झंडे गाड़ रही हैं किन्तु दूसरी ओर यह भी कटु सत्य है कि महिला सुरक्षा के लाख दावों के बावजूद उनके साथ अत्याचार के मामलों में कमी नहीं आ रही है। संयुक्त राष्ट्र महिला के आंकड़ों के अनुसार विश्वभर में 15-19 आयु वर्ग की करीब डेढ़ करोड़ किशोर लडकियां जीवन में कभी न कभी यौन उत्पीड़न का शिकार होती हैं, करीब 35 फीसदी महिलाओं और लड़कियों को अपने जीवनकाल में शारीरिक एवं यौन हिंसा का सामना करना पड़ता है, हिंसा की शिकार 50 फीसदी से अधिक महिलाओं की हत्या उनके परिजनों द्वारा ही की जाती है, वैश्विक स्तर पर मानव तस्करी के शिकार लोगों में 50 फीसदी व्यस्क महिलाएं हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार प्रतिदिन तीन में से एक महिला किसी न किसी प्रकार की शारीरिक हिंसा का शिकार होती है। एक चौंकाने वाले अध्ययन में 78.4 फीसदी महिलाओं ने स्वीकार किया कि उन्होंने सार्वजनिक स्थल हिंसा झेली है। करीब 68 फीसदी महिलाओं ने माना कि उन्होंने सार्वजनिक परिवहन में सफर करते समय हिंसा का अनुभव किया और इनमें से 38.5 फीसदी महिलाएं ऐसी हिंसा चुपचाप सह गई क्योंकि उन्हें पता ही नहीं था कि उन्हें क्या करना है। महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराधों को इसी से समझा जा सकता है कि महिला सुरक्षा के लिए बने तमाम कानूनों के बावजूद अपराधियों के हौंसले इतने बुलंद हैं कि वे महिला पुलिसकर्मियों तक से छेड़छाड़ और उन पर हमला करने से भी नहीं डरते।

समूची मानवता को शर्मसार करती महिलाओं के साथ अपराध की घटनाएं सिस्टम पर भी गंभीर सवाल खड़े करती हैं। बहुत से मामले ऐसे होते हैं, जिनकी चर्चा राष्ट्रीय स्तर पर नहीं हो पाती और उनमें से अधिकांश मामले इसी का फायदा उठाकर दबा दिए जाते हैं तथा पीड़िताएं और उनके परिवार भय के साए में घुट-घुटकर जीने को विवश होते हैं। वर्ष 2012 में निर्भया कांड के बाद देशभर में सड़कों पर महिलाओं के आत्मसम्मान के प्रति जिस तरह की जन-भावना और युवाओं का तीखा आक्रोश देखा गया था, तब लगने लगा था कि समाज में इससे संवदेनशीलता बढ़ेगी और ऐसे कृत्यों में लिप्त असामाजिक तत्वों के हौंसले पस्त होंगे लेकिन यह सामा. जिक विडम्बना ही है कि समूचे तंत्र को झकझोर देने वाले निर्भया कांड के बाद भी हालात बदतर ही हुए हैं। ऐसी कोई भी वीभत्स घटना सामने आने के बाद हर बार एक ही सवाल खड़ा होता है कि आखिर भारतीय समाज में कब और कैसे मिलेगी महिलाओं को सुरक्षा? कब तक महिलाएं घर से बाहर कदम रखने के बाद इसी प्रकार भय के साए में जीने को विवश रहेंगी? चिंता की बात यह है कि महिला अपराधों के मामलों में साल दर साल स्थिति बदतर होती जा रही है और अपराधियों को सजा मिलने की दर बेहद कम है।

कानून व्यवस्था और न्याय प्रणाली में ढ़ीलेपन का ही नतीजा है कि समाज में महिलाओं के प्रति अपराधियों के हौंसले बुलंद नजर आते हैं। अहम प्रश्न यही है कि निर्भया कांड के बाद कानूनों में सख्ती, महिला सुरक्षा के नाम पर कई तरह के कदम उठाने और समाज में आधी दुनिया के आत्मसम्मान को लेकर बढ़ती संवेदनशीलता के बावजूद आखिर ऐसे क्या कारण हैं कि बलात्कार के मामले हों या छेड़छाड़ अथवा मर्यादा हनन या फिर अपहरण अथवा क्रूरता, 'आधी दुनिया' के प्रति अपराधों का सिलसिला थम नहीं रहा?

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# लंबी जंग लड़ने के लिए ईरान पूरी तरह तैयार

## IRGC ने दी अमेरिका-इजरायल को नए हथियारों की चेतावनी, कहाः मिलेगी दर्दनाक चोट

**तेहरान।** अमेरिका-इजरायल की ईरान के साथ जंग का आज सातवां दिन है। इस बीच गुरुवार रात को ईरान ने इजरायल पर कई बैलिस्टिक मिसाइलें दागी, जिसमें क्लस्टर बम लगे थे। इस बीच ईरान ने साफ कर दिया है कि वह एक 'लंबी लड़ाई' के लिए पूरी तरह से तैयार है।

इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड्स कार्प्स (आईआरजीसी) के प्रवक्ता ने चेतावनी दी है कि ईरान जल्द ही ऐसे उन्नत हथियार पेश करने वाला है, जिनका अभी तक जंग में बड़े पैमाने पर इस्तेमाल नहीं किया गया है। आईआरजीसी के ब्रिगेडियर जनरल अली मोहम्मद नैनी ने एक बयान में कहा कि ईरान के दुश्मनों को 'आने वाली हमलों की नई लहर में दर्दनाक प्रहारों' के लिए तैयार रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि ईरान की नई पहलें और हथियार रास्ते में हैं। यह बयान ईरान की सैन्य तैयारी और भविष्य की रणनीतियों को दर्शा रहा है। प्रवक्ता ने इस बात पर जोर दिया कि ये नई टेक्नोलाजी अभी तक बड़े पैमाने पर तैनात नहीं की गई हैं। इससे यह संकेत मिलता है कि ईरान के पास ऐसे सैन्य संसाधन हैं, जिनका खुलासा अभी तक नहीं किया गया है। ऐसे में अब ईरान उनका इस्तेमाल संघर्ष में एक नया मोड़ लाने के लिए कर सकता है।



■ संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार प्रमुख ने ईरान के स्कूल में हुए हमले की जल्द जांच कराने की अपील की

नैनी ने यह भी कहा कि ईरान पिछले साल अमेरिका और इजरायल द्वारा शुरू किए गए 12-दिवसीय युद्ध की तुलना में अब अधिक तैयार है। उन्होंने वर्तमान सैन्य टकराव को 'पवित्र और वैध युद्ध' बताया, जो ईरान के अपने बचाव के दृढ़ संकल्प को दर्शाता है। ईरान के हमले में कुवैत के 67 जवान घायल हो गए हैं। वहीं सैकड़ों मिसाइलें और ड्रोन टारगेट पर पहुंचने से पहले ही नष्ट कर दिए हैं। कुवैत के सरकारी संचार केंद्र की एक ब्रीफिंग में शुक्रवार को रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी। रक्षा मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता सऊद अल-अतवान ने कहा कि घायल लोगों का अस्पताल में इलाज जारी है और उनकी हालत स्थिर है। उन्होंने आगे कहा कि दो लोगों को अभी भी मेडिकल निगरानी में रखा गया है। ईरान ने इजरायल पर क्लस्टर बम गिराए हैं। जिसका वीडियो सामने आया है। गुरुवार रात कई बैलिस्टिक मिसाइलें दागी गई। रिपोर्ट्स के मुताबिक इनमें क्लस्टर बम लगे थे। रिपोर्ट्स के मुताबिक बैलिस्टिक मिसाइलें जब जमीन की तरफ गिरती है तो उसका वारहेड ऊपर ही हवा में ही खुल जाता है और 20 से ज्यादा छोटे बम अलग-अलग होकर नीचे गिरते हैं। जिसको काबू करना आसान नहीं होता। वहीं संयुक्त राष्ट्र के मानवाधिकार प्रमुख वोल्कर तुर्क ने ईरान के स्कूल में हुए हमले की जल्द जांच कराने की अपील की। इस हमले में 175 लोगों की मौत हो गई थी। तुर्क ने जिनेवा में पत्रकारों से बातचीतमें कहा कि अमेरिका ने इस हमले की जांच की घोषणा की है। संयुक्त राष्ट्र चाहता है कि यह जांच जल्द, पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से पूरी की जाए। उन्होंने जोर देकर कहा कि जांच तेजी से होनी चाहिए। इसके साथ ही हमले के लिए जिम्मेदार लोगों की जवाबदेही तय होनी चाहिए। पीड़ितों को न्याय और उचित मुआवजा भी मिलना चाहिए। इस बीच, अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कहा कि अमेरिका मिनाब में हुए इस हमले की जांच कर रहा है।



**जम्मू-कश्मीर। बडगाम में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या के विरोध में प्रदर्शन के दौरान उनकी तस्वीरें लिए खड़ी महिलाएं।**

### अलगाववादी कुर्द समूहों ने ईरान में प्रवेश किया, तो सारे ठिकाने तबाह कर दिए जाएंगेः ईरान

**तेहरान।** ईरान के एक वरिष्ठ सैन्य अधिकारी ने इराक के कुर्द अलगाववादी समूह को चेतावनी दी है कि अगर वे ईरान में प्रवेश करने का प्रयास करेंगे तो कुर्दिस्तान में उनकी सभी सुविधाओं को निशाना बनाया जाएगा। रक्षा परिषद में ईरानी सर्वोच्च नेता के प्रतिनिधि अली अकबर अहमदीन ने यह टिप्पणी उन खबरों के बीच की है, जिनमें कहा गया है कि अमेरिका ईरान-इराक सीमा के पास पहाड़ी क्षेत्रों में स्थित कुर्द और ईरानी अलगाववादी समूहों का उपयोग उसके खिलाफ जमीनी हमले के लिए करना चाहता है।

## संक्षिप्त समाचार

### कतर में भारतीय दूतावास ने जारी की एडवाइजरी

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में संघर्ष के बीच दोहा में भारतीय दूतावास ने अपने नागरिकों के लिए वीजा, ट्रांजिट और और सऊदी अरब के बाहर यात्रा को लेकर जानकारी दी। दूतावास ने आज एक एडवाइजरी में बताया कि कतर में ट्रांजिट के दौरान फंसे भारतीय नागरिकों के लिए एक पंजीकरण लिंक खोला गया है। इस लिंक के जरिये उन्हें सऊदी अरब के लिए अस्थायी ट्रांजिट वीजा हासिल करने में मदद मिलेगी। दूतावास ने कहा कि यह सुविधा केवल उन भारतीय नागरिकों के लिए है, जो इस समय कतर में ट्रांजिट के दौरान फंसे हुए हैं और जिनके पास सऊदी अरब से आगे यात्रा के लिए कन्फर्म टिकट हैं।

### आर्थिक मुद्दों पर रूस-अमेरिका के बीच चर्चाः रयाबकोव

**मॉस्को।** रूस और अमेरिका आर्थिक मुद्दों पर गठित कार्य समूह के तहत संयुक्त फंड बनाने की संभावनाओं पर चर्चा कर रहे हैं। यह बातचीत गोपनीय तरीके से चल रही है। रूस के उप विद. ेश मंत्री सर्गेई रयाबकोव ने स्पुतनिक से बातचीत में कहा कि इस प्रारूप में हो रही बातचीत गोपनीय है और इसमें संयुक्त फंड बनाने तथा अन्य द्विपक्षीय परियोजनाओं को लागू करने की संभावनाओं पर विचार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस संवाद में अन्य बातों के साथ संयुक्त फंड स्थापित करने और विभिन्न द्विपक्षीय परियोजनाओं को आगे बढ़ाने के विकल्पों पर चर्चा हो रही है।

### रूस के सोची शहर में 4.5 तीव्रता का भूकंप कोई नुकसान नहीं

**सोची।** रूस में काला सागर के तट पर स्थित शहर सोची में शुक्रवार तड़के 4.5 तीव्रता का भूकंप महसूस किया गया। हालांकि स्थानीय प्रशासन के अनुसार इस भूकंप से किसी तरह के नुकसान या जनहानि की सूचना नहीं है। शहर के मेयर आंद्रेई प्रोशुनिन ने बताया कि भूकंप के झटके सुबह महसूस किए गए। उन्होंने अपने टेलीग्राम संदेश में कहा, षरिक्टर पैमाने पर 4.5 तीव्रता का भूकंप आज सुबह सोची में आया।

### अनिता शुक्ला इक्वाडोर की राजदूत नियुक्त

**नई दिल्ली।** भारतीय विदेश सेवा की वरिष्ठ अधिकारी अनिता शुक्ला को इक्वाडोर में भारत में का अगला राजदूत नियुक्त किया गया है जबकि फिजी में उच्चायुक्त सुनीत मेहता को टोंगा के उच्चायुक्त का भी प्रभार दिया गया है। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि सुशुक्ला अभी मंत्रालय में संयुक्त सचिव के पद पर कार्यरत हैं और उनके शीघ्र ही इक्वाडोर में भारत के राजदूत का कार्यभार संभालने की संभावना है। वर्ष 2007 बैच के अधिकारी मेहता अभी फिजी में भारत के उच्चायुक्त हैं।

### ईरानी उप विदेश मंत्री डॉ. सईद ने दिखाया डोनाल्ड ट्रम्प को आईना

# न्यूयॉर्क का मेयर चुन नहीं सकते, तेहरान पर कर रहे दावा

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में अमेरिका और इजरायल के साथ बढ़ते संघर्ष के बीच ईरान के उप-विदेश मंत्री डा. सईद खतीब. जादेह ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है।

दिल्ली में रायसीना डायलाग 2026 में बोलते हुए उन्होंने कहा कि तेहरान के पास आक्रामक शक्तियों के खिलाफ जहां से भी अमेरिकी हमले शुरू हो रहे हैं, उन्हें निशाना बनाने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। इसी के साथ उन्होंने ट्रम्प पर ईरान के नए सुप्रीम नेता को लेकर दिए बयान पर भी करार हमला बोला। डा. खतीब. जादेह ने स्पष्ट किया कि अमेरिका और इजरायल की संयुक्त कार्रवाई ईरान के अस्तित्व को समाप्त करने की एक सोची-समझी साजिश है। उन्होंने इस संघर्ष को 'वीरतापूर्ण, राष्ट्रवादी युद्ध' बताया, जिसका उद्देश्य आक्रामक शक्तियों को पीछे धकेलना है। उन्होंने जोर देकर कहा कि ईरान को अपनी रक्षा के लिए कड़े कदम उठाने होंगे। उप विदेश मंत्री डा. सईद खतीबजादेह ने ट्रम्प पर निशाना साधते हुए कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति ईरान में नेतृत्व परिवर्तन की मांग कर रहे हैं, जबकि वे न्यूयॉर्क के मेयर की नियुक्ति तक नहीं कर सकते। क्या आप इस औपनिवेशिक रवैये की कल्पना कर सकते हैं? एक ओर वे अपने देश में लोकतंत्र देखना चाहते हैं, वहीं दूसरी ओर वे ईरान के लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित राष्ट्रपति को पद से हटाना चाहते हैं। ईरान के उप-विदेश मंत्री ने अमेरिका और इजरायल की कार्रवाइयों को अंतर्राष्ट्रीय कानूनों और मानदंडों के खिलाफ बताया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ईरान की ओर से किसी भी प्रकार का उकसावा नहीं हुआ था। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर अमे. रिका और इजरायल ने ईरान के खिलाफ यह आक्रामकता क्यों शुरू की, और कहा कि अमेरिकी प्रशासन से इस सवाल का जवाब अलग-अलग मिलेगा। उन्होंने इस आक्रामकता के पीछे 'सत्ता की राजनीति और 'ग्रेटर इजरायल' के भ्रम' को जिम्मेदार ठहराया। खतीबजादेह ने कहा कि अमेरिका ने ईरान के अस्तित्व को समाप्त करने का फैसला किया है, जबकि इजरायल दशकों से 'ग्रेटर इजरायल' के अपने भ्रम के कारण इसका वादा करता रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि ईरान के पास फारस की खाड़ी क्षेत्र में अमेरिकी उपस्थिति को समाप्त करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है।



■ अमेरिका और इजरायल की संयुक्त कार्रवाई ईरान के अस्तित्व को समाप्त करने की एक सोची-समझी साजिशः सईद

### कुवैत में ईरानी हमलों में अब तक 67 सैनिक घायल

**कुवैत सिटी।** ईरानी हमले में अब तक कुवैत में कुवैत सशस्त्र बल के 67 सैनिक घायल हो गए हैं। कुवैत के रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। रक्षा मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता सऊद अल-अतवान ने एक बयान में कहा कि घायल सैनिकों का इलाज चल रहा है और उनकी स्थिति स्थिर है। अल-अतवान ने कहा कि कुवैती सशस्त्र बल हाई अलर्ट पर हैं। सैन्य और सुरक्षा अधिकारियों के साथ-साथ अन्य सरकारी संस्थानों के समन्वय में चौबीसों घंटे स्थिति की निगरानी की जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि ए उपाय देश की सुरक्षा और नागरिकों एवं निवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बनाई गई व्यापक राष्ट्रीय प्रणाली का हिस्सा हैं।

# ईरान मेरे बिना सुप्रीम लीडर न चुनेः ट्रम्प

**वॉशिंगटन/तेहरान।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि वह ईरान के अगले सर्वोच्च नेता के चयन की प्रक्रिया में भूमिका निभाना चाहते हैं। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि अमेरिका और इजरायल ऐसे किसी उत्तराधिकारी को स्वीकार नहीं करेंगे जो दिवंगत नेता अली खामेनेई की नीतियों को जारी रखे। रिपोर्टों के अनुसार ट्रम्प ने कहा है कि ईरान में नेतृत्व परिवर्तन भविष्य के अमेरिका-ईरान संबंधों को तय करने में अहम भूमिका निभाएगा।

उन्होंने यह भी दावा किया कि उनके पास ऐसे संभावित उम्मीदवारों के बारे में जानकारी है जिन्हें वह 'अच्छा नेता' मानते हैं। एक साक्षात्कार में ट्रम्प ने दिवंगत अयातुल्ला खामेनेई के बेटे मोजतबा खामेनेई को संभावित उत्तराधिकारी के रूप में खारिज करते हुए कहा कि खामेनेई का बेटा हल्का नेता है। मुझे नियुक्ति प्रक्रिया में शामिल होना होगा। उन्होंने वेनेजुएला का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां सत्ता परिवर्तन के बाद डेल्सी रोड्रिगेज के नेतृत्व से अमेरिका को रणनीतिक लाभ मिला और वह ईरान में भी ऐसा ही परिणाम देखना चाहते हैं। ईरान में सर्वोच्च नेता के चयन की संवैधानिक प्रक्रिया धार्मिक विद्वानों की संस्था विशेषज्ञों की सभा के माध्यम से होती है। यह नए नेता की नियुक्ति करती है। इस बीच, ट्रम्प ने दावा किया कि ईरान ने युद्ध खत्म करने के लिए एक समझौता करने की उम्मीद में संपर्क किया है। सीएनएन ने बताया कि ईरानी इंटेलिजेंस अमे. रिका के साथ युद्ध खत्म करने पर बातचीत कर रही है, लेकिन अमे. रिकी अधिकारियों का कहना है कि कोई बातचीत नहीं चल रही है और निकट भविष्य में संभावित 'बाहर निकलने का रास्ता' बनने की उम्मीद कम है। इसी बीच कुछ मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि युद्ध समाप्त करने के विकल्पों पर ईरान और अमेरिका के बीच अप्रत्यक्ष संपर्क की संभावना पर चर्चा हो रही है। हालांकि अमेरिकी अधिकारियों ने औपचारिक वार्ता से इनकार किया है।



■ अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहाः सिलेक्शन में अमेरिका का रोल जरूरी खामेनेई का बेटा मंजूर नही

### हूती समूह ने ईरान को समर्थन देने की घोषणा की

**साना।** यमन के हूती समूह के नेता अब्दुल मलिक अल-हूती ने कहा है कि वे ईरान के साथ खड़े हैं और जरूरत पड़ने पर कार्रवाई के लिए पूरी तरह तैयार हैं। हूती नियंत्रित 'अल-मसीरा' टीवी चैनल पर प्रसारित एक टेलीविजन भाषण में मलिक ने गुरुवार को कहा कि अगर घटनाक्रम की मांग हुई, तो किसी भी क्षण हमारी उंगलियां ट्रिगर पर होंगी। उन्होंने इसे केवल किसी एक पक्ष के संघर्ष के बजाय 'पूरे देश की लड़ाई' बताया है। हुती नेता ने कहा कि इजरायल और उसके तमाम साथियों का इरादा बिना किसी नियंत्रण, प्रतिबंध या प्रतिबद्धता के देश के स्वतंत्र लोगों के खिलाफ खुली जंग छेड़ना है। मलिक ने चेतावनी दी कि 'दुश्मन' ठिकानों की एक सूची तैयार कर रहा है और कुछ अरब देशों से वित्तीय सहायता मांग रहा है तथा हथियारों का जखीरा जमा कर रहा है। उन्होंने अपने समर्थकों से शुक्रवार को एक साथ आने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इस संवेदनशील समय में एक महत्वपूर्ण संदेश होगा और इसका उद्देश्य ईरानी जनता के प्रति यमनी लोगों के पूर्ण समर्थन की पुष्टि करना है। इससे पहले गुरुवार को, यमन के लिए संयुक्त राष्ट्र के विशेष दूत हैंस ग्रंडबर्ग ने यमन को क्षेत्रीय टकरावों के एक नए चक्र में घसीटे जाने से बचाने के महत्व

# पश्चिम एशिया संकट के मद्देनजर दक्षिण कोरिया यूएई से 60 लाख बैरल तेल खरीदेगा

**सोल।** दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति कार्यालय के प्रमुख कांग हून-सिक ने शुक्रवार को कहा कि पश्चिम एशिया में चल रहे संकट और होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर जहाजों के आवागमन में व्यवधान के मद्देनजर दक्षिण कोरिया संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से 60 लाख बैरल कच्चे तेल की आपातकालीन आपूर्ति करेगा।

कांग ने कहा कि स्थिर ऊर्जा आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रपति ली जे-म्युंग की ओर से यूएई अधिकारियों के साथ हुई चर्चा के दौरान इसे अंतिम रूप प्रदान किया गया। कांग ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि राष्ट्रपति की ओर से हमने यूएई नेतृत्व के साथ तेल आयात को सुरक्षित करने के उपायों पर चर्चा की जिसमें 60 लाख बैरल की आपातकालीन आपूर्ति की पुष्टि हो गई। अधिकारी ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य प्रभावी रूप से बंद है और कई टैंकर मार्ग की मंजूरी का इंतजार कर रहे हैं।

■ राष्ट्रपति की ओर से हमने यूएई नेतृत्व के साथ तेल आयात को सुरक्षित करने के उपायों पर चर्चा की

उन्होंने कहा कि दक्षिण कोरिया के आयातित तेल का लगभग 70 प्रतिशत हिस्सा इसी जलडमरूमध्य से होकर गुजरता है इसलिए सरकार ने तेल एवं गैस संकट के खतरे का स्तर बढ़ाकर 1 यानि 'सतर्क' कर दिया है। कांग ने कहा कि इस समझौते के अंतर्गत दक्षिण कोरिया के दो टैंकर जिनमें से प्रत्येक की क्षमता 20 लाख बैरल है बारी-बारी से यूएई के बंदरगाहों पर माल भरने के लिए रवाना होंगे और जलडमरूमध्य को बाईपास करेंगे। उन्होंने कहा कि यूएई की सरकारी तेल कंपनी बंदरगाह के भंडारण से लगभग 40 लाख बैरल तेल स्थानांतरित करेगी जिसके बाद जहाज दक्षिण कोरिया लौट आएंगे। इसके अलावा, अधिकारी ने कहा कि संयुक्त अरब अमीरात ने दक्षिण कोरिया के संयुक्त रणनीतिक भंडारण से 20 लाख बैरल तेल देने का वादा किया है। इस प्रकार, 60 लाख बैरल की आपातकालीन आपूर्ति से ऊर्जा आपूर्ति एवं ईंधन बाजारों में स्थिरता आने की उम्मीद है, जो दो दिनों से अधिक की राष्ट्रीय खपत के बराबर है।

# देवदूत बनीं भारतीय नर्सें, संघर्ष के साये में निभा रहीं कर्तव्य

**कुवैत।** पश्चिम एशिया में ज्यादातर देशों में संघर्ष का साया छाया हुआ लेकिन ऐसे समय में भी भारतीय नर्सों की सेवा और समर्पण में कोई कमी नहीं आई है। इनका काम राजनीतिक या सैन्य तनाव के बावजूद हमेशा की तरह बदस्तूर जारी है। 1990 के दशक का कुवैत युद्ध हो, 2003 का इराक युद्ध, सीरिया या मिस्र के गृह युद्ध या पश्चिम एशिया में जारी मौजूदा संघर्ष, भारतीय नर्सें हमेशा देवदूत बनकर अपना कर्तव्य निभाती रही हैं।

इसकी मिसाल कुवैत शहर से करीब 32 किलोमीटर पश्चिम में इराक सीमा के पास भट्टी की तरह तप रहे अल जाहरा में दिख जाता है। इस जगह को धरती पर सबसे गर्म जगहों में एक माना जाता है और यहां का तापमान 53 डिग्री सेल्सियस से भी अधिक हो जाता है। केरल की एक नर्स जैसमीन थॉमस (बदला हुआ नाम) अपने भारतीय साथियों के साथ अल जाहरा के एक छोटे से क्लिनिक में आम दिनों की तरह काम कर रही थी। कुछ ही घंटों बाद क्लिनिक के ऊपर आसमान में मिसाइलें और ड्रोन उड़ते नजर आने लगे। देखते-देखते रुक-रुक कर धमाके होने लगे। धमाकों की तीव्रता बढ़ने पर जैसमीन और उनके साथी भागकर अपने हास्टल में शरण लेते हैं। हास्टल में वे सब हालात के सामान्य होने का इंतजार करते रहे। कर्तव्य और अपनी सुरक्षा के बीच संतुलन बनाने की मशक्कत करते हुए जैसमीन और उनके साथी सोमवार को फिर से अपने काम पर लौट आएं लेकिन इस बार क्लिनिक में वे सब थे लेकिन मरीज नहीं। यह घटना भारतीय नर्सों के साहस, धैर्य और जिम्मेदारी को दिखाता है। ये ऐसी विशेषता है जो इस क्षेत्र में काम करने वाली भारतीय नर्सों को अन्य लोगों से अलग पहचान दिलाती है। जैसमीन और ईरान में फंसी केरल की एक नर्स के अलावा ज्यादातर नर्सों ने कहा कि हम सुरक्षित हैं। संयुक्त अरब अमीरात में कार्यरत एक भारतीय स्वास्थ्यकर्मी ने कहा कि हमें बीच-बीच में चेतावनी सायरन सुनाई देते हैं लेकिन इसके अलावा अभी कोई खतरा महसूस नहीं हुआ है। अस्पताल सामान्य तरीके से काम कर रहे हैं। सरकार हमलों को रोक रही है। कुवैत में कार्यरत एक नर्स ने भी यही बात कही और कहा कि अभी भारतीय प्रवासियों के लिए चिंता की कोई वजह नहीं है। कई लोगों के लिए, मैसेज एक जैसा है। सऊदी अरब में कार्यरत एक अन्य नर्स ने कहा कि हम पूरी तरह से सुरक्षित हैं। मीडिया के कुछ हिस्सों में जैसा दिखाया जा रहा है, उसके उलट। ड्रोन हमले हो रहे हैं, लेकिन देश अपना बचाव कर रहा है और हमारी सुरक्षा सुनिश्चित कर रहा है।

■ कुछ ही घंटों बाद क्लिनिक के ऊपर आसमान में मिसाइलें और ड्रोन उड़ते नजर आने लगे, देखते-देखते रुक-रुक कर धमाके होने लगे



### सैन्य संघर्ष अब आक्रामक और विनाशकारी चरण में

# ईरान पर हमले का सातवां दिन

**तेहरान।** अमेरिका और इजरायल की ओर से ईरान पर छेड़े गए युद्ध के सातवें दिन हवाई हमले काफी तेज हो गए हैं। यह सैन्य संघर्ष अब एक ऐसे आक्रामक और विनाशकारी चरण में प्रवेश कर चुका है जहां सैन्य ठिकानों के साथ-साथ नागरिक संपत्तियों को भी व्यापक स्तर पर निशाना बनाया जा रहा है।


आइए इस युद्ध के ताजा जमीनी हालात, आंकड़ों पर आधारित विश्लेषण, क्षेत्रीय प्रभाव और भविष्य के आउटलुक को सवाल-जवाब के जरिए विस्तार से समझते हैं। ईरान की राजधानी तेहरान और अन्य प्रमुख शहरों पर हवाई हमलों की एक नई और भयंकर लहर शुरू हो गई है। तेहरान विश्वविद्यालय के आसपास और आवासीय क्षेत्रों सहित कई स्थानों पर रात भर बड़े विस्फोट हुए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, तेहरान के पूर्वी और दक्षिण-पूर्वी हिस्सों में बमबारी पहले के दिनों के मुकाबले कहीं अधिक तीव्र रही है। इसके अलावा, शिराज, इस्फ़हान और मिसाइल ठिकानों वाले करमनशाह में भी भारी विस्फोटों की सूचना मिली है। शिराज के जीबाशहर इलाके में हुए एक बड़े हमले में 20 लोगों की जान चली गई और 30 अन्य घायल हो गए। गठबंधन सेनाओं ने ईरान के शासन के बुनियादी ढांचे को निशाना बनाते हुए युद्ध के एक नए चरण की शुरुआत की है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकाम) के प्रमुख एडमिरल ब्रैड कूपर के अनुसार, बी-2 स्टील्थ बाम्बर्स ने ईरान के भीतर गहराई में स्थित बैलिस्टिक मिसाइल लान्चर्स को नष्ट करने के लिए दर्जनों 2000 पाउंड के 'पेनिट्रेटर' बम गिराए हैं। अमेरिका ने ईरान की 'स्पेस कमांड' के समकक्ष ठिकानों पर भी सटीक हमला किया है ताकि उनकी क्षमता को कमजोर किया जा सके। इसके समानांतर, इजरायल की वायु सेना ने 6 ईरानी मिसाइल लान्चर्स और तीन उन्नत रक्षा प्रणालियों को नष्ट करने का दावा किया है। अमेरिकी रक्षा सचिव पीट हेगसेथ ने संकेत दिया है कि बमबारी में भारी वृद्धि होने वाली है, जिसके तहत आगे 'अधिक फाइटर स्क्वाड्रन' और 'अधिक बाम्बर पल्स' का इस्तेमाल किया जाएगा। ईरान में मानवीय संकट के आंकड़े चिंताजनक हैं। ईरानी रेड क्रिसेंट के अनुसार, अब तक मरने वालों की कुल संख्या 1332 के पार पहुँच गई है। सबसे दुखद यह है कि इनमें 181 बच्चे शामिल हैं। यूनिसेफ के अनुसार, 175 बच्चे युद्ध के पहले दिन मीनाब में एक लड़कियों के प्राथमिक स्कूल पर हुए हमले में मारे गए थे।



■ अब तक 1332 मौतें, करीब 3643 सार्वजनिक संपत्तियां खाक

### विदेशी मुद्रा भंडार 728.494 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर

**मुंबई।** स्वर्ण भंडार में तेज उछाल से देश का विदेशी मुद्रा भंडार 27 फरवरी को समाप्त सप्ताह में 4.885 अरब डॉलर बढ़कर 728.494 अरब डॉलर के रिकॉर्ड उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। इससे पहले 20 फरवरी को समाप्त सप्ताह में यह 2.119 अरब डॉलर घटकर 723.608 अरब डॉलर रह गया था। रिजर्व बैंक के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, 27 फरवरी को समाप्त सप्ताह में देश के स्वर्ण भंडार में 4.141 अरब डॉलर की वृद्धि हुई और सप्ताहांत पर यह 131.63 अरब डॉलर पर रहा जो चार सप्ताह का उच्चतम स्तर है। विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति में 56.1 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी रही और यह 573.125 अरब डॉलर हो गया। इसमें अमेरिका डॉलर के अलावा यूरो, जापानी येन और ब्रितानी पाउंड भी शामिल हैं जिनके मूल्य का निर्धारण डॉलर की तुलना में उनके संदर्भ दर के आधार पर होता है। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 15.8 करोड़ डॉलर और विशेष आहरण अधिकार 2.6 करोड़ डॉलर बढ़ा तथा क्रमशः 4.873 अरब डॉलर और 18.866 अरब डॉलर हो गया।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108